खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➞ jabdesh1@yahoo.com



सप्तम दिवस मां कालरात्रि

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 05 अप्रैल 2025 | वर्ष –69 | अंक –140 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ कैसे जीवन यापन करते...
■ चिंताजनक है ग्रामीण... 04
■ मस्क की कंपनी एक्स पर चलेगा यूरोपीय...
■ दूसरे विश्व युद्ध की तरह, डोनाल्ड ट्रंप के... 09
■ बाजार में मचा हाहाकार, निवेशकों को...
■ अब इतने रुपए से ज्यादा नहीं खरीद सकते... 11
■ टीम को आगे ले जाएगा..
■ हितेश फाइनल में... 10

## आईपीएल में आज




चेन्नई विरुद्ध
दिल्ली (चेन्नई)
3.30 दोपहर से

पंजाब विरुद्ध
राजस्थान (चंडीगढ़)
7.30 शाम से

### वक्फ संशोधन बिल के दोनों सदनों में पास होते ही ..

# पूरे देश में विरोध-समर्थन की लहर.. सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

*नई दिल्ली, (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के बाद विरोध और समर्थन में पूरे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर रही ।*

*गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टी बांधी हुई थी। दूसरी ओर केरल के एर्नाकुलम सहित अन्य स्थानों पर इस बिल का समर्थन भी किया जा रहा है। वहीं अब मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। बिहार के कांग्रेस सांसद ने इसे देश की शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।*






## 50 लोगों को हिरासत में लिया

अहमदाबाद में भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

## यह बिल वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा : मुख्यमंत्री

**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वक्फ (संशोधन) बिल-2025' के लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी सभी वर्गों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं, इसी का परिणाम है कि वक्फ (संशोधन) बिल-2025 लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित हुआ। यह बिल वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। साथ ही इस बिल से गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के हितों की रक्षा होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में महिलाएं निरंतर सशक्त हो रही हैं। यह विधेयक मुस्लिम महिलाओं सहित संपूर्ण समाज को और अधिक सशक्त करेगा तथा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त होगा।



### डॉ. यादव ने बहुमत से पारित होने पर दी बधाई

उन्होंने कहा कि यह बिल निश्चित ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर वक्फ संपत्तियों में होने वाली वित्तीय गड़बड़ियों और अवैध कब्जों पर लगाम लगाकर राज्यों के वक्फ बोर्ड के राजस्व में वृद्धि करेगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करता यह महत्वपूर्ण कदम नए, सशक्त और विकसित भारत की ओर एक नया मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## कांग्रेस सांसद ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को पहली याचिका भी दायर हो गई है। बिहार की किशनगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने यह याचिका दाखिल की है। सांसद ने वक्फ कानून में हाल ही में किए गए बदलाव को चुनौती देते हुए इसे मुस्लिम समुदाय के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है।

## योगी सरकार ने दिए अवैध संपत्ति जब्त करने के आदेश

वक्फ संशोधन बिल पास होते ही योगी सरकार ने वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध रूप से घोषित संपत्तियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया शुरू कर दिया है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अभियान चलाकर ऐसी वक्फ संपत्तियों की पहचान करें जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हैं और जिन्हें नियमों के विरुद्ध वक्फ घोषित किया गया है। इन संपत्तियों को चिन्हित कर आगे जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### मायावती ने भी सवाल उठाए

## सरकार इसे जल्दबाजी में लाई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ संशोधन बिल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसको लाने में जल्दबाजी की है। इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी संदेहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता।

## नीतीश को झटके पर झटका, अब तक 7 मुस्लिम नेताओं ने छोड़ी जेडीयू

**पटना।** बिहार में जनता दल यूनाइटेड के लिए वक्फ संशोधन बिल, 2025 का समर्थन करना राजनीतिक रूप से भारी पड़ गया है। जेडीयू ने वक्फ संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी में घमासान मचा हुआ है।

बगावत शुरू हो गई है। एक के बाद मुस्लिम नेताओं का इस्तीफा जारी है। अब तक बिल को समर्थन देने से नाराज 7 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें पूर्व प्रदेश सचिव एम. राजू नैयर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, बेतिया जिला के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, प्रदेश महासचिव सिएन मो. तबरेज सिद्दीकी अली, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और खुद को मोतिहारी के ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी बताने वाले मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं। नवादा जिले के जेडीयू जिला सचिव मोहम्मद फिरोज खान ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

पार्टी छोड़ चुके जेडीयू नेता राजू नय्यर ने अपने इस्तीफे में लिखा था, मैं वक्फ संशोधन बिल के पारित होने और लोकसभा में जेडीयू द्वारा समर्थन दिए जाने के बाद पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के इस फैसले से गहरा आहत हैं।

सार संक्षेप

## आरबीआई जारी करेगा 10 व 500 रुपए के नए नोट

**मुंबई, ( एजेंसियां )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी सीरीज में 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि इन नए नोटों का डिजाइन पहले से जारी किए गए महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 10 रुपए और 500 रुपए के नोटों के समान ही होंगे। 10 रुपए और 500 रुपए के नए नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने बताया कि नए नोटों के डिजाइन पहले के नोटों जैसे ही रहेंगे। पहले जारी किए गए सभी 10 रुपए के नोट पूरी तरह से वैध मुद्रा बने रहेंगे। महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 500 रुपए के सभी पुराने नोट भी वैध मुद्रा के रूप में मान्य रहेंगे।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद देश में अब समर्थन और विरोध का दौर तेज हो गया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- जनता की तकलीफें चाहे जो हों लेकिन 'राजनीति' को तो हंगामों के मुद्दे चाहिए

### महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा

## महिला मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर कुएं में गिरा, 8 की मौत

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में आज एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां महिला मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नांदेड़ के अलेगांव शिवरा में हुआ। आशंका जताई जा रही है कि कुछ महिलाएं कुएं में फंसी हो सकती हैं। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव कार्य जारी है।जानकारी के मुताबिक, घटना नांदेड़ इलाके के अलेगांव में सुबह करीब 9 बजे घटी। हिंगोली जिले में एक ट्रैक्टर पर सवार होकर महिला मजदूर हल्दी की कटाई के लिए खेत की तरफ जा रही थीं। रास्ते में कुआं था, इसका अंदाजा ड्राइवर को नहीं था। परिणामस्वरूप ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा। जैसे ही ट्रैक्टर कुएं में गिरा, वहां चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने सूचना प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।



घटना में 8 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। कई महिलाएं कुएं में डूब गईं। इसलिए मौत का आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है। जबकि, कुएं में गिरी अन्य महिलाओं का रेस्क्यू जारी है। रेस्क्यू टीम रस्सी की मदद से महिलाओं को कुंए से बाहर निकाल रही हैं। बचाव अभियान के दौरान कुछ महिलाओं को पानी से बाहर निकाला गया है।

### मोहम्मद यूनुस से बोले प्रधानमंत्री मोदी

# बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं

**बैंकॉक, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे। दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी। दोनों नेताओं ने थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान यह मुलाकात की।



### हिन्दुओं की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया

## बिम्सटेक के लिए भारत ने पेश की 21 सूत्रीय कार्ययोजना

भारत ने बिम्सटेक के लिए आज 21 सूत्रीय कार्ययोजना पेश की जिसमें बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट का आयोजन शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठवें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में यह योजना पेश की। कनेक्टिविटी के आगे जा कर व्यापार, सूचना प्रौद्योगिकी, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, अंतरिक्ष, संस्कृति, ऊर्जा, खेल, विज्ञान एवं नवान्वेषण को भी इस कार्ययोजना में शामिल किया गया है।

## आयुष्मान भारत घोटाले में 21 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची।** आयुष्मान भारत योजना में गड़बड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने रांची में शुक्रवार सुबह से कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की है। शहर के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातु, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी इलाके में कई ठिकानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच तलाशी चल रही है। बताया जा रहा है कि रांची के अलावा कुल 21 ठिकानों पर यह रेड चल रही है। ईडी ने आयुष्मान भारत योजना में झारखंड में हुई गड़बड़ियों को लेकर हाल में ईसीआईआर (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज कर जांच शुरू की है।

### 40 साल का सिनेमाई सफर तय करने वाले

# अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे

### 87 वर्ष की आयु में ली आखिरी सांस

**मुंबई।** भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मुंबई के अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। मनोज कुमार, जिन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। मनोज कुमार ने करीब 40 साल लंबा सिनेमाई सफर तय किया है। इस दौरान उन्होंने सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्माता-निर्देशक के तौर पर भी काम किया। मनोज कुमार अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।



- भारत कुमार के नाम से मशहूर थे
- उनकी फिल्मों को सात फिल्म फेयर अवार्ड मिले
- पद्मश्री से सम्मानित और दादा साहब फाल्के अवार्ड से भी नवाजे गए

'मेरे देश की धरती सोने उगले' और 'भारत की बात सुनाता हूं' जैसे गानों से देश का बच्चा-बच्चा इन्हें पहचानता है। अपने इन्ही देशभक्ति फिल्मों की वजह से मनोज कुमार ने खुद को भारत कुमार का खिताब दिलाया और बॉलीवुड में फिल्मों की एक नई शैली की शुरुआत की, जिसमें

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये
प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

मुद्दा

### बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# ..आप इसे संसद से कानून बनाने के लिए कहें

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर वैधानिक प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।



जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहा, यह एक नीतिगत मामला है। आप इसे संसद से कानून बनाने के लिए कहें। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह नीतिगत का मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित प्राधिकरण के पास प्रस्तुति देने की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि याचिका में कोई प्रस्तुति दी जाती है तो उसे आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा।

याचिका में क्या थी मांग-यह याचिका जेप फाउंडेशन द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केंद्र और अन्य से बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए मजबूत आयु सत्यापन प्रणाली, जैसे बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके अलावा, याचिका में यह भी मांग की गई थी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बच्चों की सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर कड़ी सजा लागू की जाए।




डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022
www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## तुर्किये में 40 घंटे से फंसे 200 भारतीय, ठंड-भूख से हैं बेहाल

**नई दिल्ली।** तुर्किये के दीयारबाकिर एयरपोर्ट पर बीते 42 घंटे से ज्यादा वक्त से 200 से भी ज्यादा भारतीय यात्री फंसे हुए हैं। ये सभी लोग वर्जिन अटलांटिक एयरलाइंस की फ्लाइट से लंदन से मुंबई लौट रहे थे, लेकिन उड़ान के दौरान एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ जाने पर फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इसके बाद से ही विमान में तकनीकी खराबी आ गई और उसमें सवार यात्रियों की मुश्किलें शुरू हो गईं। मिली जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट में 250 से ज्यादा यात्री थे, जिनमें अधिकांश भारतीय नागरिक हैं। जैसे ही विमान दीयारबाकिर में उतरा, टेक्निकल जांच के दौरान पता चला कि विमान में तकनीकी खराबी है। इस प्लेन में सवाल यात्री ठंड, भूख और बुनियादी जरूरतों के अभाव से परेशान हैं।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./3532/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 10/03/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पुरूषोत्तम लाल पिता कंछेदी लाल पटेल निवासी... के द्वारा मौजा चावनपुर नजूल ब्लाक नंबर ... प्लाट नंबर ..... स्थित भूमि खसरा नंबर 114/1/2/1/1 में से रकवा 1204 व.फु. भूमि पर दसई लाल, कंधीलाल, कुंवरलाल वल्द मोहनलाल, गनेश प्रसाद, दुलीचंद चरण लाल वल्द खितई को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25/03/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-10/03/2025
पेशी दिनांक-25/03/2025

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**
र.नं. 49

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं./2076/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक ..............

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार पिता डी.एन. सिंह / अनीता सिंह जाति...... निवासी 346 नव आदर्श नगर कालोनी जबलपुर गोरखपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17 में स्थित भूमि खसरा नं. 30/1, 30/2, 30/3/30/1/30/23/30/24 रकवा प्लाट नं. जी-4 1250 वर्गफुट/हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक ग्रन्थ नं. 10849/34 से 61 दिनांक 12/12/2003 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 03/04/2024
पेशी दिनांक - 17/04/2024
र.नं. 46

**अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर एवं**
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर जबलपुर**

### (विक्रय-पत्र) न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/3046/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक 04/04/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीरा क्षत्री पति स्व. लक्ष्मण क्षत्री निवासी घमापुर कंजड मोहल्ला जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर ब्लॉक नं. ....प्लॉट नं. ... स्थित भूमि खसरा नंबर 9 में से रकवा 848 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता विजय कुमार पटैल पिता डालचन्द पटैल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23/06/2000 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-04/04/2025
पेशी दिनांक-22/04/2025

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**
र.नं. 44

### नाम सुधार सूचना

मैं, जगदीश लोधी पिता स्व. श्री राम लाल लोधी उम्र 45 वर्ष निवासी 309 ग्राम सुनवारा पो. व थाना चरगवाँ जिला जबलपुर म.प्र. आधार नम्बर 7257 9596 6354 शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं कि -

1/ यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं।

2/ यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मे पुत्र का नाम शुभ सिंह लोधी दर्ज है जो कि सही है।

3/ यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे पुत्र का नाम शुभयांश सिंह लोधी दर्ज हो गया है जो कि गलत है तथा त्रुटिवश दर्ज हुआ है।

4/ यह कि शुभ सिंह लोधी एवं शुभयांश सिह लोधी दोनो ही नाम मेरे पुत्र के ही है यानि एक ही पुत्र के नाम है किन्तु पुत्र का सही व वास्तविक नाम शुभ सिंह लोधी है।

5/ यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे नाम शुभयांश सिंह लोधी के स्थान पर सुधार कर शुभ सिंह लोधी दर्ज किया जावे।

6/ यह कि मैं अपने पुत्र के नाम के सबंध में सही जानकारी बाबत यह शपथ पत्र पेश कर रहा हूं जो सत्य व सही है।

दिनांक 26 मार्च 2025

**शपशकर्ता**
**जगदीश लोधी**
र.नं. 45

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष-07642-252443 ई-मेल- eephedmal@mp.nic.in फेक्स- 07642-253622
निविदा क्रमांक 01/2025-26/नि.शाखा/लो.स्वा.यां./2025 मण्डला, दिनांक 01.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 14.04.2025 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 16/04/2025 दोपहर 12.00 बजे के पश्चात है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेंडरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| NIT No. | Tender ID No. | Call | Name Sub Division | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 01/25-26 | 2025_PHED_413627_1 | Ist Call | Supply and Providing of Stationary item for PHE Division Office Mandla District Mandla (M.P.) | 6.27 Lakh | 13000 | 2000 | 12 माह वर्षा काल सहित |

नोट- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

जी- 11091/25

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मण्डला**

### कार्यालय नगर परिषद पिपलानायणवार, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

फोन नं.- 07162259600 ईमेल cmopiplanarayawar@mpurban.gov.in
क्र. 2050/PWD/NP/2025 पिपलानायणवार, दिनांक 03.04.2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_414131_1 दि. 03-04-2025, | Construction Of Gents Toilet And Urinal At Ward No 02, Pipla Narayanwar | 2 माह, 2,95,770/- | 2,000/- 3,000/- | 21-04-2025 |

**शर्त** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पिपलानायणवार**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Email ID - cmoamarwada@mpurban.gov.in Phone No.07167-222221

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्रका मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_414274_1 दि. 04-04-2025 NIT No. 13/PWD/NPP/2025 | स्वच्छ भारत मिशन शहरी-2 अंतर्गत MRF/Composting Plant के निर्माण / सुदृढ़ीकरण कार्य | 03 माह, 16,78,870/- | 2,000/- 12,600/- | 07-05-2025 |
| 2025_UAD_414275_1 दि. 04-04-2025 NIT No. 13/PWD/NPP/2025 | वार्ड क्र. 06 में शिवपाल ठाकुर से ईदगाह तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (विधायक निधि) | 03 माह, 12,17,589/- | 2,000/ 9,200/- | 07-05-2025 |
| 2025_UAD_414276_1 दि. 04-04-2025 NIT No. 13/PWD/NPP/2025 | वार्ड क्र. 02 में महेन्द्र सराठे के मकान से शंकर राजपूत के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (सांसद निधि) | 02 माह, 8,66,824/- | 2,000/ 8,700/- | 21-04-2025 |
| 2025_UAD_414278_1 दि. 04-04-2025 NIT No. 13/PWD/NPP/2025 | वार्ड क्र. 02 में ईदगाह से निर्मलकर के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (सांसद निधि) | 02 माह, 6,04,117/- | 2,000/ 6,100/- | 21-04-2025 |

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**प्रीति नितिन तिवारी** अध्यक्ष न.पा.प. अमरवाड़ा
**प्रकाश ठाकुर** उपाध्यक्ष न.पा.प. अमरवाड़ा
**कल्पना सतीश साहू** सभापति-(लो.नि.) न.पा.प. अमरवाड़ा
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी** न.पा.प. अमरवाड़ा

### कार्यालय नगर परिषद भेड़ाघाट जिला जबलपुर (म.प्र.)

Municipal Council Bhedaghat District Jabalpur (M.P.)
Phone No-0761-2830418. Email-cmobhedaghat@mpurban.gov.in, Website- Npbhedaghat.com
क्र. 12/रा.शा./न.प./2025 भेड़ाघाट दिनांक- 03/04/2025

**केंटीन, प्रसाद दुकान, डिजिटल बिलबोर्ड ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार म.प्र. न.पा. (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधन नियम म.प्र. राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभभवन भोपाल दिनांक 04 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत् वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (01 मई 2025 से 31 मार्च 2028 तक) 07 माह की अवधि के लिए धुआंधार केंटीन, पंचवटी केटीन, पंचवटी प्रसाद दुकान एवं डिजिटल बिलबोर्ड प्रतिष्ठान ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की वैबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। नगर परिषद भेड़ाघाट में ई-निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी इस वेबसाईट पर टेंडर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है। या नगर परिषद कार्यालय के राजस्व शाखा में उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

ई-निविदा हेतु केंटीन, प्रसाद दुकान, डिजीटल बिलबोर्ड ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदा विवरण

| स. क्र. | निविदा आई.डी. क्र. | प्रतिष्ठान का नाम | वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त शासकीय दर | धरोहर राशि | ई-निविदा शुल्क | निलामी ठेका अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_403900_2 | पंचवटी प्रसाद दुकान | 1,01,666/- | 20,000/- | 1,000/- | 01 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक वर्षाकाल की अवधि 15 जून से 15 अक्टूबर 04 माह छोड़कर अर्थात् 7 माह के लिए। |
| 2 | 2025_UAD_403905_2 | धुआंधार कैंटीन | 6,82,500/- | 50,000/- | 1,000/- | |
| 3 | 2025_UAD_403901_3 | पंचवटी केंटीन | 3.45,105/- | 50.000/- | 1,000/- | |
| 4 | 2025_UAD_414315_1 | 1. पंचवटी घाट एल.ई.डी. स्क्रीन साईज (6X4)<br>2. धुआंधार घाट एल.ई.डी.स्क्रीन (6X4)<br>3. धुआंधार पार्किंग स्थल एल.ई.डी.स्क्रीन (6X4) | 5,00,000/- | 50,000/- | 1,000/- | |

**निविदा शर्ते :-** प्रत्येक निविदाकर शासन द्वारा जारी केंद्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिस नाम से आई.डी., होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जायेगा। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 04.04.2025 को समय 18.30 बजे से दिनांक 15.04.2025 को सायं 17.30 बजे तक क्रय एवं प्रस्तुत (सबमिट) किये जा सकते है। ई-निविदा दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 17.35 बजे से खोली जावेगी। निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते है। अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**राजस्व उप निरीक्षक** नगर परिषद् भेड़ाघाट
**अध्यक्ष** नगर परिषद् भेड़ाघाट
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी** नगर परिषद् भेड़ाघाट


# मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल, (एजेंसियां)।** मणिपुर के दो जिलों में सुरक्षा बलों ने हाल ही में चलाए गए तलाशी अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिले के अलग-अलग इलाकों में की गई, जहां कथित तौर पर कुकी सशस्त्र समूहों ने बंकर बनाए थे।

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने इन बंकरों को नष्ट कर दिया और अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया। यह जानकारी मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। कांगपोकपी जिले के एस. मोंगपी रिज क्षेत्र में पहले अभियान में एक 7.62 मिमी एसएलआर मैगजीन, एक .303 राइफल मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रीच लोडिंग (एसबीबीएल) गन, दो 9 मिमी पिस्तौल मैगजीन, तीन एसबीबीएल गन कार्टिज, तीन .303 गोला-बारूद और एक 38 मिमी एंटी-रायट कार्ट्रिज बरामद किया गया। इसके अलावा, संशोधित पोम्पी बम भी मिले, जिनमें एक लंबी दूरी का, पांच मध्यम दूरी के और दो छोटी दूरी के बम शामिल हैं। साथ ही तीन टियर स्मोक शेल और एक बाओफेंग रेडियो सेट भी जब्त किया गया।

दूसरी कार्रवाई इंफाल पूर्वी जिले के ट्विचिन और साइबोल गांवों के आसपास हुई। यहां से एक 12 बोर सिंगल बैरल राइफल, कई हैवी बिपॉड माउंटेड पोम्पी गन (60 मिमी, 55 मिमी और 45 मिमी कैलिबर), और विभिन्न कैलिबर के 75 से अधिक पोम्पी बम बरामद किए गए। इनमें 82 मिमी, 75 मिमी, 60 मिमी और 45 मिमी कैलिबर के बम शामिल हैं। इसके अलावा, दो बर्मी इलेक्ट्रॉनिक आईईडी तीन 12 बोर गोला-बारूद और दो बाओफेंग रेडियो सेट भी मिले।

# लखनऊ : मंडलायुक्त ने ली कठौता झील व कुकरैल नदी की डी-शिल्टिंग व ड्रेजिंग के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कठौता झील व कुकरैल नदी की डी-शिल्टिंग व ड्रेजिंग के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभाकक्ष में आहूत की गयी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहां की वर्षा ऋतु से पूर्व कुकरेल नदी की ड्रेजिंग की सफाई प्राथमिकता पर करा लिया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ड्रेजिंग की साफ-सफाई में हिला हवाली कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डी-शिल्टिंग का कार्य बिना विलंब किए हुए, तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाए। जो शिल्ट कुकरैल नदी से निकले उसको एक स्थान चिह्नित करते हुए सिंचाई विभाग द्वारा एकत्रित व डम्प किया जाए। जिससे वर्षा ऋतु का पानी सुचारू रूप से बहता रहे और जल भराव की समस्या न उत्पन्न होने पाए।

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त ने कठौता झील की डी-शिल्टिंग कार्यों में धीमी प्रगति मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि झीलों की शिल्टिंग की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित किया जाए। पानी से शिल्ट निकालने के लिए मशीनों/उपकरणों को तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए जिससे समय रहते हुए झीलों की डी-शिल्टिंग हो जाए और भविष्य में झीलों के पानी की उपलब्धता में बढोत्तरी किया जा सके।


### OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI PATAN Distt: JABALPUR

NOTICE INVITING TENDER

N.I.T. No/Nirman/2025-26/12 PATAN dated: 04.04.2025

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for 20 NO. SHOPS CUM GODOWN SIZE 12X4.5 M+ 3m VARANDAH I/C INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AT MANDI YARD PATAN 2nd CALL Tender Number: 2025_MPSAM_414508_1 (PAC amount Rs. 159.60 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 21.04.2025. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.

Note: Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secertary
Krishi Upaj Mandi Samiti PATAN Distt: JABALPUR

### OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR

NOTICE INVITING TENDER

N.I.T. No/Nirman/2025-26/N-03 JABALPUR dated: 04.04.2025

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for CONSTRUCTION OF 15 NOS SUNDRY SHOP INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION IN NEW MATAR/VEGETABLE MANDI YARD JABALPUR 2nd CALL Tender Number: 2025_MPSAM_414546_1 (PAC amount Rs. 120.34 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 21.04.2025 Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.

Note: Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secertary
Krishi Upaj mandi Samitti JABALPUR Distt. JABALPUR

### अधीक्षक जिला जेल सिवनी म.प्र.

jscjsni@mp.gov.in/jailsuperitendentseoni@gmail..com, Teli.Ph.N. 07692- 228065, Fax No. 07692-228114
क्रमांक :- /निर्वाह/2025 सिवनी, दिनांक...

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-2026**

mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

जेल मुख्यालय भोपाल का पत्र क्रमांक 8532/निर्वाह शाखा/2025 दिनांक 26.03.2025 के द्वारा वर्ष 2025-2026 में सब्जी एवं फल की पूर्ति हेतु निविदा विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जाता है। जिला जेल सिवनी की ई-निविदा जेल अधीक्षक जिला जेल सिवनी में दिये गये निर्देशानुसार mptendes.gov.in पर परिरुद्ध बंदियों हेतु दिनांक 22.04.2025 को शाम 05.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशन | 02.04.2025 | जेल अधीक्षक जिला जेल, सिवनी |
| प्रीबिड मीटिंग | 11.04.2025 | जेल अधीक्षक जिला जेल, सिवनी |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रु. 1000/- प्रति फार्म एवं ठेके की लागत 5 लाख तक 500/- प्रति फार्मराशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जावेगा। | 21.04.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 22.04.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | वेबसाईट mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनो की गुणवत्ता परीक्षण | 23.04.2025 को प्रातः 11.30 बजे | जिला जेल, सिवनी |
| नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण बाद वित्तीय निविदा ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 25.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे | जिला जेल, सिवनी |

जी- 11073/25

**जेल अधीक्षक**
**जिला जेल, सिवनी (म.प्र.)**


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे....

देशभक्ति सिनेमा, जिसमें राष्ट्रवाद और सामाजिक मुद्दे शामिल थे। मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 को भारत की आजादी से पहले हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी के रूप में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत के लाहौर के एबटाबाद में हुआ था। विभाजन के बाद वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के एक शरणार्थी शिविर में पले-बढ़े। इस दिग्गज अभिनेता के निधन पर सिने जगत और विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों ने गहरा दुख जताते हुए इसे रूपहले पर्दे की अपूरणीय क्षति बताया। मनोज कुमार एक्टर बनना चाहते थे और जब वह कॉलेज में थे, तो वह थिएटर ग्रुप से जुड़े। दिल्ली से उन्होंने मुंबई का सफर तय किया। मुंबई में मनोज कुमार ने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। 1957 में उनकी फिल्म 'फैशन' आई। इसके बाद 1960 में उनकी फिल्म 'कांच की गुड़िया' रिलीज हुई। बतौर मुख्य अभिनेता के तौर पर यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई और लोग मनोज कुमार को नोटिस करने लगे। इसके बाद तो मनोज कुमार ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**कई सुपरहित फिल्में दी-** मनोज कुमार ने इसके बाद हिन्दी सिनेमा को उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, 'संन्यासी' और 'क्रांति' जैसी सुपरहिट फिल्में दीं। खास बात यह है कि दिग्गज अभिनेता की फिल्मों में उनका नाम मनोज कुमार ही रहता था। मनोज कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर एक फिल्म बनाई थी, जिसका नाम 'उपकार' रखा गया। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। दुख की बात यह है कि इस फिल्म को पूर्व पीएम देख नहीं पाए थे।

मनोज कुमार को उनकी फिल्मों के लिए 7 फिल्मफेयर पुरस्कार मिले थे। साल 1968 में 'उपकार' ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्मफेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।


### संशोधन

दिनांक 28/03/2025 को दैनिक देशबन्धु के पृष्ठ 2 पर नगर पालिका परिषद अनूपपुर के निविदा सूचना 460 दिनांक 26/08/2025 त्रूटिपूर्ण प्रकाशित हो गया है। चूकि प्रकाशित समाचार पत्र के जावक में क्रमांक 460 दिनांक 26/03/2025 पढ़ा जावे।

**विज्ञापन प्रबंधक**

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन कमांक MIG II C-97 श्रीमती रामकली अग्रवाल पति स्व. श्री गोविंद दास अग्रवाल को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30.05.2006 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्रीमती रामकली अग्रवाल पति स्व. श्री गोविंद दास अग्रवाल का निधन दिनांक 19.03.2025 को हो गया है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख में श्रीमती अलका अग्रवाल पति श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल को नामिनी नियुक्त किया गया है। श्रीमती अलका अग्रवाल पति श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## दलितों, आदिवासियों की भागीदारी बढ़ाने बने कानून



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मांग की है कि ऐसा कानून बनना चाहिए, जो यह सुनिश्चित करे कि दलितों और आदिवासियों के लिए बनी सरकारी योजनाओं के लिए बजट में उचित हिस्सा मिले। उन्होंने दलितों और आदिवासियों को सत्ता में भागीदारी देने के लिए भी ठोस कदम उठाने की अपील की। राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में दलित और आदिवासी समुदायों से जुड़े शोधकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री का दतिया में शराबबंदी लागू करने पर हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन, बोले-

## धार्मिक नगरों में पवित्र भाव बनाए रखने लागू की शराबबंदी



**दतिया/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वसुधैव कुटुंबकम के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। शराबबंदी का एक उद्देश्य यह भी है कि धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और स्वस्थ वातावरण बना रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है। अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और उनके भविष्य निर्माण पर ध्यान देना ही परिवारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दतिया सहित प्रदेश के अनेक धार्मिक शहरों में शराबबंदी का जो निर्णय लिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। शराब की लत के कारण अनेक परिवार परेशानी झेलते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिये मुख्यमंत्री द्वारा न केवल देश में बल्कि विदेशों में जाकर उद्योगपतियों से चर्चा कर प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के सार्थक प्रयास किए हैं। सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने शराबबंदी को ऐतिहासिक बताया।

### मुख्यमंत्री ने माँ पीताम्बरा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को दतिया में माँ पीताम्बरा माई के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ पूर्व गृह मंत्री डॉ. मिश्रा सहित जन-प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस का आरोप, बजट सत्र में मनमानी करती रही सरकार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि बजट सत्र के दोनों चरणों में सरकार तानाशाही करती रही है और उसकी गतिविधियों को देखकर यही प्रदर्शित होता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के डीएनए में फासीवाद पूरी तरह से समा गया है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई तथा राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोक सभा और राज्य सभा में बजट सत्र का दूसरा चरण समाप्त हो गया। सत्र के दौरान हुई गतिविधियों को देखकर ऐसा लगता है कि भाजपा के डीएनए में फासीवाद समा गया है। श्री तिवारी ने कहा, आज हम इंजतार कर रहे थे कि लोकसभा में अध्यक्ष और राज्यसभा में सभापति सदन को शुरू करेंगे, लेकिन इससे पहले ही भाजपा ने सत्ता पक्ष होते हुए सदन में हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा लोकतंत्र का बेसिक प्रिंसिपल तोड़ रही है। प्रधानमंत्री थाइलैंड गए हैं और गृहमंत्री छत्तीसगढ़ जा रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा भी कि मणिपुर में पिछले दो साल से हिंसा हो रही है, जब मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने जा रहे हैं तो इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए।



राज्य सभा में मणिपुर पर चर्चा के लिए तीन घंटे निर्धारित थे लेकिन सिर्फ 50 मिनट में ही खत्म कर दिया गया। भाजपा के अंदर तानाशाही का डीएनए समा गया है और भाजपा लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।' कांग्रेस नेताओं ने कहा, लोकसभा में राज्य सभा के सदस्यों का जिक्र नहीं होता है। कोई इल्जाम नहीं लगाया जाता है, क्योंकि वो खुद के बचाव के लिए वहां उपस्थित नहीं होते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर आधारहीन आरोप लोकसभा में लगाए गए जिसका हमने विरोध किया तो उसे कार्यवाही से निकालना पड़ा। राज्यसभा में श्री खरगे ने इस बात पर चुनौती दी, तो सभी ने गलत माना। भाजपा लोकतंत्र में यकीन ही नहीं करती। अगर परंपरा नहीं निभा सकते, तो कम से कम नियम तो फॉलो करें।

मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम में तैयारियों का लिया जायजा

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को दृष्टिगत रखते हुए करें पुख्ता तैयारियां



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपैड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, रूट चार्ट, मंदिरों के दर्शन स्थल, पूजा स्थान तथा सत्संग स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम स्थित परमहंस अद्वैत मत, आनंद शांति कुंज, आनंद शांति भवन, आनंद सरोवर एवं आनंद शांति धाम पहुंचकर दर्शन किये गये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आनंदपुर धाम स्थित मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने आनंद सरोवर के पवित्र जल में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आनंदपुर धाम की महिमा को गरिमामय बताते हुए कहा कि यहां पहुंचने पर सुखद अनुभूति होती है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा एवं प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक मुंगावली बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह जज्जी, आलोक तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, ट्रस्ट के महात्मा, अनुयायी एवं पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

### बैसाखी पर लगेगा वार्षिक मेला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैसाखी पर लगने वाले वार्षिक मेले में आने वाले अनुयायियों एवं दर्शनार्थियों के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आनंदपुर सत्संग आश्रम परमहंस अद्वैत मत का भक्ति परमार्थ का प्रमुख केन्द्र तथा एक महान तीर्थ स्थल एवं अथाह ज्ञान व आत्मिक विद्या का अतुलनीय भंडार है। यहां पर श्री आनंद सरोवर की तरल छटा निराली है तथा परिधि में पूजा स्थलों का अनोखा संगम है। इस पवित्र स्थल पर आकर मन को शांति तथा आत्म ज्ञान को बल मिलता है।

## अभिनेता मनोज कुमार के अवसान पर मुख्यमंत्री ने किया शोक व्यक्त

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार के अवसान पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह फिल्म जगत, कला जगत के साथ-साथ देश की भी बड़ी क्षति है। अभिनेता श्री मनोज कुमार ने पूरब पश्चिम और क्रांति जैसी फिल्मों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया।

## झाबुआ में पदस्थ पुलिस निरीक्षक पर दुष्कर्म का आरोप
## नशीली दवाई देकर किया था शारीरिक शोषण, 2 साल पहले की थी शिकायत, अब दर्ज हुई एफआईआर

**झाबुआ/भोपाल, देशबन्धु।** झाबुआ में पदस्थ पुलिस निरीक्षक राजकुमार कुंसारिया पर बलात्कार का मामला भोपाल महिला थाने में दर्ज हुआ है। पीड़िता एक होटल संचालक है। महिला 2 साल से शिकायत दर्ज कराने के लिए कोशिश कर रही थी, अब जाकर मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। पीड़िता का कहना है कि कुंसारिया ने 2019 में नशीली दवा देकर उसका शारीरिक शोषण किया और 2023 तक शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि उसने अक्टूबर 2022 में पहली बार शिकायत दी थी। लेकिन कुंसारिया की पहुंच और रसूख के चलते मामला दर्ज नहीं हो सका। बल्कि उसी के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का अपराध भी दर्ज कर दिया गया। इस मामले में महिला थाने से लेकर डीजीपी तक महिला ने शिकायत की थी। पीड़िता ने बताया कि वह और थाना प्रभारी राजकुमार बचपन के दोस्त थे। 22 साल बाद 2019 में भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित उसके होटल पर दोनों की मुलाकात हुई थी। 23 अगस्त 2019 को राजकुमार ने अपना जन्मदिन बताकर उसे घर बुलाया और नशीली दवाई खिलाकर उसके साथ जबरन संबंध बनाए। उसके बाद वह लगातार उसे शादी का झांसा देता रहा। पीड़िता ने अक्टूबर 2022 में सोहागपुर में ड्यूटी के दौरान मारपीट और धमकाने के आरोप भी लगाए।


**IN THE COURT OF III ADDITIONAL DISTRICT AND SESSION JUDGE, DISTRICT COURT, JABALPUR**
**Presiding Officer - इरशाद अहमद**
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC/0000074/2025)
Process Id- 210/2025 पेशी दिनांक- 06/05/2025

**//नोटिस//**

तेजिन्दर कौर चीमा.... **आवेदक विरूद्ध** आम जनता ...... **अनावेदक**। प्रेषिती- 1. आम जनता पता- जबलपुर म.प्र. 2. आम जनता। आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजिन्दर कौर चीमा पता ने मृतक जसपाल सिंह चीमा निवासी-1032/1 नियर एमजीएम स्कूल हाथीताल जबलपुर म.प्र. की संपत्ति मौजा हाथीताल नं.बं. 753 प.ह.नं. 24/2 स्थित ख.नं. 129/1 एवं 130 प्लाट एरिया 1775 वर्गफुट निर्मित एरिया 1775/- राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अविभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 06 मई 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अविभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 06 मई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।

(इरशाद इहमद)
मोहर जिला न्यायाधीश तृतीय जबलपुर (म.प्र.)

**CHANGE IN NAME**

It is for general information that 1, SANDEEP MISRA S/O RAVINDRA MISRA employed as chargeman under personal no 903494 at Production-1 SBU-II section in Vehicle Factory Jabalpur. Madhya Pradesh 482009, R/o House No 1762/14 New Shobhapur Colony, VFJ Road, Madai, Jabalpur, Madhya Pradesh-482009 declare that name of mine and my Father has been wrongly written as SANDEEP MISRA and RAVINDRA MISRA in my Service Records, Pan Card, Aadhaar Card, Driving Licence, Vehicle Registration Card and All Educational Documents,. The actual name of mine and my Father are SANDEEP MISHRA and RAVINDRA MISHRA respectively, which may be amended accordingly.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
OLD NAME - SANDEEP MISRA S/O RAVINDRA MISRA
NEW NAME - SANDEEP MISHRA S/O RAVINDRA MISHRA
र.नं. 38

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 03/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महिमा संजय श्रीवास्तव पिता संजय श्रीवास्तव निवासी पुष्पक नगर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर ब्लॉक नं. .... प्लॉट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 209/2 क, में से रकवा 1282 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में संजय पटैल पिता टी.आर. पटैल के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 3/04/25
पेशी दिनांक : 21/04/25
र.नं.- 42 तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

**न्यायालय- आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय कोर्ट क्रमांक 67 जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर म.प्र.**
प्रकरण क्रमांक- 73/2025/ फैटल (मिस.)
मूल प्रकरण क्र.- 198/2018/ फैटल
केशर बाई विरुद्ध अमित सिंह

**सूचना पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 73/2025/फैटल (मिस.) में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मृतक स्व. श्री नारायण दुबे, की मृत्यु नियोक्ता/ अमित सिंह के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरूप दिनांक 09/12/2016 को मृत्यु हो गयी है। नियोक्ता/बीमा कं. - एच.डी.एफ.सी. इरगो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी ने क्षतिधन राशि रू. 10,00,000/- (दस लाख रूपये मात्र) न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 23.04.2025 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री नारायण दुबे, के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2(डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 23.04.2025 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने संबंधी प्रार्थना पत्र पेश करें साथ ही पहचान सम्बन्धी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र, बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करें तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हो तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें। आज दिनांक 27/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(डॉ. मनोज कुमार)
आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
श्रम न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)


## लखनऊ : मंडलायुक्त ने ली कठौता झील व कुकरैल नदी की डी-शिल्टिंग व ड्रेजिंग के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में कठौता झील व कुकरैल नदी की डी-शिल्टिंग व ड्रेजिंग के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभाकक्ष में आहूत की गयी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहां की वर्षा ऋतु से पूर्व कुकरेल नदी की ड्रेजिंग की सफाई प्राथमिकता पर करा लिया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ड्रेजिंग की साफ-सफाई में हिला हवाली कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डी-शिल्टिंग का कार्य बिना विलंब किए हुए, तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाए। जो शिल्ट कुकरैल नदी से निकले उसको एक स्थान चिह्नित करते हुए सिंचाई विभाग द्वारा एकत्रित व डम्प किया जाए। जिससे वर्षा ऋतु का पानी सुचारू रूप से बहता रहे और जल भराव की समस्या न उत्पन्न होने पाए।

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त ने कठौता झील की डी-शिल्टिंग कार्यों में धीमी प्रगति मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि झीलों की शिल्टिंग की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित किया जाए। पानी से शिल्ट निकालने के लिए मशीनों/उपकरणों को तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए जिससे समय रहते हुए झीलों की डी-शिल्टिंग हो जाए और भविष्य में झीलों के पानी की उपलब्धता में बढोत्तरी किया जा सके।


**CHANGE IN NAME**

I, Vishal Shrivastva S/o Yogendra Prasad Shrivastva employed as chargeman, under personal no. 903458 at Maintnaces SBU-II Section in Vehicle Factory, Jabalpur, Madhya Pradesh 482009 declare that from today, I shall be recognized as VISHAL SHRIVASTAVA S/O YOGENDRA PRASAD SHRIVASTVA & shall be changed in all records whether in private records or in government records including my service record with immediate effect.
OLD NAME - Vishal Shrivastva
NEW NAME - Vishal Shrivastava
AddressPlot No. 10, Suncity Colony,Near Durga Mandir, Ward No. 60 Nirmal Chand Jain WardAdhartal, Jabalpur, Madhya Pradesh-482004
र.नं. 37

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, ARMY NO 2700588L, RANK- HAV, NAME-LAKHAN LAL KURMI, UNIT- 5 GRENADIERS R/O VILLAGE-TEMER BHITA, POST- TEMER BHITA, TEH- JABALPUR DISTT- JABALPUR, STATE-(MP) PIN- 482001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम SAMEER दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम SAMEER PATEL है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरे पुत्र के इस नाम SAMEER PATEL को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
गलत नाम- SAMEER
सही नाम- SAMEER PATEL
कृति

**In The Court of VIII Civil Judge, Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:**
**अंकिता शाही**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000039/2025
मनोज केवट ................ आवेदक
Vs
ओमप्रकाश केवट ............ अनावेदक
Process Id- /2025
पेशी दिनांक :-28/04/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज केवट पता निवासी- 26, ग्राम निभोरा, पनागर छतरपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर ने मृतक कुसुम बाई निवासी निभोरा, पनागर, जबलपुर की श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय यूनियन बैंक शाखा हाईकोर्ट, जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 अप्रैल 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 अप्रैल 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 28 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र की छाया प्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश
र.नं. 48 (वरिष्ठ खंड) जबलपुर, (म.प्र.)

**In The Court of XVI Additionl District and Session Judge, District Court, Jabalpur presiding Officer: बृजेश सिंह**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/ 0000039/2025
दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ................ वादी
Vs
तेजीलाल यादव ............ प्रतिवादी
Process Id- /2025
पेशी दिनांक :-05/05/2025

प्रेषिती-
(1) महिमा सिंह पति समरेश पता- आई.सी. 7 सैनिक सोसायटी शक्ति नगर, गुप्तेश्वर जिला जबलपुर (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने आपके विरूद्ध अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस अपील में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ अपील की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(बृजेश सिंह)
जिला न्यायाधीश (16वें)
र.नं. 47 जबलपुर, (म.प्र.)

**न्यायालय अनुराग सिंह, पंजीयक लोकन्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग गोरखपुर, जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक/001/बी-113 (4)/2025-26
प्रारूप-4
**सूचना पत्र नियम-4 (2) देखिए**

म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धार 5 (2) एवं म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1962 के नियम 5 (1) के अंतर्गत

चूंकि आवेदक अधिवक्ता शालोम बैन्जमिन के द्वारा लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा-14 के तहत हेब्रोन बिलीवर्स फेलोशिप, नामक धार्मिक एवं सामाजिक सेवा ट्रस्ट पता सी-13, इन्द्रपुरी कॉलोनी, ग्वारीघाट रोड रामपुर जिला जबलपुर का गठन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संघारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 24/04/2025 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो या उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अधिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चाचत प्राप्त आपत्तियों/ दावों/ सुझावों पर कोई विचार के लिये ग्राहय नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची :-** (लोक न्यास की सम्पत्ति का विवरण एवं लोक न्यास का नाम और पता) 1. लोक न्यास का नाम व पता- हेब्रोन बिलीवर्स फेलोशिप, सी-13, इन्द्रपुरी कॉलीनी, ग्वारीघाट रोड रामपुर जिला जबलपुर म.प्र.
**पेशी दिनांक :** 24/04/2025 (3.00 बजे अपरान्ह)
**जारी दिनांक :** 24/03/2025
(अनुराग सिंह)
पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 50

**In The Court of VIII Civil Judge, Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:**
**अंकिता शाही**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000037/2025
हरि चौधरी ................ आवेदक
Vs
सरस्वती पवार ............ अनावेदक
Process Id- /2025
पेशी दिनांक :-28/04/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरि चौधरी पता निवासी- म.नं. 1512, राधा कृष्ण वार्ड सिद्धबाबा रोड, शारदा मंदिर के पास, पोस्ट ऑफिस, हनुमानताल जिला- जबलपुर ने मृतक दशोदा बाई चौधरी निवासी 2000 राधा कृष्ण वार्ड सिद्ध बाबा रोड, जबलपुर की भविष्य निधि कार्यालय द्वारा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त पता विजय नगर, जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 अप्रैल 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 अप्रैल 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 28 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी- प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छाया प्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश
र.नं. 40 (वरिष्ठ खंड) जबलपुर, (म.प्र.)

**नाम सुधार सूचना**

मैं प्रमोद कुमार उम्र 42 वर्ष पिता पुरुषोत्तम रजक सा. इमलिया मोड़ बडेरिया डेरी ग्राम पंचायत इमलिया तहसील पनागर जिला जबलपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरी पुत्री आशिकी रजक (ASHIKI RAJAK) का जन्म 27/08/2008 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनागर के हुआ था। जिसके जन्म प्रमाण पत्र पर पुत्री के नाम की जगह रिक्त है। व पिता का नाम अजय रजक लिखा है जो कि गलत है। जबकि पिता का सही नाम प्रमोद कुमार रजक है। जो कि सही है व सत्य है। जिन पर सुधार करें किसी प्रकार की असत्य जानकारी एवं कथन का मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।
प्रमोद कुमार रजक
पिता पुरुषोत्तम रजक
कृति ग्राम पंचायत इमलिया, पनागर

**नाम सुधार सूचना**

मैं पवन गोंटिया उम्र 30 वर्ष पिता नोखेलाल गोंटिया सा. सोनपुर, आमाखोह तह. पनागर जिला जबलपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरी पुत्री का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पनागर में दिनांक 09/01/2018 को हुआ था। जिसका सही नाम श्रद्धा गोंटिया (SHRADDHA GOTIYA) है। पिता का नाम पवन गोंटिया (PAWAN GOTIYA) एवं माता का नाम वर्षा गोंटिया (VARSHA GOTIYA) है। जो कि सही व सत्य है। जिस पर सुधार करें किसी प्रकार की असत्य जानकारी /कथन का मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। जिसका भूलवश श्रद्धा गोंटिया (SHRADHHA GOTIYA) गलत लिख गया था।
पवन गोंटिया
पिता नोखेलाल गोंटिया
कृति सोनपुर, आमाखेह पनागर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 03/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय श्रीवास्तव पिता श्री एस.के. श्रीवास्तव निवासी 1204/3 ए 4 धनी की कुटिया, जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर ब्लॉक नं. .... प्लॉट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 152/2, 152/2 में से रकवा 968.5 वर्गफुट भूमि पर राजस्व रिकार्ड में आलोक मिश्रा पिता शंभू प्रसाद के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 7/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 3/04/25
पेशी दिनांक : 21/04/25
र.नं.- 43 तहसीलदार, अधारताल जबलपुर


## तमिलनाडु के दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को रामनवमी के मौके पर तमिलनाडु के पंबन में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मोदी छह अप्रैल को तमिलनाडु के दौरे पर जाएंगे और रामनवमी के अवसर पर मध्याह्न करीब 12 बजे पंबन और रामेश्वर के बीच स्थित देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन करेंगे।

# अभिमत

बिरहोरों की जीवनशैली प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की है। जंगलों के साथ उनका रिश्ता गहरा है। वे एक दूसरे के पूरक हैं। जंगलों की कमी और जलवायु बदलाव के दौर में जैविक खेती उपयोगी हो गई है। विशेषकर कम पानी वाली और बिना रासायनिक वाली जैविक खेती से भोजन सुरक्षा के साथ मिट्टी, पानी का संरक्षण और संवर्धन होगा। देसी बीज बचेंगे और जैव विविधता बचेगी और पर्यावरण भी बचेगी। बाड़ियों में हरी सब्जियां व फलदार वृक्षों से पोषण मिलेगा।

## कैसे जीवनयापन करते हैं बिरहोर

नवाचार

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कुछ गांवों में बिरहोर आदिवासी निवास करते हैं। जंगल ही इनका जीवन है। वे न सिर्फ जंगल में रहते हैं, उन पर निर्भर हैं, बल्कि जंगल का संरक्षण भी करते हैं। यह उनकी परंपराओं में है, उनकी जीवनशैली में है। आज मैं ऐसे अनूठे आदिवासी समुदाय की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे पता चले कि उनका जीवन कैसा है, वे कैसे रहते और जीवनयापन कैसे करते हैं। क्या हम आदिवासियों के जीवन से कुछ सीख सकते हैं?

बिर का अर्थ जंगल, और होर का अर्थ आदमी होता है। यानी जंगल का आदमी। बिरहोर आदिवासी विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों में से एक हैं। यह घुमंतू जनजाति मानी जाती है। हालांकि उनके पूर्वज सरगुजा जिले से इधर आए थे, लेकिन अब स्थायी रूप से यहीं बस गए।

कुछ समय पहले मैं इस इलाके में गया था। इस यात्रा में मैंने देखा था कि यहां टेड़ा पद्धति से लोग सिंचाई भी करते हैं। इस पद्धति में कुओं से पानी निकालना आसान है, इसके लिए यहां टेड़ा का इस्तेमाल किया जाता है। टेड़ा और कुछ नहीं बांस की लकड़ी है जिसके एक सिरे पर पत्थर बांध दिया जाता है और दूसरे सिरे पर बाल्टी। पत्थर के वजन के कारण पानी खींचने में ज्यादा ताकत नहीं लगती। बिल्कुल सड़क के बैरियर या रेलवे गेट की तरह। टेड़ा से पानी खींचने में ताकत नहीं लगती, इशारे से बाल्टी ऊपर आ जाती है। पानी के बेजा इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए श्रम आधारित तकनीक बहुत उपयोगी है। आज जो हमने रासायनिक खेती की ऐसी राह पकड़ी है जिसमें श्रम आधारित काम की जगह सभी काम मशीनों व भारी पूंजी की लागत से होता है जबकि मानवश्रम बहुतायत में है। यह बहुत ही प्राचीन पर किफायत से पानी खर्च करने की पद्धति है।

यहां राजिम प्रेरक संस्था से जुड़े रमाकांत जायसवाल और तिहारूराम बिरहोर ने बताया था कि बिरहोर मुख्यत: पूर्व में शिकार करते थे और वनोपज एकत्र करते थे। अब बिरहोर मुख्यत: बांस के बर्तन बनाते हैं और रस्सी बनाकर बेचते हैं। बांस के बर्तनो में पर्रा, बिजना, टुकनी, झउआ, बोंगी, चुरकी, सात सुपेली,सिखुन, झांपी और झलगी।

पटुआ और मोगलई की छाल से रस्सी बनती है। खेती-किसानी में काम आनेवाली रस्सियां व मवेशियों को बांधने के लिए रस्सियां बनाते हैं। जोत, गिरबां, सींका, दउरी आदि चीजें इसी रस्सी से बनाते हैं। खेती और पशुपालन साथ-साथ होता है। इसके अलावा सरई पत्तों से दोना-पत्तल बनाकर बेचते भी हैं। इस सबसे ही उनकी आजीविका चलती है।

बिरहोरों की आबादी कम है। इनकी जीवनशैली अब भी जंगल पर आधारित है। इनमें पढ़े-लिखे बहुत कम हैं। हालांकि अब साक्षर व शिक्षित होने लगे हैं। बांस के बर्तन बनाने, रस्सी बनाने के अलावा बहुत ही कम लोग खेती करते हैं।

तिहारूराम ने बताया कि 'पहले अनाज खाने नहीं मिलता था। महुआ फूल को पकाकर खाते थे। ज्वार और बाजरा की रोटी खाते थे। लेकिन अब पहले जैसी स्थिति नहीं है।'

माल्दा गांव, जो तिहारूराम का गांव है, उनके घर ही में रात में ठहरा था। खुले आसमान के नीचे खाट पर सोने का मौका मिला। तिहारूराम ने मुझे बताया थोड़ी देर में भगवान का लाइट आएगा और अंधेरा भाग जाएगा। मैं आकाश में जगमगाते तारे और चांद की रोशनी देखते-देखते सो गया। मुझे गहरी नींद आई थी। उनका कुत्ता भी वहीं खटिया के पास सोता रहा था। खुले आसमान के नीचे सोने का मौका बहुत सालों बाद आया था। मुझे गांव में बचपन की याद भी आई जब गर्मी के दिनों में आंगन में खुले आकाश के नीचे ही सोते थे, जहां बुजुर्ग हमें तरैय्यों ( तारों) के बारे में बताते थे, उसी से समय का अनुमान लगाया जाता था। दूसरे दिन सुबह ठंडे तालाब के पानी में स्नान किया। तालाब में कमल के फूल खिले थे। वहां ग्रामीण संस्कृति की मिठास का अनुभव किया। छत्तीसगढ़ की एक पहचान तालाब भी हैं। यहां अधिकांश गांवों में तालाब होते हैं। यहां की पानीदार जल संरक्षण संस्कृति यहां की संस्कृति का हिस्सा है।

तिहारूराम और रमाकांत जायसवाल ने बताया कि उन्होंने पहले दौर में कुछ गांवों का चयन किया है जिसमें जैविक खेती और किचिन गार्डन का काम किया जा रहा है। इन गांवों में जैविक खेती के लिए 50 किसानों को देसी बीजों का वितरण किए गए हैं। इसके लिए मालदा में बीज बैंक है। बाड़ियों ( किचिन गार्डन) के लिए भी देसी सब्जियों के देसी बीज दिए गए हैं।

वे आगे बताते हैं कि इन गांवों में जैविक खेती में धान, झुनगा, अरहर, उड़द, हिरवां, बेड़े आदि खेतों में बोया गया है। और बाड़ियों में लौकी, भिंडी, बरबटी, कुम्हड़ा, तोरई, डोडका, मूली, पालक, भटा, करेला, चेंच भाजी, लाल भाजी इत्यादि। इसके अलावा, फलदार वृक्षों में मुनगा, बेर, पपीता, आम, जाम, आंवला, नीम, कटहल आदि का पौधे भी वितरित किए गए हैं।

इसके अलावा, बिरहोर जड़ी-बूटियों से इलाज करना जानते हैं। उन्हें किस बीमारी में कौन सी जड़ी काम आती है, इसकी जानकारी है। धौंरा की छाल को वे चाय पत्ती की तरह डालकर तरोताजा होने के लिए पीते हैं। वे अब भी कुछ छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज जड़ी-बूटी से कर लेते हैं। पेड़ पौधों, और जड़ी बूटियों का इतना अच्छा पारंपरिक ज्ञान कम ही देखने को मिलता है। मुझे कुछ ही समय में उन्होंने जड़ी बूटियों के नाम व उपयोग की काफी जानकारी दी।

बिरहोर जड़ी-बूटियों से इलाज करना जानते हैं। उन्हें किस बीमारी में कौन सी जड़ी काम आती है, इसकी जानकारी है। धौंरा की छाल को वे चाय पत्ती की तरह डालकर तरोताजा होने के लिए पीते हैं। वे अब भी कुछ छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज जड़ी-बूटी से कर लेते हैं। पेड़ पौधों, और जड़ी बूटियों का इतना अच्छा पारंपरिक ज्ञान कम ही देखने को मिलता है।

बिरहोर आदिवासियों का मुख्य त्यौहार खरबोज है। ठाकुरदेव, बूढ़ादेव, नागदेवता जंगल में है। माघ पूर्णिमा में यह त्यौहार मनाया जाता है। कर्मा नाचते हैं। नवापानी मनाते हैं। यह नए अनाजों के घर में आने की खुशी में मनाया जाता है, जिसे अन्य जगहों पर नुआखाई भी कहते हैं।

बिरहोर जंगल से लेते ही नहीं हैं, बल्कि उसको बचाते भी हैं। जंगल के प्रति जवाबदारी भी समझते हैं। उनका जंगल से मां-बेटे का रिश्ता है। वे जंगल से उतना ही लेते हैं जितनी जरूरत है। उन्होंने ऐसे नियम कायदे बनाए हैं कि जिससे जंगल का नुकसान न हो।

ग्रामीण बताते हैं कि वे कभी भी फलदार वृक्ष जैसे महुआ, चार, आम के पेड़ नहीं काटते। फलदार वृक्षों से कच्चे फलों को नहीं तोड़ते। किसी भी पेड़ की गीली लकड़ी को नहीं काटते। जरूरत पड़ने पर सबसे पहले जंगल में घूमकर सूखी लकड़ी तलाशते हैं, उसे ही काम में लेते हैं। अगर कोई पेड़ को सूरज का प्रकाश नहीं मिल रहा है, तो उसके आसपास साफ सफाई करते हैं, जिससे उसे सूरज की रोशनी मिल सके। पेड़ पौधों का संरक्षण भी बहुत जरूरी हो गया है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बिरहोरों की जीवनशैली प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की है। जंगलों के साथ उनका रिश्ता गहरा है। वे एक दूसरे के पूरक हैं। जंगलों की कमी और जलवायु बदलाव के दौर में जैविक खेती उपयोगी हो गई है। विशेषकर कम पानी वाली और बिना रासायनिक वाली जैविक खेती से भोजन सुरक्षा के साथ मिट्टी, पानी का संरक्षण और संवर्धन होगा। देसी बीज बचेंगे और जैव विविधता बचेगी और पर्यावरण भी बचेगी। बाड़ियों में हरी सब्जियां व फलदार वृक्षों से पोषण मिलेगा। सब्जियों के लिए बाजार पर कम निर्भरता होगी। जो कमी मौसम बदलाव के दौर में जंगलों से कंद-मूल व सब्जियों में आ रही है, उसकी पूर्ति होगी।

आज दुनिया में पर्यावरण का संकट एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है। इसमें हमें प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का जो रिश्ता आदिवासियों का है, उसे समझना जरूरी है। उनका नजरिया क्या है, कैसे वे बहुत कम संसाधनों में जीते हैं, कैसे वे पर्यावरण का संरक्षण करते हैं, उनकी श्रम आधारित जीवनशैली से किस तरह पर्यावरण का भी संरक्षण होता है, इस तरह की कहानियों में उसकी झलक मिलती है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

## बीता सप्ताह

**29 मार्च**

- ■ म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से भारी तबाही, 7.3 तीव्रता के भूकंप से 1000 से अधिक मौतें हुई।
- ■ कैश मामले में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा पर सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया।
- ■ आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने 3 मई को आम चुनाव का ऐलान किया।
- ■ जम्मू कश्मीर के कठुआ में जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकी मारे गए।

**30 मार्च**

- ■ छग के सुगमा में उपमपल्ली क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए।
- ■ जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली से इलाहाबाद ट्रांसफर के विरोध में बनारस के वकीलों का प्रदर्शन।
- ■ विदेश मंत्रालय ने कहा भूकंप पीड़ित म्यांमार की मदद के लिए फिल्ड अस्पताल भेजा जाएगा।
- ■ यूरोप अमेरिका के समर्थन के बिना यूक्रेन में सेना नहीं, भेज सकता। स्पीडन के रक्षामंत्री पॉलजॉनसन ने यह जानकारी दी।

**31 मार्च**

- ■ पीएम नरेन्द्र मोदी ने छग के बिलासपुर मोहभट्ठा में 33700 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।
- ■ छत्तीसगढ़, बस्तर के बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- ■ ओडिशा में कायारव्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। एक की मौत और 8 घायल हो गए।
- ■ केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर, नगालैंड और अरूणांचल में अफस्पा बढ़ाया।

**1 अप्रैल**

- ■ शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए।
- ■ छग के बीजापुर दंतेवाड़ा इलाके में 45 लाख की इनामी महिला नक्सली गुम्मा डिवेली उर्फ रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती उर्फ दमयंती ऐर हो गई।
- ■ दक्षिण-पूर्वी ईरान में केमरान में बस पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई।
- ■ यूरोपीय संघ धन गबन मामले में पेरिस की एक अदालत ने दक्षिणपंथी नेता मदीन ले पेन को दोषी ठहराया।

**2 अप्रैल**

- ■ वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज 2 अप्रेल 25 को पेश हुआ।
- ■ गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 21 लोगों की मौत हो गई।
- ■ हिंदी जगत के प्रख्यात साहित्यकार कमल किशोर गोयनका का निधन हो गया।
- ■ छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआइ ने एफआईआर दर्ज किया।

**3 अप्रैल**

- ■ बीती रात लोकसभा में वक्फ बिल बहुमत से पारित हो गया। पक्ष में 288 तो विपक्ष में 232 वोट पड़े।
- ■ छग के बस्तर में नक्सलियों ने सरकार के पास युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।
- ■ चीन में पंजीकृत अंगदान स्वयं सेवकों की कुल संख्या 70.50 लाख से अधिक पहुंचा।
- ■ जम्मू कश्मीर में एलओसी पर सेना ने 5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया।

**4 अप्रैल**

- ■ बीती रात राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित हो गया। पक्ष में 128 तो विपक्ष में 95 वोट पड़े।
- ■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया।
- ■ सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी जज अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करें।
- ■ कलकत्ता उच्च न्यायालय में ममता बेनर्जी सरकार के 25 हजार शिक्षकों की नियुक्यिां रद्द कर दिया।

## ट्रम्प ने अमेरिकी व्यापार को वापस शुरूआती व्यापार व्यवस्था में धकेल दिया

■ अंजन रॉय

राजनेताओं से लेकर अर्थशास्त्रियों और विनम्र शेयर व्यापारियों तक, कोई भी वास्तव में विश्वास नहीं कर सकता था कि ऐसा होगा। इससे भी बदतर, वास्तव में, यह उतना ही बुरा होना चाहिए था जितना कि वास्तविकता में हुआ। डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने वाले सामान पर टैरिफ की घोषणा का वायदा किया था, जो कि आशंका से कहीं अधिक खराब साबित हुआ। एक झटके में, डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को कम से कम एक सौ पच्चीस साल पहले की व्यापार व्यवस्था में धकेल दिया है।

अपनी नवीनतम टैरिफ दरों के साथ, अमेरिका सन् 1900 की तरह ही टैरिफ व्यवस्था में वापस आ जायेगा। इतना भी नहीं। दार्शनिक रूप से, हम व्यापारीवादियों के दिनों में वापस चले गये हैं, जब आर्थिक दार्शनिकों ने सोचा था कि आयात बुरा है और निर्यात अच्छा है: इस प्रकार, सभी वस्तुओं का निर्यात करें और सोना आयात करें। हमें सत्रहवीं शताब्दी में प्रचलित मानसिकता की ओर पलायन करने के लिए मजबूर किया गया है।

अपनी नवीनतम टैरिफ दरों के साथ, अमेरिका सन् 1900 की तरह ही टैरिफ व्यवस्था में वापस आ जायेगा। इतना भी नहीं। दार्शनिक रूप से, हम व्यापारीवादियों के दिनों में वापस चले गये हैं, जब आर्थिक दार्शनिकों ने सोचा था कि आयात बुरा है और निर्यात अच्छा है: इस प्रकार, सभी वस्तुओं का निर्यात करें और सोना आयात करें।

वह व्यापारिकता का सुनहरा युग था, जिसका प्रतीक जीनबैप्टिस्ट कोलबर्ट ( 1619-83 ) थे। 1940 में कोलबर्ट पर एक पुस्तक की समीक्षा करते हुए, सर जॉनक्लैफम ने कहा था- कोलबर्ट के पास कोई एक मौलिक विचार नहीं था और वह 'एक बड़ा मूर्ख व्यक्ति, अत्याचारी, क्रूर, उधम मचाने वाला' था।

किसी अजीब संयोग से, यह 21वीं सदी के आज के आधुनिक प्रकार के व्यापारिकता के सबसे शक्तिशाली और निर्णायक अधिवक्ता का बहुत सटीक वर्णन प्रतीत होता है।

2 अप्रैल के बाद, अमेरिका की व्यापार व्यवस्था 1900 और उससे भी पहले की तरह ही होगी, जब राष्ट्र उच्च टैरिफ दीवारों के पीछे छिपते थे। फिर 2 अप्रैल के उस एक झटके से ट्रम्प ने विश्व व्यापार और राष्ट्रों के बीच आर्थिक संबंधों की पूरी संरचना को ध्वस्त कर दिया है, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में बहुत सावधानी से बनाया गया था।

विश्व व्यापार संगठन को औपचारिक रूप से खत्म कर दिया जाना चाहिए। राष्ट्रों के बीच व्यापार-संबंधी मतभेदों को हल करने के लिए विवाद निपटान निकाय पुराने पड़ चुके हैं। शिकायत दर्ज करने का कोई मतलब नहीं है। अगर दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था देशों पर अपनी मर्जी से टैरिफ लगा सकती है, तो व्यापार के लिए सबसे पसंदीदा राष्ट्र के प्रमुख सिद्धांत पर आधारित नियम वाली व्यापार प्रणाली कहा है!

वैश्विक व्यापार व्यवस्था के व्यापक सवालों को छोड़कर, अब हम एक सवाल पर विचार करते हैं कि 2 अप्रैल के बाद भारत का क्या होगा? आम तौर पर कुछ भी गंभीर नहीं है। कुछ क्षेत्र जो अमेरिका से जुड़े थे, निश्चित रूप से प्रभावित होंगे, लेकिन आम तौर पर अर्थव्यवस्था में भारत को अच्छी तरह से सहारा मिलना चाहिए।

सबसे पहले, वैश्विक व्यापार में भारत का समग्र जोखिम बहुत अधिक नहीं है। इसके अलावा, अमेरिका को निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.2प्रतिशत है। यदि इसका एक अंश भी प्रभावित होता है, तो इसे आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है।

ट्रम्प टैरिफ के प्रभाव को दूसरों की तुलना में देखा जाना चाहिए। दुनिया एक 'पूर्ण' जगह नहीं है, यह एक 'सापेक्ष' जगह है। उदाहरण के लिए, विशेषज्ञों की गणना के अनुसार, भारतीय निर्यात पर ट्रम्प टैरिफ का प्रभाव औसतन 26प्रतिशत होगा, जबकि चीन पर 54 प्रतिशत होगा। इस प्रकार, भारतीय निर्यात पर आधे से भी कम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ये अमेरिका को चीनी निर्यात को प्रभावित करेंगे। प्रयास के साथ, भारतीय निर्यातक अभी भी लागत को नियंत्रित करने और नवीनतम टैरिफ के प्रभाव को कम करने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन चीन के लिए, यह कहीं अधिक कठिन काम होगा।

दूसरे, चीन भारत की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात पर कहीं अधिक निर्भर है। इस प्रकार, भारतीय अर्थव्यवस्था, जैसा कि सर्वविदित है, घरेलू मांग से प्रेरित है, जबकि चीनी निर्यात पर पूरी तरह से निर्भर है। उदाहरण के लिए, चीन के पास अपनी घरेलू आवश्यकताओं से दोगुना स्टील उत्पादन करने की क्षमता है। इसलिए, चीनी इस्पात उद्योग के अस्तित्व के लिए, उसे निर्यात करना होगा। कुछ देश और भी अधिक असुरक्षित हैं, क्योंकि वे कुछ चुनिंदा वस्तुओं के निर्यात पर निर्भर हैं। अपने देश के निकट उदाहरण के लिए, बांग्लादेश पर भी टैरिफ लगाया गया है, जो अब तक न्यूनतम या पूरी तरह से छूट वाला था। परिधान निर्यात पर बांग्लादेश की निर्भरता को देखते हुए, और खासकर अमेरिका पर, देश की अर्थव्यवस्था 34प्रतिशत टैरिफ के साथ बहुत कठिन स्थिति का सामना करेगी।

कुछ विशेषज्ञों को अब लगता है कि कम से कम तीन क्षेत्रों में भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले उत्पादों को लाभ हो सकता है। प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी का मानना है कि कृषि क्षेत्र में टैरिफ संरचना को देखते हुए, भारतीय उत्पादकों को कुछ स्पष्ट लाभ मिलते हैं और अमेरिका को कृषि निर्यात भी बढ़ सकता है।

दूसरा, दवा निर्यातक उत्साहित महसूस करते हैं। टैरिफ ने दवा उद्योग को अकेला छोड़ दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय दवाओं का एक बड़ा हिस्सा खपत होता है और इन्हें वर्तमान टैरिफ के दायरे से बाहर रखा गया है। स्पष्ट लागत लाभ के साथ, भारतीय दवा उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता है।

तीसरा, परिधान और दूरसंचार निर्यात के कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है क्योंकि प्रतिद्वंद्वी देशों पर शुल्क की बड़ी दरें लगायी गयी हैं। उदाहरण के लिए चीन और वियतनाम पर अब बहुत ज़्यादा शुल्क लागू हैं। इसके अलावा, भारत भी पीएलआई योजनाओं के साथ अपने विनिर्माण को बढ़ा सकता है जो प्रतिद्वंद्वी उत्पादों की तुलना में लागत प्रभावी हो सकता है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका सभी वस्तुओं का आयात पूरी तरह से बंद कर देगा।

जैसे-जैसे दुनिया ट्रम्प टैरिफ के साथ तालमेल बिठायेगी, अप्रत्याशित परिणाम सामने आयेंगे। देशों को गंभीर आर्थिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ेगा। कुछ को नये अवसर मिलेंगे। वैश्विक व्यापार ने निस्संदेह अभूतपूर्व विकास और वृद्धि को जन्म दिया है। इनमें से कई आवेग गायब हो जायेंगे और यह एक ऐसा युग हो सकता है जिसमें पड़ोसी को बड़ा बनाने की नीति अपनायी जायेगी।

अनिश्चितता की इस नयी दुनिया में, भारत निश्चित रूप से सबसे स्थिर और आत्मनिर्भर देशों में से एक होगा। नोमुरा के हालिया निष्कर्षों के आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चल रहे व्यापार संघर्ष और आर्थिक समायोजन में एशिया की सबसे लचीली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

## चिंताजनक है ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

■ डॉ.संजना मोहन- लेखा रत्तनानी

प्रसव पीड़ा की मारी एक महिला रात में अस्पताल पहुंचने के लिए पहाड़ी के पांच किलोमीटर रास्ते को कैसे पार करती है? जिस परिवार के पास दूध या अंडे खरीदने की ताकत न हो और उस परिवार में सिलिकोसिस और तपेदिक से गंभीर रूप से पीड़ित कुपोषित युवक हो उस परिवार को आप क्या पोषण सलाह देते हैं? उस बीमार बच्चे का क्या होगा जहां निकटतम स्वास्थ्य सुविधा 20 किमी दूर है और वहां परिवहन की कोई सुविधा उपलब्ध न हो? दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में, जो अस्वच्छता, बाढ़ और कुपोषण से बुरी तरह प्रभावित हैं, वहां आप मलेरिया, डायरिया, हैजा जैसी बीमारियों का मुकाबला कैसे करेंगे? हम इन्हें अक्सर ग्रामीण भारत में स्थितियों के रूप में देखते हैं पर वे इस देश तक सीमित नहीं हैं। ये कहानियां दुनिया भर में मौजूद हैं। विकासशील और विकसित देशों के बीच भारी अंतर के बीच दुनिया भर में ग्रामीण स्वास्थ्य की पहुंच एक प्रमुख मुद्दा है। स्वास्थ्य और आधुनिक संसाधन आम तौर पर शहरों में केंद्रित होते हैं। सभी देशों में परिवहन और संचार संबंधी मुश्किलें हैं और वे सभी देश ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी की चुनौती का सामना करते हैं। इन समस्याओं पर 4 अप्रैल से बेंगलुरु में शुरू हुए तीन दिवसीय विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में चर्चा होगी।

विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक है

शहरी क्षेत्रों में 22 प्रतिशत आबादी तक स्वास्थ्य सेवाओं और कवरेज की पहुंच है जबकि इसकी तुलना में दुनिया भर में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और कवरेज 56 फीसदी से कम है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ( आईएलओ) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 10.3 करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का दो तिहाई भाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में है। 'ग्रामीण स्वास्थ्य संरक्षण में असमानताओं पर वैश्विक साक्ष्य' शीर्षक से मई 2015 की रिपोर्ट में '174 देशों के लिए स्वास्थ्य कवरेज में ग्रामीण घाटे पर नया डेटा', नामक लेख में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच प्रमुख स्वास्थ्य पहुंच असमानताओं का खुलासा किया गया है। यह असमानता विशेष रूप से अफ्रीका में स्पष्ट दिखायी देती है जहां ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का अभाव है।

हालांकि घाटा हर जगह महसूस किया गया लेकिन कम आय वाले देशों और धन के असमान वितरण वाले देशों में यह अंतर बहुत अधिक है। उदाहरण के तौर पर देखें तो नाइजीरिया की जीडीपी अफ्रीका में सबसे ज्यादा है लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,000 अमरीकी डालर से कम है। यहां की जनसंख्या 20.6 करोड़ है। यह अफ्रीका का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। यहां आय का अत्यधिक असमान वितरण है जो इसे अमीर और बहुत गरीब दोनों बनाता है। देश की आबादी का लगभग 40 फीसदी हिस्सा गरीबी और विषम सामाजिक परिस्थितियों में रहता है जो बीमारियां पैदा करते हैं जिसे आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च से विनाशकारी उच्च स्वास्थ्य व्यय के नाम से जाना जाता है। नाइजीरियाई स्वास्थ्य देखभाल खर्च, लगभग 80प्रति सैकड़ा आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च (वह खर्च जो आप अपनी जेब से करते हैं, जिसकी प्रतिपूर्ति या रिइम्बर्समेंट बाद में हो सकता है या नहीं भी हो सकता)। इसका मतलब यह है कि व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा या सरकारी धन पर निर्भर रहने के बजाय सीधे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं। भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय में लगातार गिरावट देखी गई है जो 2017-18 में 48.8 प्रति सैकड़ा से घटकर 2021-22 में 39.4 फीसदी हो गई है।

विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक है जो क्लीनिक या अस्पतालों तक कम पहुंच रखते हैं। ये आंकड़े सिर्फ यह दिखाने के लिए है कि अमीर माने जाने वाले देश स्वास्थ्य सेवा के मामले में ग्रामीण-शहरी विभाजन को देखते हुए कोई अच्छी हालत में नहीं हैं।

उदाहरण के तौर पर नीदरलैंड एक छोटा व विकसित देश है जिसमें उच्च जनसंख्या घनत्व है और जिसे अपेक्षाकृत कम दूरी को देखते हुए अन्य देशों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मामूली पहुंच के मुद्दों के कारण कोई समस्या नहीं होनी चाहिए, लेकिन शहरी और ग्रामीण नगरपालिकाओं में जनसंख्या घनत्व में अंतर बड़ा है तथा ग्रामीण इलाकों से शहरी क्षेत्रों में युवाओं के बढ़ते अप्रवासन के कारण ग्रामीण विरल आबादी की समस्याएं बढ़ रही हैं। यह समस्या मुख्य रूप से पीछे छूट गए लोगों की बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की मांगों के कारण है जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा।

ग्रामीण जनता खराब स्वास्थ्य, पहुंच की कमी और गरीबी के चक्र में फंसी हुई है। 1992 के बाद से फैमिली डॉक्टरों के विश्व संगठन डब्ल्यूओएनसीए (वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ नेशनल कॉलेज एकेडेमिज् एंड एकेडेमिक एसोसिएशन ऑफ जनरल प्रेक्टिशनर्स, फैमिली फीजिशियन्स) ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया है। उक्त संगठन के माध्यम से किया गया यह अध्ययन मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की प्रैक्टिस पर आधारित है जिसने विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलनों और डब्ल्यूओएनसीए ग्रामीण नीतियों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का डब्ल्यूओएनसीए के साथ समझौता है जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य पहल शामिल है। 20 साल से अधिक समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन और वोंका ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर एक प्रमुख विश्व स्वास्थ्य संगठन - डब्ल्यूओएनसीए आमंत्रण सम्मेलन आयोजित किया था। इस सम्मेलन ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल की एक विशिष्ट कार्य योजना शुरू की। फिर भी, वास्तव में कुछ नहीं हुआ है। इसके बावजूद दुनिया भर के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय निकायों के संयुक्त ठोस प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण लोगों के लिए 'सभी के लिए स्वास्थ्य' का नजरिया प्राप्त होने की अधिक संभावना है।

भारत में ग्रामीण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे अन्य देशों की तुलना में अधिक हैं। वहां युवा डॉक्टरों को गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों में समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने जैसी पहल चल रही हैं। इस साल अक्टूबर में भारत भर के युवा डॉक्टरों का एक समूह उदयपुर शहर से 25 किलोमीटर दूर एक गांव इसवाल में बैठक करेगा जो बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज द्वारा आयोजित ग्रामीण संवेदीकरण कार्यक्रम ( आरएसपी) में भाग लेगा। यह राजस्थान की एक गैर-लाभकारी संस्था है जो राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलाती है। आरएसपी तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यक्रम है जो इस समूह को एक ओर अच्छी तरह से काम करने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं और दूसरी तरफ ग्रामीण व आदिवासी समुदायों के प्रतिदिन के जीवन और संघर्षों को उजागर करने की उम्मीद रखता है। आरएसपी कई युवा डॉक्टरों के बीच कॉर्पोरेट अस्पतालों, फार्मा कंपनियों और कमीशनखोरी की वास्तविक दुनिया से बढ़ते मोहभंग के जवाब में उभरा है। उन्हें किस तरफ जाना चाहिए? इसका जवाब ग्रामीण भारत दे सकता है क्योंकि वह अपनी स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी समस्याओं से बाहर आने के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें समुदाय के करीब आधारित स्वास्थ्य सेवा मॉडल की आवश्यकता होगी जो नैतिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा का प्रैक्टिस करते हैं। ग्रामीण संवेदीकरण शेष विश्व के लिए मार्गदर्शक हो सकता है।

**( डॉ. संजना बेसिक हेल्थ केयर सर्विसेज की सह-संस्थापक व लेखा रत्तनानी द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं।( सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

# कलेक्टर के आदेश की अवेहलना पर एसडीएम के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## पार्षद के फर्जी जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़ने का मामला



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस ने भाजपा की हनुमानताल से पार्षद कविता गोंद्रे रैकवार (कविता रैकवार) के मामले को लेकर हंगामा शुरू कर दिया है। इसी के चलते शुक्रवार को आधारताल एसडीएम कार्यालय विजय नगर में जमकर बवाल हुआ। इस दौरान नारेबाजी के साथ आरोपित पार्षद के खिलाफ एफआईआर करने एवं पार्षद का चुनाव शून्य घोषित करने की मांग की गई। गौरतलब है कि पूर्व में इसी मामले को लेकर देशबन्धु ने प्रमुखता से उठाया था। इसमें बताया गया था किस तरह जिले कलेक्टर के अधीनस्थ प्रशासनिक अधिकारी अपने शीर्ष अधिकारी के निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कलेक्टर ने प्रकरण को लेकर पार्षद के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश से जुड़ा पत्र जारी किया, जिसे समाचार में प्रकाशित किया गया था।

शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अनुविभागीय अधिकारी अधारताल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया या। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हनुमानताल वार्ड क्रमांक 24 की पार्षद कविता गोंद्रे (कविता रैकवार) के द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर चुनाव लड़ा, जिसकी शिकायत कांग्रेस प्रत्याशी राखी रज्जू सराफ के द्वारा की गई थी, लगभग 2 साल की लंबी जांच के बाद उच्च स्तरीय जांच कमेटी द्वारा यह माना कि जिस जाति प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती कविता ने चुनाव लड़ा वह फर्जी और उनके ऊपर एफआईआर दर्ज कराने जिला कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अधारताल को लिखित आदेश दिया था ,लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी अनुविभागीय अधिकारी अधारताल द्वारा उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करने पर प्रदर्शन किया।

सत्ता दल के दवाब मे अधिकारी- कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के दबाव में कार्यवाही नहीं की जा रही अधिकारियों को न्यायालय तक का डर नहीं रह गया। खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है यह कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कर उनका कार्यकाल शून्य घोषित नहीं किया जाता है, तो कांग्रेस पार्टी आगे उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस मौके पर पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया ,दिनेश यादव, कमलेश यादव, वीरेन्द्र चौबे,गुड्डू चौबे, रज्जू सराफ,मुकेश राठौर, इंदिरा पाठक तिवारी,राखी रज्जू सराफ गुड्डू नवी, प्रवेंद्र चौहान,अख्तर अंसारी, सत्येंद्र चौबे,झल्ले लाल जैन, रीतेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

# पंद्रह दिवसीय झील महोत्सव का आज होगा भव्य शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुण्य सलिला माँ नर्मदा के विश्व प्रसिद्ध बरगी बाँध तट पर कल शनिवार को शाम 4: 30 बजे पंद्रह दिवसीय झील महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। समाधि रोड से बरबटी मार्ग के बीच बरगी बांध के तट पर 5 से 20 अप्रैल तक आयोजित किये जा रहे इस भव्य कार्यक्रम का शुभारम्भ लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह ने बताया कि प्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियां होंगी।

कार्यक्रम में एक ओर जहां फ्लाई-बोट पानी और हवा के बीच संतुलन साधेंगी, तो वहीं दूसरी ओर पानी को चीर कर निकलती मोटर बोट तट पर मौजूद दर्शकों को रोमांचित करेंगी।

बरगी की अथाह जलराशि में हवा से बातें करती बोट और अलग-अलग ड्राइव करते युवा दिखाई देंगे, तो वहीं हाट एयर बलून पर सवार होकर आकाश की सैर प्रकृति प्रमियों के लिए कम नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में श्रीमती भैरवी विश्वरूप समूह के कलाकार नृत्य नाटिका के माध्यम से नर्मदा की स्तुति करेंगे। पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए आयोजन स्थल पर स्विस टेंट भी लगाए गए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मुताबिक कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर में मंडला सांसद द्वय लोकसभा फग्गन सिंह कुलस्ते, आशीष दुबे, सांसद द्वय श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक, विवेक कृष्ण तन्खा, विधायक सर्व अजय विश्नोई, लखन घनघोरिया, सुशील तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडेय, नीरज सिंह, संतोष बरकडे, , महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिला पंचायत अध्यक्ष मंडला संजय सिंह कुशराम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित कलेक्टर दीपक सक्सेना, मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्र सहित दोनों जिलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आज के कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह 5 अप्रैल को शहर में विभिन्न् कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह सुबह 11.30 बजे त्रिपुरी वार्ड सगड़ा, दोपहर 12.30 बजे गुप्तेश्वर वार्ड कैलाश पुरी तथा दोपहर 1.30 बजे वीर सावरकर वार्ड शिव नगर में चौपाल करेंगे। श्री सिंह शाम 3.30 बजे गौतम गंज गढ़ा में श्रीराम कथा, शाम 4 बजे गंगा सागर मंदिर मदन महल में श्रीमद् भागवत कथा, शाम 5 बजे बड़े हनुमान मंदिर अधारताल में श्री राम कथा तथा शाम 6 बजे बरगी डेम के पास ग्राम देवरी बकई में झील महोत्सकव में शामिल होंगे।

# टैक्स बार एसोसिएशन की नई टीम ने संभाला कार्यभार



**जबलपुर, देशबन्धु।** टैक्स बार एसोसिऐशन जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सत्र 2025-27 होटल कृष्णा के सभागार मे 3 अप्रैल 2025 को संपन्न हुआ। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति माननीय विशाल धगट थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश नारायण पुरोहित थे एवं शपथ अधिकारी जे पी राय, अधिवक्ता थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में टैक्स बार के सदस्यों के साथ, स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी अधिवक्ता, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन से प्रशांत अवस्थी अधिवक्ता, सीनियर हाई कोर्ट बार अधिवक्ता बार एसोसिएशन से नितिन तिवारी अधिवक्ता एवं आशीष त्रिवेदी अधिवक्ता, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा अधिवक्ता एवं उपाध्यक्ष ज्योति राय अधिवक्ता, महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स से रवि गुप्ता, अखिल मिश्रा आदि उपस्थित थे।





# अखिलेश मावेन पर कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व विजय नगर स्थित जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेवेन द्वारा भगवान श्रीराम के विरूद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एवं हिन्दू धर्म के लोगों के खिलाफ गंदी टिप्पणी अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाई थी, इसके विरोध में पुलिस द्वारा शीघ्र कार्यवाही करते हुए अखिलेश मेवेन पर मामला दर्ज किया गया, निवेदन करते हैं कि अखिलेश मेवेन द्वारा यह कृत्य जानबूझकर किया गया है ताकि दो धर्म विशेष के लोगों को विवाद उत्पन्न हो जाये। मेवेन के इस कृत्य से 135 करोड भारतीयों की भावनायें आहत हुई है। अत: उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए अखिलेश मेवेन पर राष्ट्र द्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाये एवं उसी गिरफ्तारी के लिए उचित ईनाम घोषित किया जाये। राष्ट्र हित को ध्यान रखते हुए एवं शांति कायम रखने हेतु हमें विश्वास है कि मेवेन पर पुलिस प्रशासन द्वारा कडी कार्यवाही की जायेगी, अमरीश मिश्रा, जितिन राज कांग्रेस नेता प्रतीक शुक्ला प्रदेश सचिव शामिल रहे।

इधर स्कूल संचालक को पकड़ने के मामले में पुलिस ने जॉच स्कूल में पूंछताछ का काम किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ एवं अन्य लोगों से दस्तावेज को लेकर जरूरी जानकारी प्राप्त की। हालाकि आरोपित स्कूल संचालक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके।

# मॉडल रोड़ मे खड़ी गाड़ियों पर यातायात पुलिस की चालानी कार्यवाही



**जबलपुर,देशबन्धु।** मॉडल रोड़ पर वाहनों की धमाचौकड़ी से बाधित हो रहे यातायात को व्यवस्थित करने हेतु, आज यातायात विभाग द्वारा सुपर मार्केट, मालवीय चौक, तीन पत्ती, से लेकर शास्त्री ब्रिज तक यातायात में बाधा बन रहे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई, तथा कुछ वाहनों को क्रेन से उठाकर थाने ले जाया गया। तीन पत्ती चौक में गुप्ता मंगोड़े की दुकान के सामने वाहन खड़े होने से रोकने के लिए चेतावनी संकेतक 'नो पार्किंग' का बोर्ड भी लगाया गया।

मॉडल रोड़ पर बेतरतीब खड़े वाहन जो तीन पत्ती से नवभारत तक आधी रोड में वाहन ही खड़े रहते हैं, और कहीं दुकानों के आगे भी वाहन खड़े रहते हैं , इससे दिन भर जगह जगह जाम की स्थिति बनी रहती है। बार बार सीटी बजा कर चेतावनी देने के बाद भी, लोग सड़क पर वाहन कर रहे थे, इसी पर

यातायात विभाग ने सख्त कार्यवाही करते हुए ना सिर्फ़ चालान काटे, बल्कि बिना चालक के वाहनों को जब्त भी किया गया। निश्चित तौर पर यातायात पुलिस की ये कार्यवाही सराहनीय है, लेकिन ये तो फौरी समाधान हुआ, दरअसल यदि जनता को दंड के साथ नियमों के पालन हेतु जागरूक भी किया जाए तो, समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है, और ऐसा अन्य बड़े शहरों में होता भी है।

# राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा, भजन संध्या आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के राजेश्वरी परिसर कजरवारा बिलहरी में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस मौके पर जगत गुरू रामानुचार डॉ. स्वामी श्रीबालगोविंदाचार्य एवं अन्य संत जनों द्वारा अपना आर्शीवाद प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में जहां अनुप जलौटा की भजन संध्या आयोजित की गई वहीं 5 अप्रैल को शाम 6 बजे से स्ताविश्वकर्मा का भजन संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ आलोक चंसौरिया, डॉ आलोक मिश्रा ने सभी आमंत्रित जनों से उपस्थिति का आग्रह करते हुए पुन्य लाभ लेने कहा है। कार्यक्रम की तैयारी व्यापक रूप से की गई है जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री एवं सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# शिक्षकों ने किया डीईओ का सम्मान



**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित पुस्तक मेले के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों ने जिला कलेक्टर को साधूवाद देते हुए डीईओ घनश्याम सोनी का पगड़ी बंधन व पुष्पमालाओं से सम्मान करते हुए जिलाध्यक्ष विश्वदीप पटेरिया ने बताया कि जो बच्चे पुस्तकों के लिए तरस्ते थे उन्हें बेहद कम कीमत व रियायती दर पर पुस्तक व गणवेश मिल रही है अभिभावक व बच्चे बेहद उत्सुक व प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विश्वदीप पटेरिया, निर्मल अग्रवाल, संजय उपाध्याय, इन्द्रपुरी गोस्वामी, प्रज्ञा शर्मा, मालती खान, दीप्ती ठाकुर, मनीषा सोनी, परिष्मा पटेल, सोनल कटारे, मदन मनीहार, प्रदीप पटेल, कमलेश पटेल, तीरथ साहू, किशन विश्वकर्मा, अरविंद खरे, सुरेश कोरी, रामशंकर श्रंगी, अरूण दीवान, अरूण जैन, शीतल पटेल, चंद्रिका श्रीवास्तव मौजूद थे।

# एनडीए और सीडीएस की परीक्षा के लिये सहायक कोआर्डिनेटिंग सुपरवाइजर नियुक्त

**जबलपुर में 11 केंद्रों पर होगी परीक्षा**

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली की आने वाले 13 अप्रैल को आयोजित की जा रही एनडीए/एनए और सीडीएस-1 की परीक्षा के सुचारू संचालन के लिये सहायक कोआर्डिनेटिंग सुपरवाइजर के तौर पर रिजर्व सहित 16 प्रशासनिक अधिकारियों को नियुक्त किया है।

एनडीए/एनए और सीडीएस-1 की परीक्षा शहर में 11 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। इनमें एनडीए/एनए की परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक होगी तथा सीडीएस-1 की परीक्षा तीन पालियों में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक, दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक एवं तथा दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे आयोजित की जायेंगी। परीक्षाओं में 3 हजार 943 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

एनडीए/एनए और सीडीएस-1 परीक्षा के लिये सहायक कोआर्डिनेटिंग सुपरवाइजर के तौर पर कलेक्टर द्वारा तैनात किये गये प्रशासनिक अधिकारियों पर तय टाइम टेबल के अनुसार जिला कोषालय से परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्रों के पैकेट्स प्राप्त कर परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुँचाने का दायित्व होगा।

# जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत हिरण नदी से निकाली गई जलकुंभी



**जबलपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन अभियान परिषद के अमले द्वारा ग्राम इटवा कोनी में विकास खण्ड पाटन में हिरण नदी से जल कुंभी निकाली गई और जन सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज की भागीदारी से प्रति सप्ताह दो दिन हिरण नदी की सफाई का कार्य किया जाएगा। आज अनीता बाई जन कल्याण समिति मादा के संयोजन में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकास खण्ड समन्वयक नूपुर खरे,प्रस्फुटन समितियों के साथ ही मेंटर्स एवं सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के समाज कार्य के छात्र छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

# नगर निगम के पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम के समस्त पेंशनर और पारिवारिक पेंशन का लाभ लेने वाले पेंशनरों को माह अप्रैल 2025 में भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार समस्त सेवानिवृत पेंशनरों का दिनांक 1 अप्रैल 2025 से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, समस्त निगम से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर नगर निगम मुख्यालय में पेंशन शाखा कमरा नं. 43 में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन करा सकते हैं, जिससे मासिक पेंशन सुचारू रूप से जारी रहे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने समस्त पेंशनर से निर्धारित समय सीमा में भौतिक सत्यापन कराकर पारिवारिक पेंशन का लाभ पूर्व की भांति लेने का आग्रह किया है।

# शासकीय चिकित्सा एवं शासकीय विद्यालय का नाम बदलने की मांग



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रबुध कुशवाहा समाज लालमाटी के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर यह मांग की गई है कि सम्राट अशोक के नाम पर शासकीय जिला अस्पताल एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं शासकीय विध्यालय का नामकरण किया जावे, इस अवसर पर एड. मनोज कुशवाहा, रविन्द्र कुशवाहा, रामभजन नीलू कुशवाहा, संतोष कुशवाहा एड. गोपाल कुशवाहा, एड. सुभम कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, एड. सुमीत पटेल एड रूपेश कुशवाहा, एड. सौरभ पटेल, एड. राजेन्द्र कनौजिया, एड. अजय पटेल उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग ने नरवाई का उचित प्रबंधन के लिए जारी किये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जायद सीजन में उड़द एवं मूंग का बोनी कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों द्वारा गेहूं फसल की कटाई के बाद उड़द एवं मूंग फसलों की बोनी की जा रही है। प्राय: हार्वेस्टर से गेहूं फसल की कटाई उपरांत जो फसल अवशेष बचता है, उसको आग लगाकर नष्ट कर दिया जाता है, इस प्रक्रिया को नरवाई जलाना कहते हैं।

नरवाई जलाने से मृदा की गुणवत्ता का हास होता है। इससे भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त होती है, उपस्थित सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। सूक्ष्म जीवों के नष्ट होने के फलस्वरूप जैविक खाद का निर्माण रूक जाता है। लगातार नरवाई जलाने से मिट्टी की ऊपरी सतह जलकर कठोर हो जाती है, खेत की जल धारण क्षमता कम होने लगती है एवं फसलें जल्दी सूखती हैं। नरवाई जलाने से मेढ़ों पर लगे पेड़-पौधे नष्ट होने से उन पर पल रहे मित्र कीटों को भी नुकसान होता है। नरवाई के धुंए से पर्यावरण प्रदूषित होता है, तापमान में वृद्धि होने से वातावरण और अधिक गर्म होता जा रहा है।

उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास के निर्देशन में जिले में लगभग 1500 एकड़ में नरवाई प्रबंधन से संबंधित फसल प्रदर्शन किये जा रहे हैं। जिसमें गेहूं की फसल की कटाई के तुरंत बाद नरवाई को जलाए बिना हैप्पी सीडर, सुपर सौडर एवं स्मार्ट सीडर के माध्यम से उड़द एवं मूंग की बोनी की जा रही है। आज 4 अप्रैल को विकासखंड पनागर के ग्राम पिपरिया बनियाखेड़ा में सुश्री पूनम चक्रवर्ती, कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति में कृषक श्री भागीरथ पटेल एवं विनय पटेल के खेत पर 01-01 एकड़ में, ग्राम नुनियाकला में श्रीमति मोनिका झा, कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति में कृषक तीरथ पटेल एवं प्रहलाद पटेल के खेत पर 01-01 एकड़ में एवं सिहोरा विकासखंड के ग्राम घोरा कोनी में सुश्री अदिति राजपूत, कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति में कृषक श्री पुरुषोत्तम असाटी एवं कमल पालीवाल के खेत पर हैप्पी सीडर द्वारा नरवाई प्रबंधन प्रदर्शन आयोजित किये गये।

नरवाई प्रबंधन प्रदर्शन आयोजन के दौरान उपस्थित कृषि विस्तार अधिकारियों ने बताया कि, यदि किसान नरवाई जलाने के बजाए नरवाई का उचित प्रबंधन करे तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

हार्वेस्टर से कटाई उपरांत खेत में 8-12 इंच के डंठल शेष रहते हैं, उन्हें स्ट्रा रीपर का उपयोग कर भूसा बनाया जा सकता है। जिसका उपयोग पशुओं को चारे तथा अतिरिक्त आय के साधन के रूप में किया जा सकता है। नरवाई को नष्ट करने के लिए रोटावेटर का उपयोग किया जा जाए, जो नरवाई को बारीक कर मिट्टी में मिला देता है। इससे जैविक खाद तैयार होती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ती है तथा उपज में वृद्धि होती है।

# पुस्तक मेला: अभिभावकों को राहत

## तीन दिन बढ़ी अवधि, अब 8 अप्रैल तक लगेगा पुस्तक मेला

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को न्यूनतम दरों पर पुस्तक, कॉपी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक भवन के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा पुस्तक मेला निजी स्कूलों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं के गठजोड़ के खत्म करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च से लगाये जा रहे पुस्तक और गणवेश मेले में दिन-ब-दिन बच्चों और अभिभावकों की बढ़ रही संख्या इसका बन रही है।

बच्चों और अभिभावकों से मिल रहे अच्छे रिस्पांस को देखते जिला प्रशासन ने मेले की अवधि तीन दिन और बढाने का निर्णय लिया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि पुस्तक और गणवेश मेला अब 6, 7 और 8 अप्रैल को भी जारी रहेगा। वहीं शनिवार 5 अप्रैल एवं रविवार 6 अप्रैल को अवकाश के दिनों में यह मेला दोपहर 12 बजे से शुरू होगा और रात 10 बजे तक खुला रहेगा। आज भी बड़ी संख्या में



स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ पुस्तक मेला पहुँचे और रियायती दरों पर कॉपी- किताब, यूनिफार्म और स्कूल बैग की खरीददारी की। बच्चों ने मंत्र मुग्ध कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और फूड जोन में लगे स्टॉलों पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। पुस्तक मेला के ग्यारहवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ समाज सेवी और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री विवेक पटेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बाल कलाकारों द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले विभिन्न स्कूल के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयाद्य पुस्तक मेला का आज शुक्रवार की शाम विधायक लखन घनघोरिया ने भी भ्रमण किया और अपने संबोधन में इसके आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।

# सनातन धर्म महासभा द्वारा रामनवमीं पर दिव्य शोभायात्रा



## मालवीय चौक पर होगा भव्य स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सनातन धर्म महासभा एवं श्री राममंदिर मदन महल के संयुक्त तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन प्राकट्योत्सव पर इस वर्ष भी संस्कारधानी जबलपुर में साकेतवासी महामंडलेश्वर पूज्य महंत रामचन्द्रदास जी शास्त्री द्वारा स्थापित परंपरानुसार इस 45 वें वर्ष में भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा रविवार 06 अप्रैल को सायं 6.00 बजे से श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराने मोटर स्टैंड) से संरक्षक एवं प्रेरणास्त्रोत अनंत श्री विभूषित रामरंगी द्वाराचार्य नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ स्वामी नरसिंगदेवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य व नगर के सभी पूज्य संतों की उपस्थिति में निकाली जाएगी। शोभायात्रा श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराना मोटर स्टैंड) से प्रारंभ होकर नगर निगम चौक,मालवीय चौक, लार्डगंज चौक,बड़ा फुहारा, कमानिया गेट से कोतवाली,मिलौनीगंज चौक होते हुए श्री रामलीला मंच गोविंदगंज में विशाल धर्म सभा के साथ विश्राम लेगी। शोभायात्रा में भगवान श्री राम की सजीव झांकियां व स्वरूपों का मनोहारी प्रदर्शन होगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, रत्नेश सोनकर ने बताया कि संगठन द्वारा मालवीय चौक पर इस दिव्य शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। सभी संस्कारधानी वासी धर्मानुरागियों से आग्रह है कि अपने परिवार ईष्ट मित्रों सहित शोभायात्रा में शामिल होकर प्रभु श्री राम जी की कृपा व पुण्य लाभ अर्जित करें ।

# कैनवास पर कलाकारी दिखाकर युवाओं ने भरे कल्पनाओं के रंग

## रानी दुर्गावती कलावीथिका में राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी



**जबलपुर, देशबन्धु।** मां नर्मदा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में रानी दुर्गावती कलावीथिका में राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी सम्पन्न हुई। कार्यकम में युवाओं ने कैनवास पर कलाकारी दिखाते हुए कल्पनाओं के बेमिसाल रंग भरे। आयोजन में कलाकार संतोष गोंड ने कला का प्रदर्शन कर पोस्टर तैयार किया। उन्होंने बताया कि पोस्टर विभिन्न आयामों से बना सकते हैं। पोस्टर बनाने के लिए यह जरूरी है कि हम विषयों को रंगों से परिभाषित कर सके। पोस्टर बनाते समय कम शब्दों में पूरी बात कह देने होती है ऐसे में मूलभूत तत्वों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

**इलेस्ट्रेशन की समझाई बारीकियां-** कलाकार ने बतौर एक्सपर्ट युवाओं को बताया कि पोस्टर बनाते समय पंच लाइन, एड्रेस लाइन, इलेस्ट्रेशन और टाइम का खास ध्यान रखना होता है।

आयोजन में सभी युवा कलाकारों ने सामूहिक पेंटिंग का निर्माण किया। इसमें नरेन्द्र वर्मा, लक्ष्मी बैन, बृजमोहन आर्य, दुर्गेश बिरथरे, संजय प्रजापति, ऋतुराज श्रीवास्तव, सोमेश सोनी, अजय धावर्डे की सहभागिता रही। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष तरुण दुबे ने प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम में अभिषेक दुबे, प्रियांशी, रीतेश, सिद्धा, शुभम, कपिल, कामना, सरबजीत, नूतन, दीपक, दीपिका, अंजलि, अहाना, जसप्रीत, नंदिता, रियाज, अक्सा, सृष्टि मौजूद रहीं।

# कोविड ने छीना प्रोजेक्ट, टेक्नोलॉजी से लिया मैनेजमेंट का यू-टर्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के सत्यम शर्मा को आइआइएम के दीक्षांत समारोह में एमबीए की डिग्री प्रदान हुई। यह उपाधि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, डॉ. आशीष मोदी और आइआइएम शिलांग बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरपर्सन शिशिर कुमार बजोरिया, प्रो. डीपी गोयल ने की। वे बीएसएनएएल के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एवं लेखक लक्ष्मीकांत शर्मा एवं स्मृति शर्मा के बेटे हैं। अभिभावकों ने बताया कि मॉडल हाई से पढ़ाई के बाद सत्यम ने आरजीपीवी से बीटेक, वीआइटी से एम टेक कर मल्टीनेशनल कम्पनी में कंसल्टेंट के रूप में कार्य किया, लेकिन कोविड में प्रोजेक्ट बंद होने के बाद कई दिन निराशा भरे गुजरे। खुद को संभाला और कैट क्रेक कर आइआइएम से एमबीए किया।

# नए सत्र से इको क्लब से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण का दायित्व संभालेंगे छात्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** डिग्री कॉलेजों में संचालित विभागीय क्लबों द्वारा स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा, रोजगार और कला को लेकर काफी काम किया जा रहा है। वहीं गवर्नमेंट कॉलेजों में संचालित इको क्लब में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। अब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हर कॉलेजों में इको क्लब का गठन अनिवार्य रूप से गठित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन क्लबों से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण का अधिक काम किया जाएगा।

**नए सत्र में बढ़ेंगे क्लब-** डिग्री कॉलेजों में इस समय एक विभाग द्वारा 2 से 3 क्लब संचालित किए जा रहे हैं। इसमें ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी शिक्षा, सॉफ्टवेयर डवलपमेंट, स्किल एबिलिटी जैसी एक्टिविटी करवाई जाती है।

नए सत्र से इन क्लबों की संख्या में इजाफा होगा। इसमें छात्रों को पदाधिकारी के रूप में भी नियुक्त किया जाएगा।

**हर विभाग के लिए जरूरी-** कॉलेजों के हर विभाग द्वारा एक क्लब संचालित किया जाता है। शासकीय होमसाइंस कॉलेज की प्रो. डॉ. साधना केशरवानी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कॉलेजों में प्रत्येक विभाग द्वारा एक क्लब का गठन किया जाता है। इस क्लबों का उद्देश्य विभाग की गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

**हस्तियों के नाम पर क्लब-** विभागों द्वारा संचालित क्लबों के नाम प्रसिद्ध किरदारों के नाम पर रखे जाते हैं।

इन क्लबों के नाम ऊर्जा सलीम अली, कलाम आजाद, चंद्रशेखर क्लब, मौलाना आजाद क्लब, अटल क्लब, लक्ष्मी बाई पर रखे जाते हैं। इसके साथ ही विभाग से संबंधित नाम भी रखे जाते हैं। इसमें इको क्लब, साइंस क्लब, हेल्थ एंड फिटनेस क्लब, स्पोर्ट्स क्लब भी खास हैं।

# बांस से बने कंदिल बिखेर रहे सतरंगी रोशनी, जूट की ज्वेलरी बढ़ा रही स्टाइल स्टेटमेंट

## वर्ल्ड हैंडमेड डे- होम डेकोर के लिए हैंडमेड डेकोरेटिव आइटम्स का दिख रहा ट्रेंड

**जबलपुर, देशबन्धु।** हैंडमेड उत्पादों का उपयोग लोगों को पसंद आ रहा है। होम डेकोरेशन से लेकर स्टाइल स्टेटमेंट तक के लिए शहरवासी हैंडमेड उत्पाद इस्तेमाल कर रहे हैं। बांस, जूट, कपास और अन्य चीजों का उपयोग कर हैंडमेड चीजों को स्पेशल बनाया जा रहा है। ड्रेसेज हो या फिर सजावटी सामान ज्यादातर वस्तुओं में हैंडमेड का जादू नजर आ रहा है। खासतौर पर फेस्टिवल सीजन में लोग इन्हीं उत्पादों से घर सजाना भी पसंद करते हैं।

इतना ही नहीं हैंडमेड वस्तुओं का निर्माण करना युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया भी बन रहा है। हस्तनिर्मित वस्तुओं के उत्पाद और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 5 अप्रेल को वर्ल्ड हैंडमेड डे मनाया जाता है।

**होम मेकर्स का इनोवेशन-** समर सीजन स्टार्ट होने वाला है। ऐसे में अधिकतर महिलाएं इस तरह की कई वर्कशॉप से जुड़ना पसंद करती हैं, ताकि वे बच्चों के समर वेकेशन का सदुपयोग कर सकें। इतना ही नहीं कई महिलाएं घर पर रहते हुए हस्तनिर्मित चीजों का इस्तेमाल कर सजावटी सामान बनाना पसंद कर रहीं हैं। इसमें द्वार हैंगर, पॉट, ज्वेलरी बॉक्स, वॉल डेकोरेटिव आइटम्स, पेंटिंग से घर सजा रहीं हैं।

**डेकोरेशन से फैशन तक-** हैंडमेड प्रोडक्ट का यूज अब डेकोरेशन से लेकर फैशन तक में नजर आ रहा है। आशिता जैन कहती हैं कि उन्हें हैंडमेड प्रोडक्ट काफी पसंद है। शहर में लगने वाले मेले या एग्जीबिशन से एंटीक और यूनीक कलेक्शन खरीदती हैं।

इसमें होम डेकोरेशन के साथ ज्वेलरी और ड्रेस अधिक होते हैं। हाथों से निर्मित ईयररिंग, नेकलेस, ब्रेसलेट, बैंगल्स और ड्रेस मैटेरियल स्टाइल बढ़ा रहीं हैं।

**सेंटर ऑफ अट्रैक्शन लुक-** महिलाओं का कहना है कि हैंडमेड प्रोडक्ट्स की सजावट से घर को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन लुक मिलता है। प्रीति पारुल का कहना है कि हस्तनिर्मित वॉल हैंगिंग, वॉल डेकोरेटिव आइटम्स जैसी चीजों से जब घर सजाया जाता है, तो आने वाले मेहमानों के बीच यह काफी पसंद किया जाता है। अब लैम्प लाइटिंग और झूमर बांस और जूट से रेडी किए जा रहे हैं। इससे काफी यूनीक डेकोरेशन मिलता है।

## दैनिक राशिफल

शनिवार 05 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-आर्द्रा ।

**मेष** — आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ** — आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

`क-169-138

**कर्क** — अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह** — आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या** — आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला** — आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर** — जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ** — अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन** — आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.189-247

1,3,8,9,10,07,88,35,92,05,00,14

# भागवत कथा में किया गया गोवर्धन पूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा स्थित पंचमठा मंदिर में भागवत कथा में आज अनूपदेव जी महाराज ने बताया कि भगवान इन्द्र जब प्रकोप में थे तब उन्होंने वर्षा करके कहर बरपाया। चारों ओर हाहाकार मच गई। गांव जलमग्न होने लगे तब भगवान श्रीकृष्ण ने प्रलय से लोगों को बचाने के लिए कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। इससे गांव के सभी लोग गोवर्धन पर्वत के नीचे आ गए और वहां शरण ली। इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। भागवत कथा में उन्होंने कहा कि मन से नमन और मन से मनन करेंगे तो जिंदगी की सारी समस्याओं का हनन हो जाएगा। भागवत के यजमान प्रभा - अशोक स्वामी हैं।

# चैत्र अशोक जन्म महाअष्टमी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रियदर्शी चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की 5 अप्रैल 2025 को संस्कारधानी में जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक जयंती विशाल शोभायात्रा निकाली जा रही है स्थान रामपुर चौक से सम्राट अशोक चौक, ग्वारीघाट (झण्डा चौक) तक समय शाम ठीक 6.30 एवं 8 बजे सभा के रूप में सम्पन्न होगी विभिन्न सहयोगी संस्थाएं शामिल होकर सम्राट अशोक के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा। उदयभद्र बौद्ध, शैलेन्द्र बौद्ध, धर्मेन्द्र कुशवाहा, एनएल राम, बैजनाथ पटेल, रविन्द्र कुशवाहा, सुरेश पासी, विजय कुमार, विरेन्द्र कुमार, संतोष मेश्राम, अनिल बावरिया, नंद कुमार कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, बृजनंदा कुशवाहा ने उपस्थिति की अपील की है।

# कलाकार देंगे बुंदेली गीतों की प्रस्तुति

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंद्रलोक परफॉर्मिंग आर्ट संस्था के कलाकार शहडोल में होने वाले मप्र संस्कृति संस्कृति विभाग संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम 6 अप्रेल को होगा। इसमें आकाशवाणी के गायक एवं बुंदेली गायक भवानी दास अहिरवार साथी कलाकार शिव प्रसाद (ढोलक), मोहन अहिरवार (नगरिया), भारत प्रसाद (मृदंग), विनय पटेल (बैंजो ), प्रदीप चौधरी (पेड), पप्पू सूर्यवंशी सहायक कलाकार के रूप में बुंदेली गायन करेंगे।

# निधन

ईश्वर अल्लाह तेरो नाम
सबको सद्गति दे भगवान

**श्री श्याम कुमार चौकसे-** कमला नेहरू नगर यादव कॉलोनी निवासी श्री श्याम कुमार चौकसे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा मोटवानी-** कशिश होम्स बदनपुर शक्ति नगर निवासी श्री संजय मोटवानी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा मोटवानी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण भगवान शर्मा-** आजाद नगर रांझी निवासी श्री कृष्ण भगवान शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम अहिरवार-** राजीव गांधी नगर निवासी श्री तुलसीराम अहिरवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई पटेल-** राजुल टाउनशिप चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री कौड़ी लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई-** गली नं. 20 सदर पासी मोहल्ला निवासी श्री देवतादीन की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रदीप शर्मा-** प्रयागराज कोतवाली निवासी श्री प्रदीप शर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा अम्मा-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री नारायण स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा अम्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम सुलोचन सेन-** संजय नगर भड़पुरा अधारताल निवासी श्री विश्वनाथ प्रसाद सेन के पुत्र श्री राम सुलोचन सेन (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निशा चौधरी-** गली नं. 2 बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ पोलीपाथर निवासी श्री राजू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती निशा चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# माँ सीता प्रसाद रोटी ग्रुप द्वारा सनातन नव वर्ष मनाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** माँ सीता प्रसाद रोटी ग्रुप द्वारा छोटे बच्चों में सनातन के प्रति जागरूकता रहे इस हेतु छोटे-छोटे बच्चों को सनातन नव वर्ष का महत्व बताया गया विजय यादव ने बताया कि सनातन नव वर्ष का प्रारंभ हुआ एवं छोटे बच्चों में आने वाली जो युवा पीढ़ी है उसमें सनातन नव वर्ष का और अंग्रेजी कैलेंडर का क्या अंतर है यह बताना बहुत जरूरी था इस कारण माँ सीता प्रसाद रोटी ग्रुप द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को सनातन नव वर्ष का महत्व बताया गया।

# सर्व ईसाई महासभा ने दिया धरना

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना परिसर में हुई अप्रिय घटना में कुछ असामाजिक तथ्वों द्वारा कानून को हाथ में लेकर ईसाई समुदाय के धर्म गुरूओं के साथ मारपीट की गई थी जिस कारण ईसाई समाज में रोष व्याप्त पर इस पर 1 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन सौंपा गया था। पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वैधानिक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज दिनांक 04 अप्रैल 2025 तक उचित कार्यवाही नहीं की गई है मसीही समाज अपील करता है कि ऐसे कृत्यों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाये। जन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



डेविड फ्रांसिस, प्रदेश अध्यक्ष विनोद चेम्बर्स, जिलाध्यक्ष शान कुमार, डेविस समाधानम, प्रभाकर चक्रे, पास्टर, अभिषेक सेमूअल, पास्टर स्टेनली, शिव कुमार, पास्टर अशर बाहव, एड. क्रिस्टोफर एंथोनी, महिला जिलाध्यक्ष सुधा सेमूअल, एड. रूचिका जेम्स, श्वेता सेमूअल, जयसंता मसीह, अतुल जोसफ, डेनिस, रावर्ट फ्रांसिस, संजय एंथोनी, फिलीप जर्ज, जॉन डेविड, ईबोन ब्राउन, सेविओं जॉन, माइकल, रोहन, इमरत लाल और अधिक संख्या में मसीही जन उपस्थित रहे।

# इलाज के नाम पर धर्मांतरण के लिए कर रहा था नाबालिग लड़की का ब्रेन वॉश

## मुस्लिम बीएचएमएस डॉक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** होम्योपैथी मुस्लिम डॉक्टर इलाज की आड़ में एक नाबालिग लडकी पर धर्मांतरण का दवाब बना रहा था। होम्योपैथी डॉक्टर नाबालिग लडकी को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए तरह-तरह का प्रलोभन दे रहा था। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी डॉक्टर को जेल भेज दिया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलवारा घाट थानान्तर्गत क्रेशर बस्ती में बीएचएमएस डॉक्टर खालिद खान होम्योपैथी की क्लीनिक चलाता था।



जिसके पास से क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग बच्ची उपचार करने आती थी।

इस दौरान डॉक्टर बच्ची पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मनोवैज्ञानिक तरीके से दबाव बनाने लगा। इसके अलावा इस्लाम धर्म अपनाने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन भी नाबालिग लडकी को दे रहा था। डॉक्टर ने उपचार की आड में लड़की से उसका फोन नम्बर भी प्राप्त कर लिया था। फोन के माध्यम से डॉक्टर नाबालिग लडकी को फोन के माध्यम से धार्मिक तौर पर बहलाने -फुसलाने लगा। उसका ब्रेन वॉश कर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने लगा।

इस बात की जानकारी लड़की के परिजनों को लगी तो उन्होने घटना के संबंध में पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेष किया था। न्यायालय के आदेश पर आरोपी डॉक्टर को जेल भेज दिया गया है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना लार्डगंज में आज 4-4-25 की शाम श्रीमति सुनीता जैन उम्र 50 वर्ष निवासी शताब्दीपुरम ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह ग्राम करहैया थाना बेलखेडा में आगनवाड़ी कार्यकर्ता है। दिनॉक 29-3-25 को परिवार सहित अपने गॉव करहैया बेलखेडा चली गयी थी। 3-4-25 को सुबह 10 बजे शताब्दीपुरम वाले घर पहुंची तो देखी कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था, अंदर अलमारी खुली थी लॉकर टूटा था जिसमें रखे सोने के 2 जोड बाले, 1 लाकेट, चेन, नगद लगभग डेढ हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर जेवर एवं नगदी रूपये चुरा ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## आरोपियों को चिन्हित कर पुलिस तलाश में जुटी

# ईसाई धर्म गुरुओं से मारपीट करने वालों पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना परिसर में ईसाई समुदाय के धर्मगुरु के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वायरल वीडियों के आधार पर तीनों आरोपियों को चिन्हित कर लिया है। पुलिस तीनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। ईसाई धर्मगुरु के साथ मारपीट कर घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। इस घटना का विरोध लोकसभा तथा केरल विधानसभा तक पहुंचाने के बाद पुलिस एक्शन में आई है।

गौरतलब है कि 31 मार्च को हिन्दूवादी धार्मिक संगठनों के लोगों ने दो बस को रोकने के बाद सवारी सहित रांझी थाना लेकर पहुंचे थे। बस में मंडला से आये लोग सवार थे। हिन्दूवादी संगठन के लोगों का



आरोप था कि मंडला से आदिवासियों का धर्मांतरण करवाने के लिए जबलपुर लाया गया था। इस दौरान हिन्दूवादी संगठन के लोगों ने थाने में जमकर हंगामा मचाया था।

इस दौरान थाने परिसर में पहुंचे ईसाई देर रात सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था,जिसमें हिन्दूवादी संगठन के लोग थाने पहुंचे ईसाई समाज के धर्मगुरुओं के साथ मारपीट कर रहे थे। इस घटना के विरोध में ईसाई समुदाय के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच विरोध प्रदर्शन किया था। इसके अलावा उन्होंने ज्ञापन सौंपकर बताया कि दो ईसाई धर्मगुरु के साथ मारपीट करने तथा घटना की वीडियो बनाकर उसे वायरल करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करी गई थी। लोकसभा व केरल विधानसभा में भी घटना का विरोध होने के बाद पुलिस ने गुरुवार को घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज की थी।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि वीडियो देखने के बाद ईसाई धर्मगुरु के साथ मारपीट करने वाले तीन व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश जारी है।

# भोज विश्वविद्यालय में हुई नियुक्तियां है मनमानी पूर्ण व दूषित

## हाईकोर्ट ने निरस्त करते हुए दिये नये सिरे से भर्ती के आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमपी भोज मुक्त विष्व विद्यालय में हुए नियुक्तियों को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेष कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मनमानी पूर्ण तथा दूषित है। युगलपीठ ने चयनित अभ्यार्थियों के पक्ष में जारी एकलपीठ के आदेश को निरस्त कर दिया है। युगलपीठ ने नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने के आदेश जारी किये है।

मध्य प्रदेश शासन तथा म प्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल की तरफ से दायर की गयी अपील में कहा गया था कि साल 2015 में प्रोफेसर,असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य पदों के लिए नियुक्तियां निकाली गई थी। चयन प्रक्रिया के दौरान चयन समिति में संबंधित विषय के विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया था। कुछ विषयों के चयन के लिए, अन्य विषय विशेषज्ञों को बुलाया गया था, जो अवैध था। चयन समिति ने यूजीसी द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं किया है। समिति ने प्रत्येक आवेदक के शैक्षणिक अभिलेखों की बारीकी से जांच और छानबीन नहीं करी थी। समिति द्वारा अंकों के कुछ कॉलम बिना किसी स्पष्टीकरण के रिक्त छोड दिये गये थे। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सर्वोच्च अंक देकर अन्य योग्य अभ्यर्थियों जिनका शैक्षणिक रिकार्ड बेहतर है को नजरअंदाज कर पक्षपात किया गया था। अपील में कहा गया था कि विज्ञापनों में महिलाओं एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कोई आरक्षण नहीं है। आरक्षण रोस्टर भी उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार तैयार नहीं किया गया था। अनियमित के कारण चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था। जिसके खिलाफ चयनित अभ्यर्थियों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने उनके पक्ष में राहतकारी आदेश जारी किये थे। जिसके खिलाफ उक्त अपील दायर की गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि चयन प्रक्रिया अत्यधिक प्रदूषित थी। ऐसी स्थिति में चयनित लोगों को नियुक्ति प्रदान करने से इनकार किया जाना कोई गलत नहीं होगा। युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को निरस्त करते हुए नियुक्ति के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी करने के आदेश जारी किये है।

## राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त प्राचार्य को आउट आफ टर्न प्रमोशन पर निर्णय लें

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त प्राचार्य को आउट आफ टर्न प्रमोशन देने के मामले में निर्णय लेने के निर्देश दिये है। एकलपीठ ने मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त को निर्देशित किया है वह इस इस संबंध में निगमायुक्त की अनुशंसा के आधार पर दो माह में निर्णय लें।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डॉ. राकेश तिवारी की ओर से अधिवक्ता मनीष तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वर्तमान में याचिकाकर्ता नगर निगम स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. तिवारी ने जिलहरी घाट में दो बच्चों को डूबने से बचाया था। इसके लिए उन्हें 2019 में राष्ट्रपति पदक पदक मिला था। नियम के अनुसार गेलेंट्री अवार्ड प्राप्त कर्मचारी आउट आफ टर्न प्रमोशन पाने की पात्रता रखता है। नगर निगम आयुक्त जबलपुर ने 17 जनवरी 2020 और 11 जनवरी 2023 को नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजकर डॉ. तिवारी को आउट आफ टर्न प्रमोशन देने की अनुशंसा की। यह भी बताया गया कि वर्ष 2020 में जिन लोगों को गेलेंट्री अवार्ड मिला, उन्हें उक्त लाभ दिया जा चुका है। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

## चेक बाउंस का परिवाद निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने चेक बाउंस का परिवाद पोषणीय न पाते हुए निरस्त कर दिया। अनावेदक जबलपुर निवासी जय कुमार जयसिंघानी की ओर से दलील दी गई कि रागा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी ने दो लाख 24 हजार का चेक बाउंस होने का आरोप लगाया है। वस्तुस्थिति यह है कि अनावेदक को इस संबंध में कोई डिमांड नोटिस नहीं दिया गया। इस वजह से परिवाद का कारण उत्पन्न नहीं हो सका है। साथ ही अनावेदक संबंधित कोआपरेटिव सोसाइटी का सदस्य भी नहीं है। परिवादी की ओर से इस संबंध में दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके हैं। सोसाइटी के रजिस्ट्रेशन में भी क्लाज है कि सिर्फ सदस्यों को ही लोन दिया जा सकता है। इसलिए भी अनावेदक पर लोन अदायगी के संबंध में जारी चेक बाउंस होने का आरोप साबित नहीं होता।

## जज के खिलाफ जांच के आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने मुआवजे के एक प्रकरण में त्रुटिपूर्ण आदेश देने वाले देवसर जिला सिंगरौली के चतुर्थ जिला जज दिनेश कुमार शर्मा के कार्य की जांच करने के निर्देश जिला जज (निरीक्षण) को दिये हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जिला जज दिनेश शर्मा जहां भी पदस्थ रहे हैं, वहां की उनकी फाइलों की जांच कर, तीन माह में रिपोर्ट पेश करे। सिंगरौली निवासी मंगल शरण की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा ने पक्ष रखा। जिन्होंने दलील दी याचिकाकर्ता ने देवसर की अदालत में भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजे के लिए आवेदन पेश किया था। जिला जज दिनेश शर्मा ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि इस मामले में कलेक्टर ने रेफरेंस नहीं भेजा




है। नियम के अनुसार दावेदार को पहले कलेक्टर को आवेदन देना होता है। कलेक्टर तीस दिन के भीतर आवेदन पर विचार कर संबंधित अधिकृत अधिकारी को रिफरेंस भेजता है। याचिकाकर्ता ने कलेक्टर को आवेदन दिया था, जब कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय में मामला दायर किया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि यदि जिला जज ने प्रावधानों को ठीक से पढ़ा होता तो वे आवेदन निरस्त नहीं करते। हाईकोर्ट ने जिला जज के फैसले को त्रुटिपूर्ण बताते हुए मामला वापस उनकी कोर्ट में भेजा और 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता के आवेदन पर निर्णय लेने कहा। इसके साथ ही उक्त निर्देश दिये।

## विवादों के समाधान के लिये मध्यस्थता अहमः चीफ जस्टिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने कहा कि विवादों के समाधान के लिये मध्यस्थता की अहम भूमिका है। मध्यस्थता विवाद समाधान निष्पक्ष व न्यायपूर्ण समाज की नींव है। जब विवादों को तेजी से और सौहार्दपूर्ण तरीके से समझाया जाता है तो इससे न केवल विधि का शासन कायम रहता है बल्कि हमारे समुदायों का ताना-बाना भी मजबूत होता है।

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री कैत ने कहा कि मध्यस्थता विवादों को सुलझाने का सिर्फ एक तरीका नहीं है, अपितु यह एक ऐसा मंच है जो व्यक्तियों को आपस में जोड़ता है और उन्हें खुली बातचीत, आपसी सम्मान और सहयोग के माध्यम से अपने विवादों को सुलझाने का अवसर प्रदान करता है। यह प्रक्रिया लोगों को अपने मुद्दों पर नियंत्रण रखने तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए उपयोगी समाधान खोजने में सक्षम बनाती है। मध्यस्थता केंद्रों के उद्घाटन के साथ ही राज्य भर में कुल 102 मध्यस्थता केंद्र प्रभावी रूप से कार्यरत हो रहे है। उल्लेखनीय है कि 5.16 करोड़ की लागत से निर्मित प्रत्येक केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें दो मीटिंग हाल, दो कार्यालय कक्ष, दो मध्यस्थता कक्ष, एक प्रतीक्षा क्षेत्र और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए रैंप शामिल हैं। इन केंद्रों को सुलभ और समावेशी बनाया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि महिलाएं, बच्चे और दिव्यांग व्यक्ति गरिमा और सहजता के साथ इस प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

**यहां के मध्यस्थता केंद्र का हुआ लोकार्पण**-तहसील सिरमौर व त्योंथर जिला रीवा, तहसील-रामपुर बघेलान एवं नागौद जिला सतना, तहसील- लवकुश नगर जिला छतरपुर, तहसील-जतारा एवं निवाडी जिला टीकमगढ तहसील नलखेड़ा जिला आगर-मालवा, तहसील-खिलचीपुर और जीरापुर जिला राजगढ़ तहसील-जावद जिला नीमच में नव-निर्मित कुल 11 मध्यस्थता केंद्रों का वर्चुअल माध्यम से ई-लोकार्पण कर रहे थे। इस दौरान पोर्टफोलियो जज सहित अन्य उपस्थित थे।

**न्यायिक अधिकारीगण रहे शामिल**-ई-लोकार्पण कार्यक्रम में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल, मप्र राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशक कृष्णमूर्ति मिश्रा, रजिस्ट्री के अधिकारी गण, संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष एवं सचिव, तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष, न्यायिक अधिकारी, संबंधित अधिवक्ता परिषद के प्रतिनिधिगण और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

## बीसीआई से एसबीसी को मिली 2.30 करोड़ की राशि

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकित अधिवक्ताओं की भारतीय विधिज्ञ परीक्षा ग्यारहवीं से अठारहवीं की अंश दान राशि दो करोड़ उन्तीस लाख नब्बे हजार नौ सौ पैंतालीस रुपये एसबीसी को प्रेषित की गई है। उक्त राशि प्राप्त करने के लिये परिषद के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, वाईस चेयरमैन आरके सिंह सैनी एवं मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार शर्मा ने भरसक प्रयास किये, जिसके परिणाम स्वरूप बीसीआई ने उक्त अंश दान राशि एसबीसी के लिये जारी की।

एसबीसी के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि उनके द्वारा उक्त राशि बार कौंसिल ऑफ इंडिया से प्राप्त किये जाने हेतु अनेकों बार आग्रह किया गया था कि परिषद को अंश दान राशि का भुगतान किया जाये, ताकि अधिक से अधिक अधिवक्ता कल्याण हितार्थ कार्य किये जावें। परिषद के सदस्य जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा परिषद की कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला को परिषद के खाते में जमा किये जाने हेतु उक्त राशि का चेक प्रदान किया गया है। इस दौरान चेयरमेन राधेलाल गुप्ता, वाईस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी एवं सदस्य शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे। श्री सैनी ने बताया कि अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु राशि प्राप्त होने से प्रदेश के समस्त अधिवक्तागणों में हर्षो उल्लास है।

## आईएनसी ने कैसे प्रदान की मान्यता,प्रस्तुत करें दस्तावेज

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश में फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग कॉलेज को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवाल ने अपने आदेश में कहा है कि आईएनसी ने जिन्द कॉलेजों को मान्यता दी थी,उसमें से कुछ सीबीआई जांच में अप्रात्र पाये गये थे। युगलपीठ ने आईएनसी को निर्देष दिये गये है कि साल 2018 से 2022 तक प्रदान की गयी मान्यता संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करे। जिससे स्पष्ट अप्रात्र कॉलेजों को कैसे मान्यता प्रदान की गयी और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। याचिका पर अगली सुनवाई 8 अप्रैल को निर्धारित की गयी है। लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूध्द तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे है। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है। तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गये थे। जिसके अपात्र कॉलेजों को निरंतर लाभ पहुँचाया गया था।

हाईकोर्ट ने नियमों में किये गये सभी संशोधनों की ओरिजनल फाइल पेश करने के निर्देष जारी किये थे। इसके अलावा मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित नर्सिंग काउंसिल के द्वारा सभी अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता से जु?ी ओरिजनल फाइल पेश करने के निर्देष जारी किये थे। याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान मान्यता और संबद्धता संबंधित ओरिजनल फाईल प्रस्तुत की गयी थी। युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देशित किया था कि ओरिजनल फाइल का निरीक्षण कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तथ्यात्मक रिपोर्ट पेष करें। याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कुछ छात्रों ने एनरोलमेंट नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए आवेदन दायर किया गया था। युगलपीठ ने ऐसे छात्रों की सूची पेष करने के निर्देष जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से वर्तमान याचिका पर सरकार द्वारा किए गए व्यय की जांच करवाये जाने के संबंध में आवेदन दायर किया गया था। युगलपीठ ने आवेदन को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि न्यायालय ने पूर्व में ही स्पष्ट कर दिया है कि एमपीएनआरसी एक स्वायत्त निकाय है। वह अपने लिए अधिवक्ता नियुक्त करते हुए व्यावसायिक शुल्क का भुगतान करने स्वतंत्र है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मध्य प्रदेश सरकार व्यवसाय आवंटन नियम जारी किए हैं। जिसके नियम 2 यह स्पष्ट है कि एमपीएनआरसी और एमपीएमएसयू के नाम सरकारी विभागों की सूची में शामिल नहीं है। इसलिए उन्हें अपने लिए अधिवक्ता नियुक्त करने की स्वतंत्र हैं। एमपीएनआरसी का गठन एमपी उपचारिका प्रसाविका, सहाय उपचारिका-प्रसाविका तथा स्वास्थ्य परिदर्शक पंजीयन अधिनियम, 1972 के तहत किया गया है। एमपीएमएसयू का गठन मध्य प्रदेश आयुर्वेद विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत किया गया है। दोनों प्रदेश सरकार के कार्य आवंटन नियमों के नियम 2 में उल्लिखित विभाग की सूची में नहीं हैं। युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ आवेदन को खारिज कर दिया।

# रद्दी चौकी से अधारताल तक का फ्लाईओवर कब तक बनेगा

## हाईकोर्ट ने सरकार से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने रद्दी चौकी-अधारताल तक फ्लाईओवर निर्माण के मामले को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि उक्त मार्ग का फ्लाईओवर कब तक बनेगा, युगलपीठ ने तीन सप्ताह में जवाब तलब किया है।

यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी अधिवक्ता मुनीश सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने पक्ष रखा। जिन्होंने न्यायालय को अवगत कराया कि नागरिकों को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के उपभोग करने के लिये, उचित पर्यावरण निर्मित करना सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। नागरिकों को संविधान के अनुच्छेद 19 एवं 21 में प्रदत्त अधिकारों का सुगमतापूर्वक उपभोग करने में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिसका निदान सरकार द्वारा फ्लाईओवर बनाकर किया जा सकता है, जिसे बनाने हेतु हाईकोर्ट द्वारा अनुच्छेद 226 के तहत रिट जारी करते हुए सरकार को बाध्य किया जा सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान एडिशनल एडवोकेट जनरल भरत सिंह ठाकुर द्वारा याचिका पर प्रश्न उठाते विरोध किया गया तथा याचिका कास्ट लगाकर खारिज किये जाने की मांग की गई। वहीं शासन की ओर से कहा गया कि लोक निर्माण मंत्री जबलपुर के है, जिसके समक्ष जनता भी मांग कर सकती है। याचिकाकर्ता की और से बताया गया कि अधारताल रोड पर प्रतिदिन भयानक जाम की स्थिति रहती है, जिसके कारण आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं भी हो रही है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में सरकारी वकील को कहा की तीन सप्ताह के अंदर जवाब दे कि फ्लाईओवर कब तक बनकर तैयार होगा।

# बेवफा चाय दुकान में दस हजार की रिश्वत लेते प्राचार्य गिरफ्तार

## जबलपुर लोकायुक्त की सिवनी में कार्यवाही



**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर लोकायुक्त ने सिवनी में छापा मारते हुए बेवफा चाय दुकान में 10 हजार रिश्वत लेते प्राचार्य को गिरफ्तार किया। लोकायुक्त एसपी ने बताया कि ढीलन सिंह बिसेन प्रधान पाठक, शासकीय माध्यमिक शाला बीजा देवरी, विकासखंड छपारा, सिवनी ने शिकायत में बताया कि वह माध्यमिक शाला बीजा देवरी, विकासखंड छपारा में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ है प्रतिवर्ष शाला प्रबंधन के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा शाला प्रबंधन समिति के खाते में छात्रों की दर्ज संख्या के हिसाब से लगभग 50000 की राशि आती है जन शिक्षा केंद्र बीजा देवरी के अंतर्गत कुल 26 स्कूल आते हैं ।

प्रभारी प्राचार्य जन शिक्षा केंद्र बीजा देवरी मुकेश कुमार नामदेव के द्वारा अपने हितबद्ध व्यक्ति कमल शुक्ला द्वारा शाला अनुदान की राशि के व्यय के संबंध में आरटीआई लगवाई गई है एवं सूचना के अधिकार के आवेदन का निराकरण करने एवं दोबारा आरटीआई न लगवाने के एवज में प्रत्येक प्राथमिक शाला से 1000 तथा प्रत्येक माध्यमिक शाला से 1500 रुपए की राशि सभी स्कूल प्रभारी से एकत्रित कर 30000 की देने की मांग की जा रही है, शिकायत सत्यापन उपरांत बेवफा चाय वाला नाश्ते की दुकान, बस स्टैंड बखारी, तहसील छपारा जिला सिवनी में प्रभारी प्राचार्य जन शिक्षा केंद्र बीजा देवरी मुकेश कुमार नामदेव को रिश्वत राशि 10000 लेते हुए रंगे हाथों पकड़ कर भ्रष्टाचार निवारण कार्यवाही की जा रही है । ट्रेप दल में इंस्पेक्टर श्रीमती रेखा प्रजापति, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके एव् लोकायुक्त का दल था।

## डेरी से भैंसें चोरी करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना विजयनगर में दिनांक 3-4-25 को विनय कुमार यादव उम्र 55 वर्ष निवासी हरदौल मंदिर के पास चेरीताल थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह विनय नाम से मिथलापुरी विजयनर में डेरी चलाता है । उसकी डेरी में 25 भैंसे हैं दिनांक 26-3-25 को रात लगभग 1-30 बजे से 2-50 बजे के बीच कोई अज्ञात चोर उसकी 2 भैंसे कीमती लगभग 90 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जिनको नियमित किया, उनकी योग्यता क्या है?

### निगमायुक्त से हलफनामे में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने नगर निगम जबलपुर की आयुक्त प्रीति यादव से पूछा है कि जिनको नियमित किया गया, उनकी योग्यता क्या है। इस संबंध में उनसे हलफनामा मांगा गया है। एकलपीठ ने मामले में कहा है कि उन्हें बताना होगा कि रोस्टर के किस बिंदु के विरुद्ध नियमितिकरण किया गया। मामले की अगली सुनवाई सात अप्रैल को होगी। अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी स्व. रामलाल कुशवाहा की पत्नी शांति कुशवाहा व दीनबंधु की ओर से दायर किया गया। जिसमें आरोप है कि नगर निगम जबलपुर में भर्राशाही चल रही है। आलम यह है कि पूर्व में याचिका पर राहतकारी आदेश पारित होने के बावजूद उसका पालन नहीं किया गया है। अपेक्षाकृत कनिष्ठों को नियमित कर दिया गया, याचिकाकर्ता इससे वंचित रखे गए। इस तरह वरिष्ठता प्रभावित हुई। मामले में कहा गया कि याचिकाकर्ता शांति कुशवाहा के पति रामलाल कुशवाहा का सेवा में रहते हुए 16 अक्टूबर, 2024 को निधन हो चुका है। वे जीते जी नियमितिकरण का लाभ नहीं पा सके। जिसके बाद उनकी पत्नी न्याय की लड़ाई लड़ रहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के जीवनलाल बनाम प्रवीण कृष्ण न्यायदृष्टांत का हवाला दिया गया। जिसके अनुसार 2016 में गाइडलाइन दे दी गई थी कि यदि अपेक्षाकृत कनिष्ठ को नियमित कर दिया गया है, तो वरिष्ठ को भी करना होगा। मनमाने तर्क देकर उनका हक नहीं मारा जा सकता। इस मामले में नगर निगम आयुक्त ने पहले पढ़े-लिखे न होने यानि अनपढ़ होने की लचर दलील दी, इसके बाद आदेश के अनुपालन की दिशा में कुंभकर्णी निद्रा का रवैया अपना लिया। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त सख्त रुख अपनाते हुए उक्त निर्देश दिये।

## गोसलपुर बस्ती के अन्दर से जा रहे हाइवा, उड़ती धूल से ग्रामवासी परेशान

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर मै बस स्टैंड से लेकर कच्छपुरा खिन्नी तिराहा तक जियामिन प्लांट जाने आने वाले खनिज भारवाहक वाहनों ने इस समय सड़क पर धूल के बड़े बड़े गुब्बार उड़ते हुई दिखाई पड़ रहे है तेज गति से भागते हायवा यह धूल उड़ाते हुई यमदूत बनकर बेलगाम दौड़ते है कुछ ड्राइवर शराब पीकर लहराते हुये यह हायवा चलाते है कई के पास बड़े वाहन चलाने का लाइसेंस भी नहीं है और यह बड़ी गाड़िया चला रहे हैं।

स्कूल जाने वाले बच्चे, राहगीर, रहवासी परेशान होते है एवं अस्थमा एवं दमा मरीज़ दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है !अगर पुलिस द्वारा इन पर समय समय पर कार्यवाही की जाये तो यह तेज गति से बस्ती के अंदर दौड़ते हायवा अपनी सामान्य गति से चल। जियोमीन फैक्ट्री द्वारा समय समय पर हल्का पानी भी सड़क पर डाल दिया जाये तो धूल से कुछ हद तक निजात मिल जाये !ग्रामवासी राजीव तिवारी, सचिन



विश्वकर्मा, मुकेश तिवारी, वीरेंद्र पालीवाल, दीपनारायण कुशवाहा, भोला पटेल, मुन्ना बाबा, वीरेंद्र खरे, अरविन्द ठाकुर, बद्री साहू, बसंत प्रीतवानी, संजय विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, सुरेश तिवारी, दुर्गा पटेल, भागचंद पटेल, प्रेमचंद पटेल, हर्ष तिवारी, मोहन चौधरी,मोहन कांत आदि ने अधिकारियों एवं फैक्ट्री प्रबंधन से ध्यान देने की मांग की है।

## जानलेवा साबित हो रहा गड्ढा, विभाग नहीं सुन रहा लोगों की पुकार

### खिन्नी तिराहा का मामला

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा तहसील मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गोसलपुर कस्बे के पास पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 में स्थित कछपुरा खिन्नी तिराहा में बीच सड़क में लगभग दस बाय दस का लंबा चौड़ा एवं लगभग दो फीट गहरा गड्ढा विगत कई महीने से है, इसके सुधार व पेंचवर्क की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा अनेक बार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से की गई इस संबंध में स्थानीय लोगों ने सीएम हेल्पलाइन भी लगाई परंतु आज दिनांक तक इस गड्ढे का सुधार कार्य नहीं हुआ जिससे प्रतिदिन वाहन चालक इस गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं।

स्थानीय युवा व्यवसायी आदित्य प्रीतवानी ने बताया की इस गड्ढे में पानी भरा रहता है पानी भरा रहने के कारण



राहगीरों को यह गहरा गड्ढा रात के अंधेरे में समझ में नहीं आता जिससे वाहन मे पीछे बैठी महिलाएं बच्चे बच्चियों गिर कर दुर्घटना का शिकार हो चुकी है अनेक लोग लहूलुहान हो चुके हैं वहीं अनेक लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं अनेकों बार इस गड्ढे की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के

अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है स्थानीय जन मोहन कांत श्रीवास्तवा आदित्य प्रीतवानी, राज पटेल अरविन्द सिंह हर्ष तिवारी संतु राजभर ब्रजमोहन पटैल भूपेन्द्र सिंह बसंत प्रीतवानी दीपक पटैल मनीष पटेल गनपत सिंह चौहान सुजीत पटैल ने बताया की मंगलवार को इस आशय की शिकायत का पत्र जिला प्रशासन के मुखिया दीपक सक्सेना को जनसुनवाई में सौंपकर समस्या से अवगत कराया जाएगा।

## सार-समाचार

### पाटन नगर में पूज्य आचार्यश्री की अगवानी आज



**पाटन, देशबन्धु।** संत शिरोमणि राजहंस आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावी शिष्य नवाचार्य समय सागर का आज सुबह पाटन आगमन होने जा रहा है। सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा गाड़ाघाट टोल प्लाजा के पास मुनिसंघ की भव्य अगवानी की जाएगी, वहीं बबेले मैरिज गार्डन में आचार्यश्री का प्रथम पदारोहण दिवस सुबह 8 बजे मनाया जाएगा। जैन समाज पतन द्वारा सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से उपस्थित की अपील की गई है।

### विधायक संतोष वरकडे ने 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

कुंडम, देशबन्धु। ग्राम पंचायत बडखेरा, जमगाव, कस्तरा, रामपुरी कला, टूरका, सरसवा, सातावेली, सरौली, बिलटुकरी में भूमि पूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र वरकडे, जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह,मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद मार्को, शिवांशु जायसवाल, राहुल निगम, जनपद सदस्य मुकेश झारिया, जितेश अग्रवाल एवं प्रमोद कुशराम उपस्थित रहे।



### श्रीमद् भागवत कथा में रुकमणि विवाह का किया वर्णन



**बरेला, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 11 सोमेश्वर महादेव मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास मानस रसिक पंडित सेवाराम शास्त्री ने कथा में कंस वध, वासुदेव और देवकी को जेल से रिहा कर रुक्मणी के साथ भगवान श्री कृष्णा के विवाह की मार्मिक व्याख्या की। कथा प्रतिदिन 3 बजे से 6 तक चल रही है। कल कथा का विराम होगा। 7 तारीख को भंडारा होगा। आयोजन समिति की करुणा शर्मा, ओंकार शर्मा ने सभी धर्म प्रेमियों से कथा में पहुंचकर धर्म लाभ और भंडारे में पहुंचने की अपील की है।

### आचार्य समय सागर दस अप्रैल तक शहपुरा में



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा नगर में सकल जैन समाज के दुवरा जैन चाँदी का रथ लगभग एक क्विंटल का निर्माण कर 10 अप्रैल के पूर्व शहपुरा आने की संभावना है। बताया जाता जैन समाज के आचार्य श्री विधा सागर जी के सानिध्य में निमित जैन समाज द्वारा किया गया है। ध्यान रहे की जैन समाज के आचार्य श्री समय सागर महाराज मुनिसंघ का प्रवास आज तेंदूखेड़ा से रवाना हुए है जो 10 अप्रैल तक शहपुरा आ सकते है। शहपुरा जैन समाज द्वारा स्वागत की तैयारी की जा रही है।

## पनागर के प्रत्ताप वार्ड में मां विंध्यवासिनी के मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम



**पनागर, देशबन्धु।** मंदिर में प्रतिदिन महाआरती की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं ।इसके अलावा, मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है, जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा रामायण का पाठ किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा कन्या भोजन का आयोजन भी किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं को भोजन कराया गया है। इस आयोजन में मंदिर के पुजारी और समिति के सदस्यों ने भाग लिया ।मंदिर में आरती के समय, माता-बहनें और अन्य श्रद्धालु माँ विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेते हैं और उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। यह धार्मिक आयोजन मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया है।

## धान घोटालेबाज पाटन पुलिस की गिरफ्त से दूर

### जिम्मेदारों पर लग रहे आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप, 14 हैं फरार

**पाटन, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के द्वारा पूर्व में 30 करोड़ से भी अधिक के धान घोटाले बाजो पर मामला दर्ज किए गए थे। लगभग 15 दिन होने को है लेकिन सभी आरोपी पाटन पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि थाना प्रभारी के द्वारा सभी फरार आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है। इस मामले में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने स्वत संज्ञान लेकर श्रीमती नुजहत खान के द्वारा पाटन थाने में दिनांक 21 मार्च 2025 को 18 धान घोटालेबाजों की प्रथम सूचना रिपोर्ट विभिन्न धाराओं के तहत 61(2) 338 336(3) 340 (2) 318 (4) 316 (2)




316 (4) बी एन एस एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 3 और 7 के तहत दर्ज की गई थी। क्राइम ब्रांच के द्वारा अभी तक मात्र 4 अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है और उन्हें उपजेल पाटन में बंद किया गया है। बाकी 14 आरोपी पुलिस के संरक्षण में सीमावर्ती जिलों में फरारी काट कर आराम की जिंदगी गुजर बसर कर रहे है। वही इस पूरे मामले में नगर की गली मोहल्ले की दुकानों पर यह चर्चा आम हो चली है कि यदि पुलिस चाह ले तो एक दिन में ही धान मामले के सभी आरोपियों को पकड़ सकती है। परंतु पाटन पुलिस ही सभी आरोपियों को संरक्षण देकर अपना सेवा शुल्क वसूल रही है। तभी शासन की राशि का गमन करने वाले आज तक आजाद घूम रहे हैं।

#### इनका कहना

जब इस संबंध में पुलिस एसडीओपी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी भी धान घोटाले के कुछ आरोपी फरार चल रहे हैं। हम उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लेगे।

**लोकेश डाबर,** पुलिस
एसडीओपी पाटन

## मातारानी की चरण पादुका पूजन के लिए देवी मंदिरों में महिला भक्तों की लगी भीड़

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वर्तमान समय में नवरात्र के अवसर पर गांधीग्राम के प्राचीन देवी मंदिरों में गांधीग्राम की बड़ी मढ़िया मंदिर जिसमें माँ दुर्गा की 9 विविध स्वरूपों की पाषाण प्रतिमाएं वर्षो से प्रतिस्थापित हैं यहाँ पूजन ,दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े हैं ।मातारानी के इस मंदिर के प्रवेश द्वार पर माँ दुर्गा के चरण पादुकाओं को जलाभिषेक व पूजन के लिए रखा गया है। वर्तमान में नवरात्र पर्व को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है ।प्रात:कालीन बेला में गांधीग्राम बड़ी मढ़िया में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु



पहुंच रहे है।

प्राचीन देवी मंदिर में इन पाषाण प्रतिमाओं में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ रही। इस अवसर पर वन्दना मिश्रा, कृष्णा तिवारी, रश्मि मिश्रा,अनुराधा तिवारी,नम्रता तिवारी,सुधा असाटी, मनीषा असाटी, गुड्डी असाटी, तिवारी,नम्रता वर्षा असाटी,सुनीता असाटी, निशी मिश्रा,अंजली असाटी, साधना असाटी, ममता असाटी, कीर्ति सहित अनेक महिलाओं ने महारानी की चरण पादुका पूजन किया।

## ग्राम भोकादेवरी में कबीर पुराण का आयोजन

**कुंडम, देशबनधु।** नवरात्र पावन पर्व पर कबीर पुराण का सात दिवसीय आयोजन रहेगा ग्राम भोकादेवरी खेरमाता मंदिर में गुरु सुरेश प्रकाश साहिब की मृदुवाणी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कबीर साहब की 600 वर्ष पहले की लेखनी आज संसार में फैली हुई है। कबीर साहब के दोहे और महा ग्रंथ को रचकर अमर ज्ञान की गंगा बहा दी है।

कबीर साहब के भजनों में अनमोल रस भरे हुए ज्ञान शब्द पूरा संसार में छाया हुआ है। कबीर साहब ने अपने जीवन का अनुभव और भविष्य की वाणी लिखकर चले गए हैं। ऐसे महान कवि को देश के भक्त जनों ने सभी उन्हें प्रणाम



करते हैं। सुरेश साहब ग्राम धुरा लोटगांव जिला डिंडोरी के रहने वाले हैं और उनका कार्यक्रम हमारे क्षेत्र के आसपास के लोग मन लगाकर श्रद्धा भक्ति भाव से कबीर साहब की अमृतवाणी को सुन रहे हैं। कबीर साहब की जय जयकारा लगा रहे हैं। माता रानी के मंदिर में जवारे रखे हुए है नवरात्रि के पावन पर्व पर मातारानी के जवारे बोए गए हैं। समस्त क्षेत्रवासी माता रानी की भी जय जयकार लग रहे। हजारों की संख्या पर माताएं बहनें भाइयों सहित उपस्थित होकर अमृतवाणी को श्रवण कर रहे हैं।

## निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान

**पाटन, देशबन्धु।** निजी स्कूल संचालक के द्वारा छात्र छात्राओं से मनमानी फीस वसूलना एवं अपनी निजी दुकानों से नई काफी किताब,ड्रेस की खरीदने की डिमांड करना इन सभी समस्याओं को लेकर बिनेकी ग्राम एवं पाटन तहसील के अध्ययनरत छात्रों के पालकों द्वारा जिला कलेक्टर को विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सूखा की लिखित शिकायत की है।

नीरज पटेल,अजय पटेल,रामकृष्ण पटेल, बलदेव सिंह,वीरेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह,मुकेश पटेल,प्रदीप पटेल,धीरज पटेल,राममनोहर पटेल,राहुल पटेल,वकील पटेल,रामनाथ पटेल, प्रदीप पटेल,धीरज पूरी,धर्मेंद्र पूरी,संदीप पटेल आदि अविभावकों द्वारा आरोप लगाया गया कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा




### बुक, ड्रेस खरीदी के लिए निजी दुकानदार से खरीदने किया जा रहा बाध्य, अभिभावकों ने कलेक्टर से की शिकायत

छात्रों को किताबें एवं यूनिफॉर्म के लिए स्कूल की ही निजी दुकान से ऊंचे दाम पर खरीदने बाध्य किया जा रहा है। इनके द्वारा पाठ्य पुस्तकों को प्रतिवर्ष बदल दिया जाता है।

इस कारण से बाजार में इनके स्कूल की पुस्तके आसानी से उपलब्ध नहीं होती है। जिस वजह से सभी अभिभावकों को इनकी बताई हुई दुकान से उक्त पुस्तके एवं यूनिफॉर्म मनमाने दाम पर खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा है। वही प्रति वर्ष इनके द्वारा स्कूल की फीस बढ़ाई जा रही है। अब देखना होगा ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर स्कूल प्रबंधन पर कब तक कार्यवाही होती है।

## सिद्धा घाट कुलोन में फागों का जंगी मुकावला 12 को

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** सिद्धा घाट मां नर्मदा तट पर जंगी फागों का मुक़ाबला 12 अप्रैल शनिवार को रात 8 बजे से आयोजित किया गया है। यह आयोजन स्वामी नृसिंह देवाचार्य नरसिंह मंदिर गीताधाम जवलपुर के मुख्य अतिथि व समाजसेवी परमलाल आहिवासी के सानिध्य में किया गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष सोनू दुवे की अध्यक्षता में सम्पन्न होने जा रहा है। नर्मदा के आँचल में फाग कार्यक्रम का अपना एक विशेष आयोजन है, जिसमें साहित्य सामाजिक चेतना की भावना जागृत की जाएगी और समाज के सभी वर्गों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

कार्यक्रम में कवि दीन भगत जवलपुर, विनोद पाल शैलवाडा, दास गुरू मोआर गोटेगाव, पीती यादव पटी पिपरिया, नगड़ वादक रवि सूर्यवंशी, मृदंग वादक श्री कांत पटेल, नगड़ वादक गोलु रजक, कवि किशन बर्मन मृदंग वादक संतराम मुरकटिया के साथ ही सीताराम बर्मन, धनीराम पाल, अजुन बर्मन, चेतराम बर्मन, विनदु श्रीपाल, सुखलाल, नेताजी मुनालाल बर्मन, जय सिंह सुनाचर सहित अन्य कवि गण उपस्थित रहेंगे।

## गड़रा गांव में हिंसा के बाद पिता-पुत्र व पुत्री का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज के गड़रा गांव में एक घर से एक साथ तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया. टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और तफ्तीश में जुट गई। पुलिस घटना को प्रथम दृष्टया आत्महत्या से जोड़कर देख रही है. तीनों शव पिता, पुत्र और पुत्री के बताए जा रहे हैं. शव कुछ दिन पुराने बताए जा रहे हैं. गड़रा गांव में हिंसा के 20वें दिन तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद एक बार फिर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। कलेक्टर संजय जैन व एसपी दिलीप सोनी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं। वहीं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना व वर्तमान विधायक प्रदीप पटेल भी घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों से मिले हैं। परिजन व ग्रामीणों ने उक्त घटना का जिम्मेदार पुलिस-प्रशासन को ठहराया है।

घटना के संबंध में हासिल जानकारी के अनुसार गड़रा निवासी औसेरी साकेत 50 वर्ष के घर से शुक्रवार को तेज दुर्गंध आ रही थी। कई दिन से स्थानीय लोगों ने उसे देखा भी नहीं था। ऐसे में शंका हुई और सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घर का दरवाजा खोला गया। भीतर जाने पर नजर आया कि औसेरी साकेत 50 वर्ष, उसकी पुत्री मिनाक्षी साकेत 11 वर्ष और पुत्र अमन साकेत 8 वर्ष फांसी के फंदे पर लटक रहे हैं। ऐसे में गांव के लोग आक्रोशित हो गये। लिहाजा घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिसके बाद कलेक्टर संजय जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एएसपी विक्रम सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों शव को फंदे से नीचे उतार कर एम्बुलेंस में रखा गया और पोस्टमार्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल भेज दिया गया। इस बीच परिजन समेत स्थानीय ग्रामीणों ने शव ले जाने का विरोध किया और पुलिस को घटना का जिम्मेदार ठहराया। मौके पर पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना भी मौजूद थे, जिन्होंने उक्त घटना को पुलिस की लापरवाही करार दिया है। दोपहर में वर्तमान विधायक प्रदीप पटेल पहुंचे और परिजनों से मिल कर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया है।

## पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू, सैकड़ों को पकड़ कर शिविरों में भेजा

**इस्लामाबाद, ( आईएएनएस )।** पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिकों के खिलाफ एक बड़ी राष्ट्रव्यापी कार्रवाई शुरू की है। इसके तहत अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों सहित सैकड़ों अवैध विदेशियों को गिरफ्तार किया गया, और फिर उन्हें अफगानिस्तान वापस भेजने के लिए शिविरों में भेज दिया गया। पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की स्वैच्छिक वापसी के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय-सीमा के बाद सैकड़ों अफगान नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और उनके परिवारों के साथ उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि सुरक्षा बलों को जारी निर्देशों से पता चलता है कि यदि कोई भी अफगान नागरिक आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो पूरे परिवार को निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। काबुल में तालिबान सरकार ने इस्लामाबाद से पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया में देरी का अनुरोध किया था, लेकिन इस्लामाबाद इसमें ढील देने के मूड में नहीं है।

**भारी जुर्माना लगेगा!**

# मस्क की कंपनी एक्स पर चलेगा यूरोपीय संघ का चाबुक

**न्यूयार्क।** एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी (ट्विटर) पर यूरोपीय संघ (ई) का चाबुक जल्द चल सकता है। दरअसल मस्क की कंपनी संघ के नए डिजिटल सर्विसेज एक्ट (डीएसए) के उल्लंघन के चलते मुसीबत में फंसती नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोपीय रेगुलेटर्स कंपनी पर भारी जुर्माना लगाने और प्लेटफॉर्म की कई फीचर्स में बदलाव की मांग कर सकते हैं।



न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम डिजिटल सर्विसेज एक्ट के तहत पहली बड़ी सजा होगी। इस एक्ट के तहत सोशल मीडिया कंपनियों से अवैध कंटेंट और भ्रामक सूचनाओं पर नियंत्रण की अपेक्षा की जाती है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि जुर्माने की राशि 1 अरब डॉलर से अधिक हो सकती है, ताकि अन्य तकनीकी कंपनियों को भी सख्त संदेश दिया जा सके।

**दिसंबर 2023 से चल रही है जांच**– एक्स पर यह जांच दिसंबर 2023 में शुरू हुई थी, जिसमें यह देखा जा रहा था कि क्या प्लेटफॉर्म जानबूझकर अवैध कंटेंट को बढ़ावा दे रहा है। विशेषकर अति-दक्षिणपंथी विचारों और कुछ राजनीतिक चेहरों को प्राथमिकता देकर कंपनी ऐसे कंटेंट को बढ़ावा दे रही है। जनवरी 2024 में यूरोपीय आयोग ने प्रारंभिक जांच पूरी कर ली थी और अब जुर्माना लगाने पर विचार चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 फरवरी तक ङ्ग से उनके एल्गोरिदम और रिकमेंडेशन सिस्टम से जुड़े आंतरिक दस्तावेज मांगे गए थे, जिनके जरिए यूजर्स को कंटेंट दिखाया जाता है।

**सेटलमेंट की गुंजाइश अभी बाकी है**– हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर ङ्ग कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने को तैयार हो जाता है, तो यूरोपीय संघ और ङ्ग के बीच सेटलमेंट की संभावना भी बनी हुई है। ङ्ग के खिलाफ एक अलग और व्यापक जांच भी चल रही है, जिसमें आरोप है कि कंपनी ने हेट स्पीच, गलत सूचनाएं और लोकतंत्र विरोधी सामग्री को नियंत्रित करने में ढिलाई बरती है। यदि यह साबित होता है, तो एक्स पर और भी गंभीर कार्रवाई हो सकती है।

**एलन मस्क की प्रतिक्रिया और संभावित टकराव** – एलन मस्क पहले भी ईयू की नीतियों को 'सेंसरशिप' का नाम दे चुके हैं और उन्होंने कानूनी लड़ाई का संकेत भी दिया है। अगर मस्क श्व के निर्देशों को मानने से इनकार करते हैं, तो यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी टकराव की स्थिति में बदल सकता है। वहीं, यूरोपीय आयोग का कहना है कि वह कानून को निष्पक्ष रूप से लागू करता है और किसी एक देश या व्यक्ति के खिलाफ पक्षपात नहीं किया जाता। यह पूरा मामला इसलिए भी अहम है क्योंकि यह डिजिटल सर्विसेज एक्ट की पहली बड़ी परीक्षा है। दुनिया भर की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं कि क्या श्व सोशल मीडिया कंपनियों को वाकई जवाबदेह बना पाएगा।

### कहां हुई चूक?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्स पर हाल के महीनों में गलत सूचनाओं के प्रसार में वृद्धि देखी गई है, खासकर राजनीतिक घटनाओं और सामाजिक मुद्दों से जुड़े मामलों में। यूरोपीय संघ का आरोप है कि एक्स ने इन सूचनाओं को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए, जो डीएसए के नियमों का उल्लंघन है। विशेषज्ञों का कहना है कि मस्क के 'फ्री स्पीच' को बढ़ावा देने वाले दृष्टिकोण ने मॉडरेशन नीतियों को कमजोर किया हो सकता है, जिसके चलते यह स्थिति बनी।

टेक विश्लेषकों का मानना है कि अगर यह जुर्माना लगता है, तो यह न केवल एक्स के लिए बल्कि अन्य सोशल मीडिया कंपनियों के लिए भी एक बड़ा संकेत होगा। एक विशेषज्ञ ने कहा, ईयू इस मामले में सख्ती से पेश आ रहा है ताकि टेक दिग्गजों को नियमों का पालन करने के लिए मजबूर किया जा सके। हालांकि, कुछ लोग इसे अत्यधिक नियंत्रण का कदम मान रहे हैं, जिससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सवाल उठ रहे हैं।

## आज का इतिहास

1479–सिक्खों के तीसरे गुरु गुरु अमरदास का जन्म।
1908–भारतीय राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सांसद और कैबिनेट मंत्री जगजीवन राम का जन्म।
1922–प्रख्यात भारतीय विदुषी महिला और समाज सुधारक पंडिता रमाबाई का निधन
1930–महात्मा गांधी अपने अनुयायियों के साथ नमक कानून तोड़ने के लिए दांड़ी पहुंचे।
1949–भारत स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना।
1964–नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।
1975–सऊदी अरब के राजा फ़ैजल की हत्या।
1979–देश का पहला नौसेना संग्रहालय बंबई (मुम्बई) में खुला।
1991–अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण किया गया।
1992–भारतीय तीरंदाज अतानु दास का जन्म। उन्होंने अपने तीरंदाजी कॅरियर की शुरुआत साल 2008 में की थी।
1993–भारतीय अभिनेत्री दिव्या भारती का निधन।
1999–इराक में वियाग्रा पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा।

## सुडोकू 6873

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## गाजा में और 2,80,000 लोग हुए विस्थापित : संयुक्त राष्ट

**संयुक्त राष्ट्र, ( आईएएनएस )।** गाजा में दो सप्ताह पहले युद्ध बढ़ने के बाद से लगभग 280,000 गाजावासी और विस्थापित हुए। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं के अनुसार, इनमें से कुछ को भीड़भाड़ वाले, शेल्टर में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। द यूएन ऑफिस फॉर द कॉर्डिनेशन अफेयर्स (ओसीएचए) के मुताबिक, इजरायली की तरफ से और अधिक विस्थापन आदेश जारी किए गए हैं, जिससे लोगों को सुरक्षा की तलाश में फिर से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा है। ओसीएचए के मुताबिक, लोग आश्रय गृहों में भी शरण लेने को मजबूर हैं, जहां पहले से ही लोगों की भीड़ है। इस वजह से लोगों में विभिन्न प्रकार के संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी देखने को मिल रही हैं। विभाग के मुताबिक, नाकेबंदी की वजह से समस्याओं का समाधान तलाशने में दिक्कत हो रही है, क्योंकि गाजा में स्वच्छता के लिए मौजूदा समय में कोई पर्याप्त साधान नहीं है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके मानवीय साझेदार परिस्थितियों के अनुसार आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करना जारी रखेंगे। सभी मानवीय सहायता और जरूरी सामानों के प्रवेश पर महीने भर की नाकेबंदी के कारण आबादी बुनियादी ज़रूरतों से वंचित है। गाजा के अंदर खाद्य सहायता तेजी से खत्म हो रही है। हालांकि, कार्यालय ने कहा कि खाद्य सुरक्षा साझेदार अब तक प्रतिदिन 9,00,000 से अधिक होट मील वितरित करने में सक्षम रहे हैं। इससे पहले इजरायली सेना ने फिलीस्तीनी क्षेत्र से रॉकेट हमलों को रोकने का हवाला देते हुए उत्तरी गाजा पट्टी के कई इलाकों में नागरिकों को अपना घर छोड़ देना का आदेश दिया। सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्रै ने बुधवार को निवासियों से तुरंत पश्चिम की ओर गाजा शहर में शरण लेने को कहा। उन्होंने आतंकवादी संगठनों पर नागरिकों के बीच से हमले करने का आरोप लगाया।

## वाशिंगटन : चाकू से हमले में छह लोग जख्मी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** वाशिंगटन में एक व्यक्ति ने लोगों पर चाकू से हमला किया। इस हमले में छह लोग घायल हो गए। कथित तौर पर हमलावर नशे की हालत में था और उसकी मनोदशा ठीक नहीं थी। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध अब हिरासत में है। यह घटना गुरुवार को दोपहर करीब 3ः22 बजे मोंटेलो एवेन्यू और मेग्स प्लेस एनई के पास हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। वाशिंगटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ के अनुसार, संदिग्ध ने पहले सड़क पर चलते समय खुद को चाकू मारा और फिर अपने साथ मौजूद एक महिला परिचित पर हमला किया। इसके बाद उसने दूसरों पर भी चाकू से हमला किया, इनमें दो वो लोग भी शामिल थे जो इस हमले को रोकने की कोशिश में थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने एक्स पर घोषणा की- अलर्ट- हम मोंटेलो एवेन्यू और सिम्स प्लेस एनई के इलाके में चाकू से हमला करने की घटना की जांच कर रहे हैं। अगर आपके पास कोई जानकारी है, तो 202-727-9099 पर कॉल करें या 50411 पर टेक्स्ट करें। स्मिथ ने कहा कि बेवजह हमले के परिणामस्वरूप चार महिलाओं और दो पुरुषों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि इनमें एक दादी और उनकी दो पोतियां शामिल हैं। स्मिथ के अनुसार, पीड़ितों की हालत स्थिर है और उनकी चोटें जानलेवा नहीं हैं। उनकी उम्र का खुलासा नहीं किया गया है। स्मिथ के अनुसार, पुलिस ने संदिग्ध को आस-पास के क्षेत्र में जमीन पर पड़ा पाया। हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू उससे कुछ फीट की दूरी पर बरामद किया गया। संदिग्ध, जिसका नाम जारी नहीं किया गया है, को अस्पताल ले जाया गया और वर्तमान में उसकी सर्जरी की जा रही है।

# दूसरे विश्व युद्ध की तरह, डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से जर्मनी में हड़कंप, अर्थशास्त्रियों की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों पर जवाबी टैरिफ की लगाकर दुनिया भर में सरगर्मी तेज कर दी है। ट्रंप का सबसे बड़ा निशाना दशकों से अमेरिका के साथी रहे यूरोपीय देश ही रहे। अब ट्रंप के इस फैसले के बाद जर्मनी के अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि ट्रंप प्रशासन की तरफ से शुरू किया गया यह टैरिफ वॉर जर्मनी को दूसरे विश्व युद्ध के पहले के दौर की तरफ ले जा सकता है।



गुरुवार को जर्मन अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि ट्रंप द्वारा जर्मन कारों पर लगाया गया 25 फीसदी टैरिफ दूसरे विश्व युद्ध के पहले की समय की व्यापारिक बाधाओं को वापस ला सकता है। यही किसी के हित के लिए भी सही नहीं है। क्योंकि अब जर्मनी भी अमेरिकी कंपनियों पर अपने जवाबी टैरिफ के बारे में विचार कर रहा है। इससे पहले जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने ट्रंप के फैसले का विरोध करते हुए इसे मौलिक रूप से गलत बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने कहा था कि यूरोपीय संघ भी अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाकर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। जर्मन चांसलर ने कहा कि यह उस व्यापार व्यवस्था पर हमला है जिसने पूरी दुनिया में समृद्धि पैदा की है।

दूसरी तरफ जर्मनी के वित्तमंत्री रॉबर्ट हेबेक ने भी गुरुवार को इसी तरह के प्रतिशोध का संकेत दिया था। उन्होंने कहा था कि हमारे पास सभी तरह के विकल्प मौजूद हैं। बड़ी अमेरिकी टेक कंपनियों का यूरोप में अविश्वसनीय प्रभुत्व है और वह यूरोपीय टैक्स से काफी हद तक मुक्त हैं।

### मंदी के दौर की संभावना

जर्मनी के अर्थशास्त्री कॉर्स्टन ब्रेजस्की ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे 1930 का दशक वापस आ गया है। अमेरिका सरकार द्वारा लगाए गए टैरिफ जर्मन अर्थव्यवस्था में मंदी को प्रेरित कर सकते हैं यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है।

# कनाडा में हिंदू मंदिर फिर बना निशाना

***कनाडा में पिछले कुछ समय से हिंदू मंदिरों पर हमले आम हो गए हैं। ओंटारियो में पुलिस ऐसे दो आरोपियों की तलाश कर रही है, जिन्होंने ग्रेटर टोरंटो एरिया में हिंदू श्री कृष्ण वृंदावन मंदिर में तोड़ फोड़ की थी।***

आस पास के हिंदू समुदाय के लोगों ने इस हमले की आलोचना करते हुए इसके विरोध में केस दर्ज करवाया था। गुरुवार को जारी एक बयान में पुलिस की तरफ से कहा गया कि हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। रविवार को लगभग 1 बजे हुड वाली स्वेटशर्ट पहने दो संदिग्ध लोगों को डाउनटाउन एरिया के एक पब से मंदिर की ओर जाते देखा गया।

इसके बाद इन लोगों ने वहां पर पहुंचकर मंदिर की दीवारों पर लगे साइन बोर्ड को फाड़ दिया और मंदिर परिसर को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक उन्होंने मामले की जांच तेजी के साथ शुरू कर दी है। फिलहाल वह दोनों आरोपियों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस के बयान में कहा गया कि उन्हें पकड़ने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए उनकी तस्वीरें जारी कर दी गई है। हिल्स टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला क्षेत्र में बढ़ते हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। अपराधियों ने मंदिर के सामने लगे साइनबोर्ड को बेहद क्रूरता के साथ फाड़ डाला। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए हिंदू कैनेडियन फाउंडेशन ने कहा कि



यह घटना एरिया में बढ़ते चरमपंथ के उदय को दिखाता है। सरकार को इसके विरोध में कदम उठाना चाहिए और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए।

**ट्रंप के लिए जी का जंजाल बना 'टैरिफ दांव**

# भारत समेत इन देशों में बॉयकॉट जवाबी शुल्व मुहिम तेज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विभिन्न देशों के खिलाफ रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) की घोषणा करते हुए एक चार्ट दिखाया था, जिसमें भारत, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों पर लगाई जाने वालीं नई टैक्स दरों का उल्लेख था। इस चार्ट के मुताबिक, भारत पर 26 फीसदी तो चीन पर 34 फीसदी (कुल 54 फीसदी) कर लगाया गया है। यूरोपीय देशों पर भी भारी भरकम टैक्स लगाया गया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि नई दरें तब तक लागू रहेंगी जब तक कि अमेरिका पिछले साल दर्ज किए गए 1.2 ट्रिलियन डॉलर के व्यापार असंतुलन को कम नहीं कर लेता। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम से दुनियाभर में खलबली है। अमेरिकी स्टॉक मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है। गुरुवार को ही अमेरिकी बाजार नैस्डैक करीब 6 प्रतिशत टूट गया और डाउ जोन्स इंडेक्स में 1600 अंकोंकी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका पर मंदी का खतरा मंडराने की भी आशंका जताई जा रही है। कई अर्थशास्त्रियों का कहना है कि नए टैरिफ का बोझ अमेरिकी



कंपनियों पर ही पड़ेगा और अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं पर ही वे बोझ डाले जाएंगे। दूसरी तरफ कई देश जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दे रहे हैं।

## वर्ग पहेली 6873

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र(उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत(उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब(उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा.
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. डरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगोंद्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुनः आना
१२. बंधक, रेहन(उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन करने का काल
१५. इमारत, पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया(उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठव्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

## वर्ग पहेली-6872

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | र | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्वा | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**कवायद** *जम्मू संभाग में आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों पर लगाम लगाने की कवायद तेज*

# सुरक्षाबलों ने चलाया 'तलाश करो और मार डालो' अभियान

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। प्रदेश में, खासकर जम्मू संभाग में एक बार आतंकियों की बढ़ती गतिविधियों और उनके हमलों को नेस्तनाबूद करने की खातिर सुरक्षाबलों ने जो 'तलाश करो और मार डालो' अभियान पूरे प्रदेश में छेड़ा है उसकी गूंज सीमा पार तक सुनाई देने की कवायद तेज की गई है।**

बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है जिनका कहना था कि इंटरनेशनल बार्डर पर गैप को भरने की खातिर सिर्फ जम्मू सीमा पर बीएसएफ की दो अतिरिक्त बटालियनों की तैनाती की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि इस उद्देश्य के लिए कई सुरक्षा एजेंसियां कड़ी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार की गर्मियां बहुत महत्वपूर्ण होने वाली हैं। हालांकि वे कहते थे कि जम्मू क्षेत्र के पहाड़ों में छिपे आतंकियों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चला है कि वे तीन से चार के समूह में हैं और अलग-अलग ठिकानों पर छिपे हुए हैं। ये ठिकाने या तो प्राकृतिक गुफाएं हो सकती हैं या फिर कुछ खाली पड़े ढोक। सेना, अर्धसैनिक बलों, जेकेपी और एसओजी के अतिरिक्त जवानों को पहले ही तैनात किया जा चुका है। सभी संवेदनशील इलाकों में नए शिविर, चौकियां व पिकेट बनाए गए हैं, जहां से आतंकियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी। बताया जा रहा है कि आतंकी अधिकतर पाकिस्तानी हैं और सीमा पार से घुसपैठ कर कठुआ, उधमपुर, किश्तवाड़, डोडा, राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों के पहाड़ी इलाकों में पहुंचने के लिए पहाड़ों पर चढ़ाई करते हैं। उन्हें राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं प्रदान करके जीवित



■ बीएसएफ की दो अतिरिक्त बटालियन की गईं तैनात

रहने के लिए ओवर ग्राउंड वर्कर्स द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है। हाल ही में, जम्मू पुलिस ने आतंकवादियों के समर्थन आधार तंत्र को ध्वस्त करने के लिए लगभग पूरे क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई शुरू की, जिसके दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया और उनमें से दो महिलाओं सहित कुछ पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी स्थानीय समर्थन के बिना जीवित नहीं रह सकते क्योंकि वे भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए ओजीडब्ल्यू पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि एक बार यह सहायता प्रणाली ध्वस्त हो जाने पर आतंकवादी अपंग हो जाएंगे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हाल ही में पाकिस्तानी रेंजर्स की सहायता से आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ के प्रयासों को विफल करने के लिए क्षेत्र के जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दो अतिरिक्त बटालियनों को तैनात किया था क्योंकि पहले ऐसी खबरें थीं कि आतंकवादी कठुआ और उधमपुर और फिर किश्तवाड़ और डोडा जिलों में घुसपैठ के लिए इस मार्ग का उपयोग कर रहे थे।

यही नहीं सीमा और एलओसी पर घुसपैठ करने वाले आतंकियों से निपटने की भी पूरी तैयारी कर ली गई है।

# खेल जगत

## कमिंस ने हार के लिए फील्डिंग और बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया

**कोलकाता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 15वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों 80 रनों की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम खुद को ही दोषी मानती है। उनके शब्दों ने एसआरएच की रात को बयां कर दिया- फील्डिंग में लापरवाही, डैथ ओवरों में गेंद से भटकाव और बल्ले से पूरी तरह से मात। सीजन का अपना पहला घरेलू मैच खेल रही केकेआर ईडन गार्डन्स में शानदार प्रदर्शन करने के लिए बेताब थी।शुरुआती झटकों के बावजूद जिसमें क्विंटन डी कॉक (1) और सुनील नारायण (7) सस्ते में आउट हो गए, अजिंक्य रहाणे (27 गेंदों पर 38) और युवा अंगकृष रघुवंशी (32 गेंदों पर 50) के बीच एक संतुलित साझेदारी ने मंच तैयार किया। लेकिन पारी के उत्तरार्ध में केकेआर ने वास्तव में अपनी रणनीति बदली।

# चेन्नई के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ चेन्नई सुपर किंग्स के सामने लगातार दिल्ली कैपिटल्स का विजय रथ रोक लगातार तीसरी हार से बचने की चुनौती है

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की अगुवाई में बाएं हाथ के कलाई के लेग स्पिनर कुलदीप यादव व लेग स्पिनर विराज निगम के साथ कामचलाऊ लेग स्पिनर ट्रस्टन स्टब्ज की स्पिन चौकड़ी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स चेन्नई में शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का उसके घर चेन्नै में उसी की 'स्पिन डोज' से इलाज कर जीत की हैट्रिक जमाने के मकसद से उतरेगी। मुंबई इंडियंस पर अपने घर चेन्नै में अंतिम ओवर में चार विकेट से जीत से आगाज करने के बाद सीएसके के सबसे प्रिय बढ़ाते 'थाला' के नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने के चलते इसकी अपने चेन्नई के मैदान पर 50 रन और फिर गुवाहाटी में बेहद करीबी मैच में राजस्थान रॉयल्स से छह रन से लगातार दूसरी हार से उसके बल्लेबाजी क्रम को लेकर खासे सवाल उठाए जाने लगे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सामने लगातार दिल्ली कैपिटल्स का विजय रथ रोक लगातार तीसरी हार से बचने की चुनौती है। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में से अंतिम मैच में 20 रन से जीत को छोड़ उससे पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम चेन्नई सुपर किंग्स से लगातार चार मैच हार चुकी थी।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के शुरू के दो मैचों में आठ विकेट चटकाए कुल आठ विकेट और मुकेश कुमार और मोहित शर्मा द्वारा गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखाई और अपने स्पिनरों के बुने स्पिन के जाल की बदौलत ही शुरू के दो मैच जीते हैं।पंजाब किंग्स से अपने कमतर नेट रन रेट के कारण उसी की तरह दो मैचों में दो जीत से चार अंक लाने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। केएल राहुल के अपनी 'नन्हीं परी' के जन्म के बाद एसआरएस के खिलाफ दूसरे मैच से टीम से जुड़ने से दिल्ली की बल्लेबाजी को शीर्ष क्रम में जरूरी मजबूती मिल गई है और उसने यह मैच स्टार्क के गेंद से पंजे और फाफ डू प्लेसी के अर्धशतक से सात विकेट से जीता। दिल्ली ने अपने मौजूदा सीजन के पहले बेहद करीबी मैच में लखनऊ सुपर जायंटस अंतिम ओवर में आशुतोष शर्मा के तूफानी अर्धशतक से जीत दर्ज की और दूसरे में अनुभवी फाफ डू प्लेसी के अर्द्धशतक और मिचेल स्टार्क के गेंद के पंजे से उसने एसआरएच को सात विकेट से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरू के तीन मैचों में दो अर्धशतक आशुतोष शर्मा और फाफ डू प्लेसी ने लगाए हैं । दिल्ली के अच्छी बात यह है कि जैक फ्रेजर ,फाफ डू प्लेसी , बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, खुद कप्तान अक्षर पटेल और ट्रस्टन स्टब्ज के रूप में सीएसके के बतौर स्पिनर तुरुप के इक्के सबसे ज्यादा तीन मैचों में मौजूदा संस्करण में नौ विकेट चटकाने वाल बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद, तीन मैचों मे तीन विकेट चटकाने वाले अश्विन और एक विकेट चटकाने वाले रवींद्र जडेजा की स्पिन से पार पाने में सक्षम बल्लेबाज हैं।

### 'हर मैच के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत'



'आपको हर मैच के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है क्योंकि आईपीएल में सभी दसों टीमें में बढ़िया खेलने आई हैं। हमारा फोकस एसआरएच नहीं बल्कि अपने खेल पर था। मैंने एसआरएच के खिलाफ स्टार्क के चार में से दो ओवर फिंकवाए और उन्होंने शुरू के ओवर में तीन विकेट चटका दिए थे। मैं जानता था कि एसआरएच आक्रमण कर रही है तो मैंने शुरू में ही तीसरा ओवर भी दे दिया और यह कारगर रहा।अनुभव अहम होता है और हमारी टीम में दो तीन खिलाड़ी हैं जो कि अलग अलग फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर चुके हैं और वे सभी मैच के दौरान बराबर मुझे सुझाव देते हैं। मैं जो चाहता हूं, करता हूं। हमने खिलाड़ियों को पूरी आजादी दी है।

**-अक्षर पटेल, कप्तान दिल्ली कैपिटल्स**

### 'अच्छी शुरुआत मिल जाए तो हमारी बल्लेबाजी वाकई बढ़िया'



हम अच्छा आगाज नहीं कर पा रहे है। हमें एक बार अच्छी शुरुआत मिल जाए तो फिर हमारी बल्लेबाजी इकाई वाकई बढ़िया है। हमारे लिए अच्छी बात यह है कि हमारे बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं। जड्डू भाई ने भी बढ़िया गेंदबाजी की । आपको अपनी गेंदबाजी में इसी तरह की लय की जरूरत है। आप विकेट चटका कर दबाव बनाते हैं।पिछले मैच में हम ऐसा नहीं हुआ। हम अपनी फील्डिंग चुस्त कर ले तो हम वाकई बढ़िया टीम है।

**-ऋतुराज गायकवाड़, सीएसके, कप्तान**

# 'टीम को आगे ले जाएगा शुभमन गिल : आशीष नेहरा



■ पांड्या की कप्तानी में, गुजरात ने 2022 सीजन में अपने पहले प्रदर्शन में खिताब जीता

■ अगले सीजन में, गुजरात फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से हारने के बाद उपविजेता रहा

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटन्स के हेड कोच आशीष नेहरा ने फ्रेंचाइजी के दीर्घकालिक नेतृत्व की भूमिका के लिए कप्तान शुभमन गिल का समर्थन किया। नंबर 1 रैंक वाला वनडे बल्लेबाज पिछले संस्करण की शुरुआत से पहले पूर्व कप्तान हार्दिक पांड्या के जाने के बाद लगातार दूसरे आईपीएल सीजन में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहा है। पांड्या की कप्तानी में, गुजरात ने 2022 सीजन में अपने पहले प्रदर्शन में खिताब जीता। अगले सीजन में, गुजरात फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से हारने के बाद उपविजेता रहा। ऑलराउंडर के मुंबई इंडियंस में जाने के बाद, कप्तानी गिल को सौंप दी गई।

नेहरा ने कहा कि पिछले एक साल में शुभमन गिल के साथ मेरी जितनी भी बातचीत हुई है, उससे मुझे लगता है कि एक व्यक्ति अपने अनुभवों से ही सबसे बेहतर सीखता है। इसलिए, इस साल, चीजें और बेहतर होती जाएंगी। फिर से, मेरे लिए, यह सिर्फ नतीजों के बारे में नहीं है। मैं शुभमन गिल को एक व्यक्ति, एक कप्तान और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देख रहा हूं जो इस टीम को आगे ले जाएगा। नेहरा ने जियो हॉटस्टार के शो 'आवा दे' पर कहा कि अगर शुभमन जैसा खिलाड़ी, जो तीन से चार साल से एक ही टीम का हिस्सा है, जमीन से जुड़ा रहता है, खेल से सीखता रहता है और आगे बढ़ता रहता है - जो कि उसके स्वभाव में है - तो उसके लिए आसमान ही सीमा है। मेरा यही मानना है। अपने कोचिंग दर्शन के बारे में बात करते हुए, नेहरा ने आईपीएल जैसे तेज गति वाले टूर्नामेंट में स्थिरता की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि मेरे लिए, मैं चीजों को सिर्फ कोच के नजरिए से नहीं देखता। अगर मैं खुद को ऐसे माहौल में एक खिलाड़ी की जगह रखूं - व्यस्त आईपीएल, एक लंबा लेकिन तेज गति वाला टूर्नामेंट - तो खिलाड़ियों को सबसे पहले स्थिरता की जरूरत होती है। मुझे ऐसा ही लगता है। मेरा दृष्टिकोण उन्हें बस रहने देना है; यहां कोई भी उन्हें जज नहीं कर रहा है। सबसे पहले, उन्हें बसने की जरूरत है, खासकर जब वे किसी नई फ्रेंचाइजी में शामिल होते हैं। खेल की प्रकृति ऐसी है कि आप चार से पांच खिलाड़ियों को बनाए रखते हैं, और नीलामी में, आपको एक या दो महत्वपूर्ण खिलाड़ी मिल सकते हैं। इसलिए, हर तीन साल के बाद, टीम का 40-50न्न हिस्सा नया होता है। इसका मतलब है कि आपको टीम को फिर से बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे, ठीक वैसे ही जैसे हम अभी स्थिति में हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि अब कोई बायो-बबल नहीं है। अगर कोई होता, तो यह आसान होता। लेकिन अहमदाबाद में, यह अच्छा है कि लोग ज्यादा बाहर नहीं जाते, इसलिए एक तरह से, यह अभी भी एक बबल जैसा लगता है। चुनौती यह है - आप सिर्फ एक हफ्ते में नए खिलाड़ियों के साथ समय कैसे बिताएंगे और उनके साथ तालमेल कैसे बैठाएंगे?

## सभी प्रारूपों में लंबाई मेरे लिए मुख्य फोकस : कुलदीप

**चेन्नई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ने से पहले, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उनका मुख्य ध्यान अपनी लंबाई को सही रखना है। जहां सीएसके लगातार दो हार के बाद आ रही है, वहीं डीसी टूर्नामेंट में कोई भी मैच हारे बिना आ रही है।



सभी प्रारूपों में, मैं विशेष रूप से लंबाई पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। लंबाई बहुत महत्वपूर्ण है, और यह डीसी के साथ मेरा चौथा वर्ष रहा है, इसलिए कुछ भी नहीं बदलता है।

इतने सारे मैच खेलने के बाद आप परिपक्व हो जाते हैं और समझते हैं कि आपकी ताकत क्या है, और जाहिर है कि गेंद को स्पिन करना मेरी ताकत है। शुक्रवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलदीप ने कहा क इसलिए, मैं लंबाई पर ध्यान केंद्रित करके इसे बहुत सरल रख रहा हूं और हम इस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने अपने सभी साक्षात्कारों में इस बारे में बहुत बात की है। इसलिए, मेरे लिए लंबाई महत्वपूर्ण है। यह मैच बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर के रूप में भी दिलचस्प होगा, क्योंकि सीएसके के पास अफगानिस्तान के नूर अहमद के रूप में एक स्पिनर है, जो अब तक उनके सबसे बेहतरीन स्पिनर रहे हैं।

## आईपीएल 2025 : अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन

कोलकाता, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व इंग्लैंड कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर की 60 रन की धमाकेदार पारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की बड़ी जीत में अहम रही और यह पारी आईपीएल 2025 में उनके लिए एक नया मोड़ ला सकती है। पहले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद यह पारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है। वेंकटेश अय्यर को इस बार की नीलामी में कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपये में फिर से खरीदा था। लेकिन शुरुआती दो मैचों में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 6 और 3 रन हीं बना सके थे। फिर हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 29 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। मॉर्गन ने जियोहॉटस्टार पर बात करते हुए कहा कि हमने कई बार देखा है कि जब खिलाड़ियों पर बड़ी कीमत का दबाव होता है, तो वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। लेकिन वेंकटेश की यह पारी दिखाती है कि शायद अब उनका सीजन सही रास्ते पर आ जाए और कोलकाता की बल्लेबाजी को मजबूती मिले। इसके साथ ही मॉर्गन ने अजिंक्य रहाणे की शांत और सोच-समझकर की गई कप्तानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि रहाणे शानदार थे। मैदान पर फैसले लेते समय भावनाओं को एक तरफ रखना एक अच्छे कप्तान की पहचान होती है, और उन्होंने ऐसा ही किया। जब शुरुआती विकेट मिले, तो उन्होंने सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिससे मैच को अपने पक्ष में कर लिया शुरुआती झटकों के बाद अंग्कृष रघुवंशी और वेंकटेश अय्यर के अर्द्धशतकों की मदद से केकेआर ने 20 ओवर में 200 रन बनाए। फिर गेंदबाजों ने कमाल कर दिया और हैदराबाद की पूरी टीम को सिर्फ 120 रन पर आउट कर दिया। वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट झटके।



■ वेंकटेश अय्यर को कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपए में फिर से खरीदा था

■ आईपीएल 2025 वेंकटेश्वर के लिए एक नया मोड़ ला सकती है : मार्गन

### आक्रामकता का मतलब हर गेंद पर बड़े शॉट लगाना नहीं : अय्यर

**कोलकाता।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर 80 रनों की शानदार जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा कि आक्रामकता का मतलब हर गेंद पर छक्का मारना नहीं बल्कि हर गेंद पर सही इरादा दिखाने से है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में अय्यर ने मात्र 29 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 60 रन की शानदार पारी खेली और पिछले सीजन के फाइनल की तरह ईडन गार्डन्स पर गुरुवार को एक अच्छी शुरुआत के बाद केकेआर को 200 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## सार संक्षेप

### संस्थानिक लीग : इशान के आठ गोल से दिल्ली ऑडिट की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** इशान के आठ गोलों की मदद से दिल्ली ऑडिट ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को 13-1 से रौंदकर डीएसए संस्थानिक लीग में पहली जीत का स्वाद चखा। राजधानी स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में इशान ने दोहरी हैट्रिक सहित आठ गोल जमा कर किसी मैच में सर्वाधिक गोल दागने का सम्मान पाया। उनके अलावा ओबेद ने भी तिकड़ी बनाई और बाकी के दो गोल नितीश और विक्रम ने किए। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल गौरव ने दागा। दिन के पहले मैच में उत्तर रेलवे ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 2-0 से हराया और जीत की हैट्रिक पूरी करके सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना को मजबूत किया है। उत्तर रेलवे की जीत में दोनों गोल पुनीत पाल सिंह ने जमाए। ग्रुप 'ए' से डीडीए और डीटीसी पहले ही दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

### इंग्लैंड के ओली स्टोन घरेलू सत्र की शुरुआत से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन घुटने की चोट के कारण जुलाई तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे। वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मार्च में नॉटिंघमशायर के प्री-सीजन दौरे के दौरान अबू धाबी में स्टोन को दाहिने घुटने में काफी तकलीफ हुई थी। स्कैन से पता चला है कि सर्जरी की जरूरत है, जो इस सप्ताह के अंत में होगी जिसके चलते 31 वर्षीय खिलाड़ी अगले 14 सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। अब वह ईसीबी और नॉटिंघमशायर दोनों की मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करते हुए पुनर्वास शुरू करेंगे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टोन ने पांच टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले हैं और संभवत :20 जून से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज से बाहर हो जाएंगे। स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट विकेट लिए हैं और वह अपने साथी तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ उपचार के दौर पर है।

### सरनोबत ने देहरादून में राष्ट्रीय खेलों में खेल में वापसी की

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपियन पिस्टल शूटर राही सरनोबत, जिन्होंने गंभीर स्वास्थ्य लड़ाई के बाद इस साल देहरादून में राष्ट्रीय खेलों में खेल में वापसी की है, ने न्यूरोपैथिक पेन सिंड्रोम से अपनी हालिया लड़ाई के बारे में बताया और बताया कि अब वह अपने ओलंपिक पदक के सपने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। 34 वर्षीय राही ने राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। राही की स्वास्थ्य समस्याएं 2022 में शुरू हुईं, जब महाराष्ट्र की शूटर विश्व चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय शिविर के लिए सामान पैक कर रही थीं। उन्हें खुद को हॉट फ्लैश और नसों में दर्द का सामना करना पड़ा।

## पुणे में इंडियन बिली जीन किंग कप में भारतीय टीम की प्रायोजक बनेगी 'सुहाना'

**पुणे,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 में भाग लेने वाली भारतीय टीम की प्रायोजक देश के प्रमुख मसाला ब्रांड 'सुहाना' होगी। प्रतियोगिता का आयोजन एमएसएलटीए द्वारा एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में घरेलू मैदान पर किया जाएगा। भारत टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार प्ले-ऑफ चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। यह आयोजन भारत में एक दशक, महाराष्ट्र में 25 साल और पुणे में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सुहाना के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि सुहाना तीन दशकों से अधिक समय से प्रवीण ट्रॉफी के माध्यम से जूनियर भारतीय टेनिस का समर्थन कर रहा है।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने जारी किया शेड्यूल, फाइनल 30 अप्रैल को

**गुरुग्राम (हरियाणा),** 4 अप्रैल (एजेंसियां) 18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू हो रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) ने अपनी आगामी लीग का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जिसकी शुरुआत पुरुष मुकाबलों के साथ की जाएगी। जीआईपीकेएल में दिन का पहला मुकाबला तमिल लॉयन्स और पंजाबी टाइगर्स, दूसरा मुकाबला हरियाणवी शार्क्स और तेलुगु पैंथर्स और तीसरा मुकाबला मराठी वल्चर और भोजपुरी लेपर्ड्स के बीच खेला जाना तय है। वहीं महिला मुकाबलों की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी, जहां दिन की पहली भिड़ंत मराठी फाल्कन्स और तेलुगु चीतास के बीच देखने को मिलेगी, जबकि अन्य मुकाबले पंजाबी टाइग्रेस बनाम भोजपुरी लेपर्ड्स और हरियाणवी ईगल्स बनाम तमिल लायनेस के बीच खेले जाएंगे। दर्शक इन मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 3 पर शाम 6 बजे से ले सकेंगे।

■ दर्शक इन मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 3 पर शाम 6 बजे से ले सकेंगे।




## आदिवासी युवक ने क्रिकेट ड्रीम 11 टीम बना कर जीता तीन करोड़ का जैकपॉट

**मिर्जापुर,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के आदिवासी बहुल अतिपिछड़े गांव पंडरिया निवासी एक आदिवासी युवक ने क्रिकेट ड्रीम 11 फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म पर टीम बना कर तीन करोड़ रुपए के सबसे बड़ी जैकपॉट जीता है। इस जीत की यहां अच्छी खासी चर्चा है। इसे क्रिकेट के प्रति दीवानागी कहे या किस्मत की मेहरबानी उस क्षेत्र का जहां शिक्षा अपेक्षा कृत बहुत कम है वहां का निवासी आदिवासी दयाराम कोल ने ऐसी टीम बनाई की उसके भाग्य के दरवाजे खुल गए। उसे इनकम टैक्स काट दो करोड़ दस लाख रुपए मिल भी ग?ए। जिसे उसने अपनी और अपनी पत्नी के नाम मड़िहान स्थित इंडियन बैंक में 70, 70 लाख रुपए का फिक्स डिपॉजिट करा दिया है। शेष पैसे से मकान बनाने एवं गाड़ी खरीदने का प्लान है। असल में पेशे से मुंशी दयाराम कोल को क्रिकेट के प्रति दीवानागी बहुत दिनों से रही है। शायद ही कोई मैच रहा हो जो वह टीबी पर न देखा हो। मैच देखने के लिए भी उसे बड़े जतन करने पड़ते थे। उसे जैकपॉट ड्रीम 11 खेल खेलने का शौक भी था। वह पांच हजार से 75 हजार पहले भी जीत चुके हैं। इस बार आईपीएल के उत्तर प्रदेश की लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स इलेवन के बीच तीन दिन पहले मंगलवार को हुए मैच में टीम बनाकर तीन करोड़ रुपए जीत लिए।

## आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर पाकिस्तान के लिए आसान प्रतियोगिता नहीं है : सना मीर



■ सना ने अपने खेल के दिनों में पाकिस्तान को तीन क्वालीफायर में मदद की, 2008, 2011 और 2017 में, बाद के दो में अपने देश की कप्तानी की

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर प्रतियोगिताओं में सना मीर से बेहतर प्रदर्शन करने वाली कुछ ही खिलाड़ी हैं और पाकिस्तान की पूर्व कप्तान का मानना है कि अगला चरण अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी हो सकता है। सना ने अपने खेल के दिनों में पाकिस्तान को तीन क्वालीफायर में मदद की, 2008, 2011 और 2017 में, बाद के दो में अपने देश की कप्तानी की। पाकिस्तान इस साल मेजबान है और वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले शोपीस के लिए प्रस्तावित अंतिम दो स्थानों में से एक पर दावा करने की कोशिश कर रहा है, और सना यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि आने वाले हफ्तों में यह कैसे खेलता है। उन्होंने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा कि बहुत उत्साह है, और हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। यह एक कठिन प्रतियोगिता होगी। वेस्टइंडीज ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है, खासकर हेली मैथ्यूज के नेतृत्व में, बांग्लादेश ने पिछले कुछ वर्षों में वनडे में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने भारत को वनडे में हराया है और दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के लिए, मुझे लगता है कि काफी बदलाव हैं। फातिमा सना एक अच्छी कप्तान हैं, उन्होंने उस भूमिका को संभालने के बाद से वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन यह एक आसान प्रतियोगिता नहीं होगी। आयरलैंड ने अच्छा प्रदर्शन किया है, वे पिछले साल इंग्लैंड को हराने में सक्षम थे।

विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025

## हितेश फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने



■ अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय चैंपियन हितेश ने गुरुवार को फोज डू इगुआकू में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के 70 किग्रा मुकाबले में फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5:0 से हराकर असाधारण रणनीति का परिचय दिया और फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। भारतीय मुक्केबाज ने ओलंपियन ट्रोरे के खिलाफ शुरुआत में सतर्क रुख अपनाया, लेकिन हमेशा जवाबी हमले की तलाश में रहे। इस रणनीति ने हितेश को मुकाबले की गति को नियंत्रित करने में मदद की और हालांकि उन्हें तीसरे और अंतिम राउंड में पेनल्टी मिली, लेकिन अंतिम परिणाम पर कभी संदेह नहीं हुआ। अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा।

# [ अर्थ जगत

## रुपया शुरुआती कारोबार में 34 पैसे की बढ़त

**नई दिल्ली।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 34 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.96 पर पहुंच गया। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बाद डॉलर में व्यापक कमजोरी से रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं को राहत मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.07 पर खुला। फिर बढ़त के साथ 84.96 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.30 पर बंद हुआ था।



# बाजार में हाहाकार, निवेशकों को 9.5 लाख करोड़ का नुकसान

## सभी सेक्टर्स में भारी बिकवाली

***नई दिल्ली।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई. मंदी की आशंकाओं के बीच बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 1.22 फीसदी या 930 अंक की जबरदस्त गिरावट के साथ 75,364 पर बंद हुआ है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज 1.49 फीसदी या 345 अंक गिरकर 22,904 पर बंद हुआ। निफ्टी नेक्स्ट-50 2.59 फीसदी या 1635 अंक गिरकर 61,468 पर बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी मिडकैप-100 2.91 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप-100 3.56 फीसदी गिरकर बंद हुआ है।*

### इन कंपनियों के शेयरों में हाहाकार

दरअसल, ट्रंप के टैरिफ लगाने के चलते ट्रेड वॉर की आशंका और बढ़ गई है. इससे निवेशकों का मनोबल कमजोर हुआ है. शेयर बाजार में यह गिरावट इतनी जबरदस्त थी कि आज सभी सेक्टोरल सूचकांक लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे. सबसे ज्यादा गिरावट आईटी, मेटल और फार्मास्यूटिकल के स्टॉक में देखी गई.

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 9.47 लाख करोड़ रुपये घटकर 403.86 लाख करोड़ रुपये रह गया. इस बीच, 2,496 कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई, जबकि 834 में तेजी आई और 116 में कोई बदलाव नहीं हुआ. टाटा स्टील, हिंडाल्को, सिप्ला, ओएनजीसी और टाटा मोटर्स जैसी कई बड़ी



कंपनियों के शेयरों में हाहाकार मचा हुआ है. इनमें 7 परसेंट तक की गिरावट आई है.

### टैरिफ ने लाया ग्लोबल मार्केट में भूकंप

व्यापक बाजारों पर इसका प्रभाव और भी गंभीर रहा क्योंकि निफ्टी मिडकैप 100 में 3 परसेंट से अधिक की गिरावट देखी गई. जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 में इंट्राडे कारोबार के दौरान 3.58 परसेंट तक की गिरावट आई. इसी के साथ पिछले दो सेशन में आई बढ़त का सिलसिला थम गया. इसी के साथ आइए देखते हैं इस गिरावट के पीछे कौन सी बड़ी वजहें हैं-

### ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका

ट्रंप ने 180 से भी ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाकर ग्लोबल मार्केट में तूफान ला दिया है. ट्रंप ने सभी देशों पर 10 परसेंट का बेसलाइन टैरिफ लगाया है. इसके अलावा, अलग से रेसिप्रोकल टैरिफ भी लगाया गया है. अमेरिका ने भारत पर 26 परसेंट का डिस्काउंटेड टैरिफ लगाया है. जबकि चीन, यूरोपीय यूनियन, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, ताइवान और जापान पर भी 20 से 46 परसेंट तक का हाई टैरिफ लगाया गया है।

### मेटल स्टॉक पर बढ़ा दबाव

मेटल शेयरों में भारी बिकवाली के दबाव के चलते हिंडाल्को, नाल्को, वेदांता और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में 5 परसेंट तक की गिरावट आई. यह गिरावट इस वजह से आई कि ट्रंप के टैरिफ लगाने से अब यह तेज गिरावट इस डर से प्रेरित थी कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक टैरिफ घोषणा से इंडस्ट्रियल कमोडिटीज की मांग दुनियाभर में कम हो सकती है. इससे ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर में महंगाई को लेकर व्यापक चिंताएं पैदा हो सकती हैं।

### फार्मा शेयरों को झटका

डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मास्यूटिकल सेक्टर पर भी जल्द टैरिफ लगाने का संकेत दे दिया है. ट्रंप ने बीते दिन कहा, फार्मा पर हम ऐसी टैरिफ लगाने वाले हैं, ऐसा पहले कभी नहीं देखा होगा. उन्होंने फार्मा इंडस्ट्री को एक अलग कैटेगरी में देखे जाने का जिक्र किया, जिसके लिए घोषणा जल्द हो सकती है। ट्रंप के इस बयान का ही असर है कि आज फार्मा इंडेक्स 4.5 परसेंट से अधिक लुढ़क गया. इसके अलावा, ग्लोबल मार्केट्स से कमजोर संकेत, विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी इस गिरावट के पीछे जिम्मेदार हैं।

## वॉल स्ट्रीट में हड़कंप

### 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से लगाए गए दुनियाभर के देशों पर टैरिफ का सीधा असर वॉल स्ट्रीट पर दिखा, जहां गुरुवार को जबरदस्त विकवाली दिखी. ट्रंप के इस फैसले से ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी के संकट का खतरा अब मंडराने लगे हैं. इसका सबसे बुरा असर खुद अमेरिकी शेयर बाजारों पर हुआ. वैश्विक वित्त बाजार में चिंताओं के बीच कोविड-19 के बाद ऐसे पहली बार हुआ जब अमरेकी शेयर बाजार का ये हाल हुआ है. एक तरफ जहां एसएंडपी 500 इंडेक्स करीब 4.8 प्रतिशत गिर गया, जो जून 2020 के बाद एक दिन में इतनी बड़ी गिरावट है। इस गिरावट से बाजार को करीब 2.4 ट्रिलियन डॉलर यानी 200 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है.इसके अलावा, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज और नैस्डक कंपोजिट भी वही गिरावट देखी गई, जो कोरोना महामारी के वक्त 2020 में देखी गई थी. डॉउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 4 प्रतिशत 1679 अंक और नैस्डेक कंपोजिट में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई।

# अब इतने रुपए से ज्यादा नहीं खरीद सकते सोना, बदले नियम

***नई दिल्ली।*** *आयकर विभाग ने हाल ही में सोने की खरीदारी को लेकर एक नया नियम लागू किया है। अब अगर कोई व्यक्ति सोना खरीदने के लिए एक निश्चित सीमा से अधिक का लेन-देन करता है, तो उसे जुर्माना भरना पड़ेगा। यह नियम इसलिए लागू किया गया है ताकि काले धन और बेनामी लेन-देन को रोका जा सके। यह नियम खासतौर पर उन लोगों के लिए हैं जो 2 लाख रुपये से अधिक का भुगतान नकद में करना चाहते हैं।*

**सोने की खरीदारी पर नकद सीमा-** सरकार ने सोने की नकद खरीदारी पर 2 लाख रुपये की सीमा तय की है। इसके अनुसार, अगर आप सोने की खरीदारी के लिए 2 लाख रुपये से अधिक का भुगतान करते हैं, तो इसे वैध नहीं माना जाएगा।

**कितना जुर्माना लगेगा-** आयकर विभाग का नियम साफ है कि यदि आप किसी ज्वैलर से 2 लाख रुपये से ज्यादा का सोना नकद में खरीदते हैं, तो आपको अपना पैन कार्ड या आधार कार्ड देना पड़ेगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता, तो आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है। यह नियम काले धन की रोकथाम और लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बनाया गया है। यह नियम सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं, बल्कि ज्वैलर्स पर भी लागू होता है। अगर कोई दुकानदार बिना आईडी प्रूफ के ग्राहक से 2 लाख रुपये से ज्यादा का नकद भुगतान स्वीकार करता है, तो उस पर भी जुर्माना लगाया जा सकता है।

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

***नई दिल्ली।*** *सोने चांदी के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 89,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 92,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे।*

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के भाव काफी बढ़ने के बाद तेजी से गिर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक इसकी वजह मुनाफावसूली है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 606 रुपये की गिरावट के साथ 89,451 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 90,057 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 715 रुपये की गिरावट के साथ 89,342 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।चांदी के वायदा भाव की शुरुआत



सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 299 रुपये की गिरावट के साथ 94,100 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 94,399 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,788 रुपये की गिरावट के साथ 92,611 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव गिर गए। चांदी की शुरुआत सुस्त ही हुई।

## 40 प्रतिशत तक सस्ता हो सकता है सोना

विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले महीनों में गोल्ड के दाम 40 प्रतिशत तक गिर सकते हैं, जिससे यह फिर से मिडिल क्लास की पहुंच में आ जाएगा। बीते एक साल में ही सोने की कीमतों में 35 से 40 फीसदी का उछाल आ चुका है। अमेरिकी विश्लेषक फर्म मॉर्निंगस्टार का दावा है कि सोने की कीमतें अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे निवेशकों को फायदा हो रहा है लेकिन उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ रहा है लेकिन अगले कुछ महीने में सोने की कीमतों में भारी गिरावट आ सकती है। यह गिरावट 38 प्रतिशत से भी ज्यादा रहने का अनुमान है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 23 |
| एक यूरो | 93. 65 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 110 . 68 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 51. 13 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 92400 चांदी -95950

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-92400 चांदी -95950


## दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338


**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070


भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# ट्रंप ने अपने दोस्तों को भी नहीं बख्शा

## एलन मस्क से लेकर जेफ बेजोस तक के डूब गए अरबों डॉलर

***नई दिल्ली।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 180 से अधिक देशों पर लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ का असर दुनिया के तमाम दौलतमंद लोगों पर भी हुआ है. इनकी संपत्ति में महज एक दिन में 208 अरब डॉलर की गिरावट देखी गई. ब्लूमबर्ग बिलिनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, यह गिरावट 13 साल के इतिहास में चौथी बार एक दिन में हुई इतनी बड़ी गिरावट है. कोविड-19 महामारी के बाद हुई सबसे बड़ी गिरावट है।*

**मार्क जुकरबर्ग-** ब्लूमबर्ग के वेल्थ इंडेक्स की डेटा के मुताबिक, इसमें सबसे ज्यादा नुकसान मेटा प्लेटफॉर्म इंक के मार्क जुकरबर्ग को हुआ. इसके बाद दूसरे नंबर पर अमेजन के जेफ बेजोस हैं. गुरुवार को मेटा के शेयर में 9 परसेंट तक की गिरावट दर्ज की गई. इससे मार्क जुकरबर्ग को 17.9 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ, जो उनकी संपत्ति का 9 परसेंट है।

**अमेजन-** गुरुवार को अमेजन के शेयरों में भी 9 परसेंट की गिरावट आई,





जो अप्रैल 2022 के बाद हुई सबसे बड़ी गिरावट है. इससे उनकी संपत्ति को 15.9 बिलियन डॉलर का नुकसान पहुंचा. कंपनी के शेयर फरवरी के फरवरी के हाई लेवल से 25 परसेंट से अधिक नीचे है।

**एलन मस्क** - अब बात करते हैं ट्रंप के खास एलन मस्क की. टेस्ला के सीईओ को इस साल अब तक 110 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है. इसमें गुरुवार को हुआ 11 बिलियन डॉलर का नुकसान भी शामिल है. डिलीवरी में हुई देरी और सरकारी कर्मचारी की छंटनी से खिलाफ मस्क



से लोगों की नाराजगी उन पर भारी पड़ रही है. कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है।

इस हफ्ते की शुरुआत में चीजें कुछ बेहतर होती दिखाई दे रही थीं. चूंकि टेस्ला की कई कारें अमेरिका में ही बनाई जाती हैं इसलिए टैरिफ का असर कंपनी पर दूसरे देशों की अन्य ऑटो कंपनियों के मुकाबले कम पड़ सकता है. इसके चलते शेयरों में कुछ तेजी भी आई और मस्क ने भी एलान कर दिया कि वह अब टेस्ला पर फोकस करने वाले हैं इसलिए सरकारी कामकाज से पीछे हटना चाहते हैं।

# यूएस ने कर लिया सेल्फ गोल

## ट्रंप प्रशासन के टैरिफ को लेकर बोले रघुराम राजन

***नई दिल्ली।*** *आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने गुरुवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का लगभग 60 देशों पर लगाया गया जवाबी शुल्क का दांव 'उल्टा पड़ेगा'. उन्होंने कहा कि इसका भारत पर इसका प्रभाव 'कम' होगा. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त मूल्य-आधारित शुल्क लगाने की घोषणा की है।*

उन्होंने मीडिया से कहा, ''हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि अल्पावधि में, इसका सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. यह 'सेल्फ गोल' (खुद को नुकसान पहुंचाने) है. अन्य देशों पर पड़ने वाले प्रभावों की बात करें तो भारत के निर्यात पर किसी भी शुल्क का सीधा प्रभाव यह होगा कि अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ेंगी, इससे उनकी मांग कम होगी और फलस्वरूप भारत की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होगी।'' दस प्रतिशत का मूल



शुल्क पांच अप्रैल से और 27 प्रतिशत नौ अप्रैल से प्रभावी होगा। कुछ क्षेत्रों को शुल्क से छूट दी गई है. इनमें औषधि, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा उत्पाद शामिल हैं. जाने-माने अर्थशास्त्री ने कहा, ''वास्तव में, चूंकि अमेरिका ने अन्य देशों पर भी शुल्क लगाया है तथा भारत उन देशों के उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, ऐसे में कुल मिलाकर इसका प्रभाव केवल भारत पर शुल्क लगाने के मुकाबले कम होगा क्योंकि अमेरिकी उपभोक्ता विकल्प के तौर पर गैर-शुल्क उत्पादकों के पास तो जा पाएंगे नहीं।''


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# रोजगार संकट गहराया- 42 लाख भारतीयों की नौकरियां खतरे में

***नई दिल्ली।*** *देश में रोजगार के अवसर घटने की चिंता बढ़ती जा रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2025 में भारतीय श्रम बाजार में गिरावट आई है जिससे करीब 42 लाख लोगों की नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है। इस दौरान कई लोगों ने अपनी नौकरी खो दी है और कई ने रोजगार की तलाश पूरी तरह से बंद कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार फरवरी के मुकाबले मार्च में श्रम बल 45.77 करोड़ से घटकर 45.35 करोड़ हो गया जो नवंबर 2024 के बाद से सबसे कम है। साथ ही रोजगार की संख्या भी फरवरी में 41.91 करोड़ से घटकर मार्च में 41.85 करोड़ रह गई है। यह लगातार तीसरे महीने रोजगार में गिरावट को दर्शाता है।*

**वाइट कॉलर हायरिंग में कमी** - मार्च 2024 की तुलना में इस साल मार्च में वाइट कॉलर हायरिंग (ऑफिस में काम करने वालों की भर्ती) में भी 1.4 प्रतिशत की गिरावट देखी





गई है। इसका मुख्य कारण खुदरा, तेल-गैस और शिक्षा क्षेत्रों में भर्ती की गिरावट है। रिपोर्ट के अनुसार होली और ईद की छुट्टियों के बावजूद वाइट कॉलर रोजगार बाजार में बदलाव आया है लेकिन यह गिरावट पिछले साल की समान अवधि की तुलना में मामूली रही। खुदरा क्षेत्र में 13 प्रतिशत, तेल-गैस में 10 प्रतिशत और शिक्षा क्षेत्र में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा आईटी क्षेत्र में भी हायरिंग में 3 प्रतिशत की कमी आई है।

## बेरोजगारी बढ़ने के बावजूद रोजगार में गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च में बेरोजगारों की संख्या 3.86 करोड़ से घटकर 3.5 करोड़ रह गई। फरवरी के मुकाबले मार्च में करीब 36 लाख लोग सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश नहीं कर रहे थे जो शायद रोजगार के अवसरों की कमी के कारण श्रम बाजार से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि आमतौर पर हर महीने बेरोजगारों की संख्या में करीब 10 लाख की शुद्ध वृद्धि होती है लेकिन इस बार मार्च में बेरोजगारी दर 8.4 प्रतिशत से घटकर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# 25 बच्चे कर रहे बोन मैरो ट्रांसप्लांट का इंतजार

## मेडिकल में 100 बच्चे कर रहे दानदाता का इंतजार

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती 25 से ज्यादा बच्चों को जहां बोन मैरो ट्रांसप्लांट की जरूरत वहीं 100 से अधिक बच्चे इस ट्रांसप्लांट के लिए डोनर (दानदाता) की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में सिकलसेल एनीमिया के 800 और थैलेसीमिया के 450 बच्चों का इलाज चल रहा है। इनमें से 100 से ज्यादा बच्चों को बोनमैरो ट्रांसप्लांट की जरूरत है, लेकिन उनके लिए डोनर नहीं मिल रहे हैं।

अस्पताल में हालहीं में एक बच्चे का बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया। अब इस कड़ी में 25 और बच्चे जुड़ गए हैं जिनका ट्रांसप्लांट की जरूरत है। इन बच्चों में से कुछ के बोन मैरो उनके भाई-बहन से मैच हो रहे हैं, जिससे ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। अस्पताल में सिकलसेल एनीमिया के 800 और थैलेसीमिया के 450 बच्चों का इलाज चल रहा है। इनमें से 100 से ज्यादा बच्चों को बोनमैरो ट्रांसप्लांट की जरूरत है लेकिन उनके लिए डोनर नहीं मिल रहे हैं।

**किया जाता हैं एचएलए परीक्षण-** उनकी सामान्य स्थिति का पता लगाया जाता है बच्चे के रक्त प्रकार, गुणवत्ता और अन्य रक्त संबंधी समस्याओं का पता लगाया जाता है इयूनोलॉजिकल परीक्षण में उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का पता लगाया जाता है एचएलए (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) परीक्षण में बच्चे के एचएलए प्रकार का परीक्षण किया जाता है, जो बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए जरूरी है।

**बच्चे के रक्त का क्रॉस**-मैचिंग परीक्षण किया जाता है, जो बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए उपयुक्त दाता का चयन करने में मदद करता है।




### एप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बच्चों का होता हैं चयन

शिशु रोग विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार 120 सिकलसेल एनीमिया पीड़ित बच्चों के साथ 100 बच्चे थैलेसीमिया पीड़ित हैं। ब्लड कैंसर व हाई रिस्क एप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बच्चों का चयन बोनमेरो ट्रांसप्लांट के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे भी अस्पताल में आ रहे हैं।

### असहनीय दर्द सहने को विवश मासूम

*चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार, सिकलसेल एनीमिया और थैलेसीमिया दोनों ही रक्त संबंधी गंभीर बीमारियां हैं, जिनमें बच्चों को असहनीय दर्द और पीड़ा सहनी पड़ती है।*

*सिकलसेल एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाएं असामान्य आकार की हो जाती हैं, जिससे बच्चों को दर्द, थकान और संक्रमण का खतरा रहता है वहीं, थैलेसीमिया में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और बच्चों को थकान, कमजोरी और हृदय संबंधी समस्याएं होती हैं।*

# जबलपुर में शराब ठेका से आयेंगे लगभग एक हजार करोड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में मदिरा दुकानों के ठेका प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बार करीब 920 करोड़ में देशी-विदेशी शराब दुकानों का ठेका हुआ है। इसे बीते साल से लगभग 17 प्रतिशत अधिक बताया गया है, जिसके बाद आबकारी विभाग के आला अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

अकेले जबलपुर नहीं बल्कि राजधानी भोपाल स्थित विभाग के बड़े अधिकारियों की जबलपुर में चलने वाली ठेका प्रक्रिया पर नजरे जमी थी। जबलपुर में 143 दुकानें हैं, जो नगर और ग्रामीण अंचल में संचालित हैं। गौरतलब है कि जबलपुर में ठेका संबंधी कार्रवाई में लेट लतीफी और दीगर लापरवाही की शिकायतों के कारण पूर्व सहायक आबकारी रविंद्र मॉनिकपुरी को उनके बीच कार्यकाल के दौरान हटा दिया गया था। जिसके बाद पहले दीपक अवस्थी और उसके बाद संजीव दुबे को जबलपुर की कमान सौंपी गई। इसके बाद जबलपुर में मदिरा दुकानों को मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिये ठेका पर देने की नियमानुसार प्रक्रिया शुरू हुई और अब अपने मुकाम पर पहुंची है।

### टेंडर प्रक्रिया पूरी, 143 दुकानों के लिये लगी थी बोली

**निविदा के तहत् नीलामी हुई**-सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग ने देशी और विदेशी मदिरा की दुकानों का ठेका देने के लिये लाटरी या नवीनीकरण का सिस्टम से परहेज किया। इस बार पारदर्शिता ठेका प्रक्रिया के अंतर्गत ग्रुपों को ठेका दिया गया।

### इतने ग्रुपों ने लिया प्रक्रिया में हिस्सा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले की शराब दुकानों की ठेका प्रक्रिया में लगभग 36 ग्रुपों ने भाग लिया। इनमें जबलपुर के अलावा दूसरे शहर के लोग भी शामिल हैं। इसमें पूरा अमला जुटा रहा। इसके लिये मैदानी अमले को भी काम पर लगाया गया था।

# कुएं की सफाई में निकले हैंड ग्रेनेड व कारतूस के खोखे

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थानान्तर्गत आमा नाला क्षेत्र में सफाई के दौरान कुएं के अंदर से बडी संख्या में सेना के उपयोग में आने वाले कारतूस के खोखे बरामद हुए। इसके अलावा हैंड ग्रेनेड का एक खाली खोखा भी बरामद हुआ है। पुलिस से खाली खोखे बरामद कर इस संबंध में सेना के स्थानीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के द्वारा आमा नाला क्षेत्र में स्थित कुंए की सफाई करवाई जा रही थी। कुएं की सफाई के दौरान कुएं के अंदर से सफाई कर्मचारियों को सेना के उपयोग में आने वाले कारतूस के खाली खोखे बडी संख्या में मिले। इसके अलावा एक हैंड ग्रेनेड का खाली खोखा भी मिले था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल में पहुंचकर खाली खोखे को कब्जे में लिया। कुंए में लिए खाली कारतूस का उपयोग सेना द्वारा किया जाता है। कुंए में मिले कारतूस तथा हैंड ग्रेनेड के खाली खोखे पूरी तरह से निष्क्रिय है और बहुत पुराने लग रहे है।

थाना क्षेत्र स्थित एलटीआर में सेना के उपयोग में लाये जाने वाले बम तथा कारतूस की टेस्टिंग होती है। इसके अलावा सेना के उपयोगहीन समान को नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बेच देती है। संभवत टेस्टिंग के दौरान खाली को उठाकर लाने के बाद कुंए में फेंक दिया गया होगा। इसके अलावा कबाड़ में उपयोगी नहीं होने के कारण उक्त सामान को कुंए में फेंक दिया गया होगा। जब्त किये गये कारतूत पूरी तरह से निष्क्रिय थे और जंग लगे हुए थे,पीतल व अन्य उपयोगी पदार्थ नहीं मिले है। इस संबंध में सेना के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। जब्त की गयी सामान सेना की होने के कारण उन्हें सौंप दिया जायेगा। आगे की कार्यवाही सेना के अधिकारियों द्वारा की जायेगी।



### रांझी आमा नाला क्षेत्र का मामला



# स्कूल संचालक की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

## भगवान राम पर की थी विवादित टिप्पणी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जॉय स्कूल संचालक ने भगवान राम के संबंध में विवादित व्हाट्सअप स्टेटस लगाया था। जिसके विरोध में हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए स्कूल में तोडफोड की थी। पुलिस ने स्कूल संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। स्कूल संचालक विगत चार दिनों से फरार चल रहा है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। गौरतलब है कि जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन ने सोमवार को कथित तौर पर अपने व्हाट्सएप अकाउंट का स्टेटस बदला था। जिसमें लिखी गई टिप्पणी को लेकर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता बुधवार को विरोध पर उतर आए थे विजयनगर क्षेत्र स्थित स्कूल परिसर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए पथराव कर दिया था।

इससे खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। वहीं, पोस्टर व बोर्ड में गंदगी फेंककर विरोध जताया था। इस मामले को लेकर विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका नेहा प्यासी ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए विजयनगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने स्कूल संचालक के खिलाफ दर्ज कर लिया था। एफआईआर दर्ज होते ही स्कूल संचालक फरार हो गया था। जिसकी तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। विजय नगर थाना प्रभारी विरेन्द्र पवार ने बताया कि सूचना मिली थी कि फरार आरोपी अखिलेश मेबन शुक्रवार की दोपहर घर व स्कूल आया था। पुलिस ने तत्काल दबिश दी परंतु वह नहीं मिला। उसकी तलाश में अन्य शहरों में भी दबिश जारी है।

# तालाब में डूबने से दो बच्चियों और एक बालक की मौत

**मझौली, देशबन्धु।** पुलिस चौकी मड़वास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया के संमदा फार्म में बने तालाब 54 नंबर में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार झापरी निवासी मोहन प्रजापति की पुत्री दाऊ प्रजापति उम्र 12 वर्ष, राखी प्रजापति उम्र 9 वर्ष और पुत्र छोटू प्रजापति उम्र 6 वर्ष तीनों माता-पिता के साथ महुआ बीनने के लिए गए हुए थे। दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच सम्मदा के 54 नंबर तालाब में नहाने के लिए गए हुए, तभी नहाते वक्त गहरे पानी में डूबने से तीनों बच्चों की मौत हो गई। परिजनों ने बच्चों को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन गांव और मोहल्ले में नहीं मिले। तभी स्थानीय व्यक्तियों ने तालाब में डूबे हुए बच्चों को देखा और मझगवां सरपंच सुजय सिंह व परिजनों के द्वारा पुलिस चौकी मड़वास को सूचना दी गई। सूचना उपरांत पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर मर्ग कायम करते हुए मामला विवेचना में लिया है। रात्रि हो जाने के कारण शवों का पोस्ट मार्टम नहीं हो सका है।



# बहनों का ध्यान रखने में कमजोर हो रही लाड़ली

## संभाग के कई जिलों में नहीं पहुंची लक्ष्मियों की किश्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** लाड़ली बहना पर योजना पर इस कदर ध्यान दिया जा रहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना न सिर्फ कमजोर पड़ रही हैं बल्कि जबलपुर संभाग के कई जिलों में हजारों बेटियों तक किश्त नहीं पहुंच पाई हैं। यह स्थिति केवल जबलपुर संभाग की ही नहीं अपितु समूचे प्रदेश की हैं। शासन द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए कई जिलों में बजट की कमी की वजह से संभाग की करीब 27 हजार से अधिक बालिकाओं को पिछली किश्त नहीं मिली।

**यह था उद्देश्य** लाड़ली लक्ष्मी योजना का उद्देश्य बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर और स्वास्थ्य में सुधार लाना है। यह योजना विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बालिकाओं के लिए शुरू की गई थी, ताकि उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इसके तहत, योग्य बालिकाओं के खाते में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये जमा किए जाते हैं, जो पांच वर्षों तक जारी रहते हैं।

**कई जिलों में नहीं योजना का बजट-** जबलपुर संभाग के कुछ जिलों सहित कई जिलों में इस योजना के तहत पिछले वित्तीय वर्ष की किश्तें अब तक नहीं दी जा सकी हैं। इन जिलों में संभाग के बालाघाट, छिंदवाड़ा, ग्वालियर के साथ झाबुआ जिला प्रमुख हैं। बताया जा रहा है कि इन जिलों में बजट की कमी के कारण पैसे जारी नहीं हो पाए हैं। अधिकारी इस बात की पुष्टि तो कर रहे हैं कि शासन स्तर से जल्द ही राशि जारी करने का आश्वासन दिया गया है लेकिन राशि कब तक आ पाएगी इसका जवाब उनके पास नहीं हैं।

**लाड़लियों को नहीं मिल पा रहा लाभ-** लाड़ली लक्ष्मी योजना के बजट अब तक अलग से होता था और प्रत्येक वर्ष शासन स्तर से यह राशि जिलों को आवंटित की जाती है। आमतौर पर यह बजट 20 से 31 मार्च के बीच जारी किया जाता है लेकिन इस वर्ष अप्रैल के पहले सप्ताह तक कई जिलों में यह राशि जारी नहीं की जा सकी है।

### क्यों दम तोड़ रही योजना

लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरुआत वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज में सकारात्मक सोच बढ़ाना, लिंग अनुपात में सुधार करना, और उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। इस योजना के तहत, प्रत्येक पात्र बालिका के खाते में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये जमा किए जाते हैं। 21 वर्ष की आयु में, इस राशि में ब्याज जुड़कर बालिका को कुल एक लाख 43 हजार रुपये मिलते हैं।

# करंट से दो युवकों की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जंगली जानवरों को मारने के लिए लगाए गए करंट से दो व्यक्तियों कैलाश कोल एवं छोटू कोल निवासी खड्डा की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले की विवेचना करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि 01 नवम्बर 2024 को सूचनाकर्ता मोलेराम कोल ने थाने में सूचना दिया की कल अपने जीजा छोटू कोल निवासी खड्डा के यहा निमंत्रण मे आया था। खाना खाकर जीजा छोटू कोल एवं जीजा के भाई कैलाश कोल के साथ रात्रि में नाला में लगे मोटर पम्प को बंद करने गये थे।

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोटा मंडल में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया साथ ही उक्त खण्ड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन भरतपुर, हिंडौन सिटी व सवाई माधोपुर स्टेशनों की प्रगति का भी निरीक्षण किया।

जीएम ने निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने डीआरएम अनिल कालरा एवं संबंधित अधिकारियों के साथ भरतपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माणाधीन स्टेशन का निर्धारित मॉडल एवं ले-आउट प्लान के अनुसार किए जा रहे कार्य की भी जानकारी ली। भरतपुर स्टेशन पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय एवं टिकट बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण किया। भरतपुर स्टेशन पर ट्रेन संचालन से जुड़े रूट रिले इंटरलाकिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात जीएम ने हिंडौन सिटी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया साथ ही स्टेशन यार्ड के प्वांट्स व क्रासिंग के संरक्षा मानकों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में पौधारोपण किया और इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों से संवाद किया। अंत में जीएम ने सवाई माधोपुर स्टेशन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही निर्धारित मानकों के साथ समय पर गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए।

साथ ही माधोपुर में स्टेशन परिसर एवं लोको पायलट एवं गार्ड रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ को प्रदत सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर डीआरएम अनिल कालरा सहित प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य विधुत इंजीनियर मुकेश एवं मंडल के संबंधित विभागों के शाखा अधिकारीगण मौजूद रहे।



## जबलपुर रेल मंडल में रेल उपयोगकर्ता सलाहकार की बैठक

# सदस्यों ने यात्री सुविधाओं को लेकर दिए सुझाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआर यूसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की।

इस मौके पर डीआरयूसीसी सदस्य आशीष शुक्ला को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से जोनल रेलवे उपयोगकर्ता, परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) का सदस्य निर्वाचित किया।

**इन सदस्यों ने चर्चा**- डीआरयूसीसी के 20 सदस्यों में से कुल 15 सदस्य उपस्थित रहे, इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जबलपुर मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में जबलपुर से शुक्ला, अखिल मिश्र, पियूष शर्मा, जैतवार से शुभम कुमार त्रिपाठी, केशव बंसल, सागर से मोहम्मद इरशाद, पिपरिया से मनीष कुमार साहू, हिनोता रामवन से मनोज कुमार गुप्ता, उचेहरा से सोमचंद्र ताम्रकार आदि शामिल थे।






### ब्लाक के चलते 13 से 24 तक अलग-अलग तारीखों में रद्द रहेंगी आठ ट्रेनें

**बिलासपुर, देशबन्धु।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल अंतर्गत मेरामंडली-हिन्दोल रोड सेक्शन में तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन को मेरामंडली स्टेशन से जोड़ने का काम किया जाएगा. यह काम ब्लॉक लेकर पूरा किया जाएगा। 15 से 24 अप्रैल तक चलने वाले इस ब्लॉक की वजह से आठ ट्रेनें अलग-अलग तिथि में रद्द रहेंगी। काम पूरा होने के बाद ट्रेनों के परिचालन की स्थिति में सुधार होगा. 13 अप्रैल को 12145 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस, 15 अप्रैल को 12146 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस, 15 व 22 अप्रैल को 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस, 16 अप्रैल को 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस, 17 व 24 अप्रैल को 20918 पुरी-इंदौर एक्सप्रेस, 18 अप्रैल को नहीं चलेगी।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 94
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 110
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 114
मुर्गा बड़ा - रु. 98
मुर्गा जम्बो - रु. 98
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL
+91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM
BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING 0761-4069889 4069889
समदड़िया सिनेमा



SIKANDAR
09:30AM 10:30AM
12:15PM 01:30PM
03:00PM 04:00PM
05:30PM 07:00PM
08:15PM 09:15PM
10:15PM 11:00PM



CHHAAVA
10:00AM
01:15PM
07:15PM
10:15PM
THE DIPLOMAT
02:00PM



MINECRAFT
HINDI(3D)
10:30AM
04:30PM
07:00PM
ENGLISH(3D)
12:30PM
L2: EMPURAAN
04:00PM